# स्टेम सेल और पुनर्योजी चिकित्सा आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का भविष्य : प्रो. शरद कुमार यादव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय (एकेयू), पटना के स्कूल ऑफ स्टेम सेल टेक्नोलॉजी एंड रीजनरेटिव मेडिसिन की ओर से 'हयूमनाइजिंग पोर्साइन ऑर्गन्स फॉर ज़ेनो-ट्रांसप्लांटेशन इन द एरा ऑफ स्टेम सेल टेक्नोलॉजी' विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्विवद्यालय के कुलपति प्रो. शरद कुमार यादव ने की। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रो. शरद कुमार यादव ने कहा कि स्टेम सेल और पुनर्योजी चिकित्सा आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का भविष्य हैं। उन्होंने विद्यार्थियों और शोधार्थियों से अंतःविषयक अनुसंधान, नवाचार और वैज्ञानिक सोच को अपनाने का आहवान करते हुए कहा कि इन तकनीकों से चिकित्सा विज्ञान में नए आयाम स्थापित होंगे। व्याख्यान में स्टेम सेल तकनीक, जीन संपादन और पुनर्योजी चिकित्सा के क्षेत्र में हो रहे नवीनतम शोध तथा भविष्य की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के सलाहकार एवं विभागाध्यक्ष डॉ. एच. एन. दिवाकर के स्वागत भाषण से हुई। मुख्य वक्ता बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के अनुसंधान निदेशक प्रो. (डॉ.) नरेश कुमार सिंह ने जेनो-ट्रांसप्लांटेशन की अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आनुवंशिक रूप से संशोधित पोर्साइन (सूअर) अंग भविष्य में मानव अंगों की बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने स्टेम सेल प्रौद्योगिकी, जीन एडिटिंग और रीजनरेटिव मेडिसिन में हो रही वैज्ञानिक प्रगति तथा अंग प्रत्यारोपण के क्षेत्र में इन तकनीकों की उपयोगिता पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में उप-कुलसचिव डॉ. कुमारी अंजना, संकाय सदस्य डॉ. प्रियंका कृति नारायण, डॉ. श्वेता सिन्हा और डॉ. सुशांत कुमार सहित विश्वविद्यालय के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। महावीर कैंसर संस्थान, पटना के विद्यार्थियों ने भी इसमें भाग लिया। व्याख्यान के बाद आयोजित संवादात्मक सत्र में प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों से विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर प्रश्न पूछे। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर डॉ. एच. एन. दिवाकर ने मुख्य वक्ता डॉ. नरेश कुमार सिंह को स्मृति-चिहन देकर सम्मानित किया।

# बकाया वेतन भुगतान को लेकर अराजकीय प्राथमिक शिक्षकों ने मुख्यमंत्री से लगाई गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** बिहार अराजकीय प्राथमिक शिक्षक महासंघ ने शुक्रवार को मीठापुर स्थित विग्रहपुर चौराहा के पास कार्यकारिणी बैठक की। बैठक में महासंघ ने अराजकीय प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों के वर्षों से लंबित वेतन भुगतान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री से शीघ्र हस्तक्षेप की अपील की। महासंघ के अध्यक्ष सुदामा ठाकुर ने कहा कि 54000 विद्यालयों की शेष भाग 390 विद्यालय जिसमें 2020 में 32 विद्यालय झारखंड में चली गई। शेष 358 विद्यालयों की शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी वेतन लंबित है। उन्होंने कहा कि इस गंभीर समस्या को लेकर महासंघ द्वारा पहले भी पूर्व मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा जा चुका है, लेकिन अब तक शिक्षकों की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि राज्य के हजारों शिक्षक लंबे समय से आर्थिक संकट का सामना कर रहे हैं और सरकार से न्याय की उम्मीद लगाए बैठे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से व्यक्तिगत हस्तक्षेप कर सभी लंबित वेतन का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग की। महासंघ के सचिव प्रदीप कुमार ने कहा कि शिक्षक शिक्षा व्यवस्था की आधारशिला है और उन्हें समय पर वेतन मिलना उनका अधिकार है। वर्षों से वेतन नहीं मिलने के कारण प्रभावित शिक्षकों एवं उनके परिवारों को आर्थिक और मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस मामले को संवेदनशीलता के साथ लेते हुए तत्काल निर्णय लेना चाहिए, ताकि सभी लंबित वेतन का भुगतान हो सके और शिक्षक पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सके। महासंघ ने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री इस मानवीय एवं न्यायोचित मांग पर सकारात्मक पहल करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करेंगे। मौके पर संगठन मंत्री सुबोध कुमार सिंह, संगठन महामंत्री सुजय कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष निपु कुमार, उप प्रवक्ता संतोष कुमार सिंह सहित महासंघ से जुड़े सैकड़ों पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सिमरिया सिक्स-लेन पुल के एक्सपेंशन जॉइंट का बदला जा रहा हिस्सा, यातायात जारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने एनएच-31 के औंटा-सिमरिया (गंगा पुल एवं एप्रोच रोड) खंड पर स्थित सिमरिया सिक्स-लेन पुल के पियर पी-12 और पी-13ए के बीच एक्सपेंशन जॉइंट के प्रतिस्थापन का कार्य शुरू कर दिया है। यह कार्य भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे की तकनीकी निरीक्षण रिपोर्ट और अनुशंसाओं के आधार पर किया जा रहा है। एनएचएआई के क्षेत्रीय अधिकारी आर. वेंकटेश्वरलु ने बताया कि आईआईटी बॉम्बे ने पुल का नियमित तकनीकी निरीक्षण किया था। निरीक्षण के बाद विशेषज्ञों ने पियर पी-12 और पी-13ए के बीच स्थित एक्सपेंशन जॉइंट को बदलने की अनुशंसा की थी जिसके आधार पर अनुरक्षण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि एक्सपेंशन जॉइंट पुल का महत्वपूर्ण तकनीकी अवयव है जो तापमान में बदलाव, यातायात के भार और संरचनात्मक गतियों के अनुसार पुल को आवश्यक लचीलापन प्रदान करता है। विशेषज्ञों के नियमित निरीक्षण के आधार पर आवश्यकता पड़ने पर ऐसे अवयवों का अनुरक्षण या प्रतिस्थापन किया जाता है। यह आधुनिक पुलों के निवारक अनुरक्षण का अहम हिस्सा है जिसका उद्देश्य संभावित तकनीकी समस्याओं का समय रहते समाधान कर पुल की दीर्घकालिक सुरक्षा, स्थायित्व तथा सुगम और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित करना है। आर. वेंकटेश्वरलु ने कहा कि वर्तमान कार्य पुल के केवल एक सीमित हिस्से तक सीमित है। मरम्मत के दौरान भी पुल पर वाहनों का आवागमन जारी है और यातायात पर न्यूनतम प्रभाव पड़े, इसके लिए निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अनुरक्षण कार्य पूरा होने के बाद यातायात पूरी तरह सामान्य हो जाएगा। एनएचएआई ने स्पष्ट किया कि सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा और राष्ट्रीय राजमार्ग परिसंपत्तियों की दीर्घकालिक विश्वसनीयता उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से प्रमुख पुलों और अन्य संरचनाओं का नियमित तकनीकी निरीक्षण कराया जाता है तथा विशेषज्ञों की अनुशंसाओं के अनुरूप समयबद्ध अनुरक्षण कार्य किए जाते हैं।

# गांव-गांव रोजगार की नई कहानी, पंचायतों में डेयरी संभालेंगी जीविका दीदियां

## प्रत्येक लाभुक को दी जाएगी 60 हजार रुपये की वित्तीय सहायता, डेयरी में होगा 15 हजार रुपये खुद का अंशदान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जीविका स्वयं सहायता समूह और मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना से जुड़ीं महिलाएं ग्राम पंचायतों में डेयरी का संचालन करेंगी। ऐसी महिलाओं को सात निश्चय योजना-3 के तहत बिहार स्टेट मिल्क को-ऑपरेटिव फ़ेडरेशन लिमिटेड (कॉफेड) एवं जीविका का पूरा सहयोग मिलेगा। योजना के अनुसार राज्य के 38 जिलों से आने वाले सभी 8053 पंचायतों में जीविका-सुधा बिक्री केंद्र की स्थापना की जाएगी। इसके संचालन का पूरा बागडोर जीविका दीदियों के हाथों होगा। राज्य में करीब 13 लाख से भी अधिक जीविका समूह हैं। इन समूहों से एक लाख 81 हजार महिलाएं जुड़ी हैं। राज्य सरकार ने इन महिलाओं को मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना का लाभ दिया है। तत्कालीन सरकार के वादों के अनुसार योजना से जुड़ीं महिलाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कई प्रयास किए जा रहे हैं। इन्हीं प्रयासों के फलस्वरूप नई पहल के तहत ग्राम पंचायतों में जीविका-सुधा बिक्री केंद्र स्थापित करने की तैयारी है। ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारियों का मानना है कि पंचायतों में जीविका के हाथों संचालित इस डेयरी से जहां स्थानीय लोगों को शुद्ध दूध और उसके अलग-अलग उत्पाद मिल सकेंगे वहीं महिलाओं के लिए रोजगार सृजन की नई राह बनेगी।

पंचायतों में खोले जाने वाले जीविका सुधा केंद्र के तहत प्रत्येक लाभुक को 60 हजार रुपये की वित्तीय मदद दी जाएगी और संबंधित महिला खुद के अंशदान के रूप में 15 हजार रुपये डेयरी के संचालन में खर्च करेगी। इस पूंजी का उपयोग डीप फ्रीजर, विसी कूलर, परिवहन सहायता सहित डेयरी उत्पादों की खरीद सहित अन्य आवश्यक पूंजीगत व्ययों के लिए किया जाएगा, जिससे बिक्री केंद्र का सफल संचालन सुनिश्चित हो सके। इस पूरी योजना का लाभ लेने की इच्छुक महिला के लिए जीविका स्वयं सहायता समूह की सदस्य होने के साथ-साथ मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की लाभार्थी होना अनिवार्य है। साथ ही आवेदक महिला से जुड़ी जानकारी लोकोस एप्लीकेशन पर उपलब्ध हो और समूह से प्राप्त ऋण का कोई बकाया ना हो। इसके अलावा संबंधित महिला के पंचायत क्षेत्र में स्वयं की अथवा किराये की दुकान हो। दुकान का क्षेत्रफल न्यूनतम 70 वर्ग फीट होना अनिवार्य होगा। बिजली की समुचित व्यवस्था एवं सड़क संपर्क उपलब्ध होना भी जरूरी है।

> **जीविका दीदियों को हर हाल में रोजगार से जोड़ा जाएगा। उन्हें सशक्त बनाने की कवायद के तहत ही यह नई पहल की जा रही है। इससे प्रत्येक पंचायत स्तर पर सुधा के उत्पादों की पहुंच होगी। सुधा सहकारिता का विकास एवं विस्तार होने से डेयरी उत्पादन से जुड़े किसान भी आर्थिक रूप से समृद्ध हो पाएंगे।**
> **श्रवण कुमार**
> **(मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग और सूचना एवं जनसंपर्क विभाग)**

**रैंडमाइज्ड लॉटरी से होगा चयन**

योजना के अंतर्गत प्रत्येक पंचायत में जीविका स्वयं सहायता समूह से जुड़ीं इच्छुक महिलाएं आवेदन करेंगी। प्राप्त आवेदनों के आधार पर संबंधित जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ (सीएलएफ) की ओर से निर्धारित मानकों के अनुसार पात्र महिला का सत्यापन होगा। इसके बाद सत्यापित पात्र महिलाओं का चयन प्रखंड स्तर पर रैंडमाइज्ड लॉटरी के माध्यम से किया जाएगा।

# सरकार और संगठन के समन्वय से विकास की गति होगी और तेज : संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** भाजपा, बिहार प्रदेश कार्यालय स्थित अटल सभागार में आज प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी की अध्यक्षता में प्रदेश पदाधिकारियों एवं सभी जिला अध्यक्षों की महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी तथा सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय को लेकर विस्तृत चर्चा एवं विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि भाजपा एक कार्यकर्ता आधारित संगठन है, जिसकी सबसे बड़ी शक्ति उसके समर्पित एवं अनुशासित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि आगामी सभी संगठनात्मक कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से संचालित करने की जिम्मेदारी प्रत्येक पदाधिकारी और जिला अध्यक्ष की है। सभी कार्यकर्ता जन-जन तक सरकार की उपलब्धियों, सेवा, सुशासन और विकास के संकल्प को पहुंचाने का कार्य करें। प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि संगठन की निरंतर सक्रियता और कार्यकर्ताओं की ऊर्जा ही भाजपा की सफलता का आधार है। उन्होंने सभी जिला अध्यक्षों से आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि सरकार और संगठन के बीच बेहतर समन्वय के माध्यम से जनता की अपेक्षाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से पूरा किया जा सकता है। बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव, बिहार प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद विनोद तावड़े, पूर्व राज्यसभा सांसद एवं बिहार सह-प्रभारी दीपक प्रकाश तथा संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया ने भी संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन दिया। बैठक में प्रदेश पदाधिकारियों एवं सभी जिला अध्यक्षों ने अपने-अपने क्षेत्रों के संगठनात्मक कार्यों की जानकारी साझा की तथा आगामी अभियानों और कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए।

# 17 वर्षों से सेवा दे रहे तालिमी मरकज और टोला सेवकों का वेतन बंद करना अन्यायपूर्ण : गुलाम सरवर आजाद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ऑल तंजीम-ए-इंसाफ बिहार के उप महासचिव गुलाम सरवर आजाद ने बिहार सरकार द्वारा तालिमी मरकज और टोला सेवकों के पिछले कई महीनों से वेतन भुगतान नहीं किए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि पिछले 17 वर्षों से शिक्षा सेवी के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हजारों तालिमी मरकज और टोला सेवक आज आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। गुलाम सरवर आजाद ने कहा कि तालिमी मरकज और टोला सेवकों ने बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। खासकर समाज के गरीब, वंचित और अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने में इनकी भूमिका सराहनीय रही है। इसके बावजूद इन्हें राज्यकर्मी का दर्ज़ा देने की वर्षों पुरानी मांग पर सरकार गंभीरता से विचार नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि एक तरफ ये शिक्षा सेवक स्थायी सेवा और सम्मानजनक दर्जे की मांग कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ कई महीनों से वेतन बंद कर देना उनके परिवारों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा कर रहा है। हजारों शिक्षा सेवियों के परिवार आज रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए परेशान हैं। ऑल तंजीम-ए-इंसाफ बिहार के उप महासचिव ने सरकार से मांग की कि तत्काल लंबित वेतन का भुगतान किया जाए और तालिमी मरकज एवं टोला सेवकों की सेवा को देखते हुए उन्हें राज्यकर्मी का दर्ज़ा देने की दिशा में ठोस निर्णय लिया जाए।

# बिहार में आ रही औद्योगिक क्रांति, युवाओं के लिए खुल रहे रोजगार के असीम अवसर : मंगल पांडेय

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मंगल पांडेय ने बिहार सरकार की औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज और नई स्टार्टअप नीति की भूरि-भूरि प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की दृढ़ इच्छाशक्ति और पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सुशासन के साझा प्रयासों (डबल इंजन सरकार) का परिणाम है कि आज बिहार उद्योग और नवाचार (स्टार्टअप) के क्षेत्र में एक नया इतिहास रच रहा है। मंगल पांडेय ने कहा कि बिहार में बड़े स्तर पर उद्योग स्थापित करने वाले उद्यमियों के लिए बिहार सरकार द्वारा दिए जा रहे वित्तीय प्रोत्साहन ऐतिहासिक और अभूतपूर्व हैं। आज राज्य में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए सरकार पूंजीगत सब्सिडी, 40 करोड़ रुपये तक का ब्याज अनुदान, स्टांप ड्यूटी एवं पंजीकरण शुल्क की शत-प्रतिशत प्रतिपूर्ति और बिजली शुल्क में विशेष छूट जैसी विश्वस्तरीय सुविधाएं दे रही है। इसके साथ ही स्थानीय युवाओं को रोजगार देने वाली इकाइयों को अतिरिक्त रोजगार सृजन प्रोत्साहन दिया जा रहा है, जिससे राज्य के युवाओं का पलायन थमेगा और वे अपने ही घर में सम्मानजनक आजीविका पा सकेंगे। श्री पांडेय ने कहा कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में सरकार ने बड़े निवेशकों के लिए जो नीतियां बनाई हैं, वे बेमिसाल हैं। 100 करोड़ से अधिक का निवेश और 1,000 प्रत्यक्ष रोजगार सृजित करने वाली मेगा परियोजनाओं को 10 एकड़ तक की भूमि मुफ्त आवंटित करने का निर्णय राज्य के औद्योगिक इतिहास में मील का पत्थर है। इसके अलावा फॉर्च्यून 500 कंपनियों को 25 एकड़ तक की भूमि निःशुल्क देना और अन्य उद्योगों को बियाडा की दरों पर 50 प्रतिषत तक की भारी छूट देना यह साबित करता है कि बिहार अब 'बिजनेस फ्रेंडली' राज्यों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा है।

# उत्साह, उमंग और प्रतिभा के संग संपन्न सीएटीसी-5 शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** बिहार नेवल यूनिट द्वारा एनसीसी ग्रुप मुख्यालय, राजेंद्र नगर, पटना में आयोजित दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह के साथ उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। समापन समारोह का शुभारंभ कैंप कमांडेंट कमांडर सन्नी कुमार गुप्ता, मौसम गुप्ता एवं उप कैंप कमांडेंट कर्नल जेरी मैथ्यू द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। समारोह में उपस्थित अधिकारियों, प्रशिक्षकों, कैडेट्स एवं अभिभावकों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम का आनंद लिया। अपने संबोधन में कमांडर सन्नी कुमार गुप्ता ने कहा कि एनसीसी युवाओं में अनुशासन, नेतृत्व, आत्मविश्वास एवं राष्ट्रसेवा की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने शिविर के दौरान कैडेट्स द्वारा प्रदर्शित समर्पण, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि शिविर में प्राप्त प्रशिक्षण एवं अनुभव जीवनभर कैडेट्स का मार्गदर्शन करेंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम में कैडेट्स ने एक से बढ़कर एक गीत, नृत्य, समूह गान एवं नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया तथा पूरे परिसर को तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान कर दिया।

शिविर के दौरान ड्रिल, बोट पुलिंग, शिप मॉडलिंग, हथियार प्रशिक्षण, नेवल ओरिएंटेशन, नेतृत्व विकास, व्यक्तित्व निर्माण, प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन, योग एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं सहित विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर प्रदान किए गये प्रमाण-पत्र



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्तशासी संस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग टेक्नोलॉजी एवं एप्लाइड न्यूट्रिशन, हाजीपुर द्वारा बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस की विभिन्न बटालियनों एवं प्रशिक्षण केंद्रों में कार्यरत रसोइयों (कुक/परिचारी) के लिए आयोजित पांच दिवसीय 'कौशल विकास प्रशिक्षण एवं अभिमुखीकरण कार्यक्रम' के तृतीय बैच का सफलतापूर्वक समापन किया गया। समापन समारोह में सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। 06 जुलाई से 10 जुलाई 2026 तक आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को खाद्य स्वच्छता, पोषण, सुरक्षित खाद्य प्रबंधन, रसोई प्रबंधन, व्यक्तिगत स्वच्छता, साफ-सफाई तथा आधुनिक पाक-कला तकनीकों का व्यावहारिक एवं गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्रदान करना था। इस पहल का उद्देश्य बीएसएपी की विभिन्न इकाइयों में भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं पोषण संबंधी मानकों को और अधिक सुदृढ़ बनाना है।

# विश्व युवा कौशल दिवस पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में होगा युवा मार्गदर्शन एवं कौशल विकास कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जंदाहा (वैशाली)।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर 15 जुलाई 2026 को कैरियर मिशन कंप्यूटर एकेडमी, जंदाहा के संस्थान परिसर में 'युवा भविष्य निर्माण एवं कौशल मार्गदर्शन कार्यक्रम' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को कौशल आधारित शिक्षा, आधुनिक तकनीकी ज्ञान, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों से अवगत कराते हुए उन्हें आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण संस्थान के मुख्य संचालक एवं शिक्षाविद् डॉ. आनंद रंजन झा होंगे। वे युवाओं को वर्तमान समय में कौशल विकास के महत्व, डिजिटल शिक्षा, रोजगार की संभावनाओं, व्यक्तित्व विकास, उद्यमिता तथा बदलते वैश्विक परिदृश्य में सफलता के सूत्रों पर विस्तृत मार्गदर्शन देंगे। उनके नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में कार्यक्रम का संचालन किया जाएगा। इस अवसर पर संस्थान के छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, शिक्षकों एवं क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। कार्यक्रम में युवाओं को विभिन्न रोजगारपरक एवं कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी भी दी जाएगी जिससे वे अपने करियर की सही दिशा का चयन कर सकें। संस्थान के संचालक डॉ. आनंद रंजन झा ने सभी युवाओं से इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में समय पर उपस्थित होकर विशेषज्ञ मार्गदर्शन का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल डिग्री नहीं, बल्कि कौशल ही सफलता की सबसे बड़ी पहचान है। कौशलयुक्त युवा ही विकसित भारत की सबसे बड़ी शक्ति हैं।

# पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल संसदीय समिति की बैठक

## सांसदों ने जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास हेतु अपने-अपने सुझावों को रखा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हाजीपुर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल की 'मंडल संसदीय समिति' की बैठक का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, डीडीयू के सभागार में किया गया। इस बैठक में पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल क्षेत्राधिकार के सांसदगण ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम द्वारा की गयी। बैठक में सांसदगण द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास हेतु अपने-अपने सुझावों को रखा गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम, चंदौली के सांसद वीरेंद्र सिंह, काराकाट के सांसद राजा राम सिंह, आरा के सांसद सुदामा प्रसाद, सासाराम के सांसद मनोज कुमार, औरंगाबाद के सांसद अभय कुमार सिन्हा तथा राज्य सभा की सांसद साधना सिंह उपस्थित थे। इनके अलावा केंद्रीय मंत्री सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, भारत सरकार सह गया के सांसद जीतन राम मांझी के प्रतिनिधि राजेश कुमार पाण्डेय, बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह के प्रतिनिधि अजीत कुमार तथा राज्य सभा की सांसद दर्शना सिंह के प्रतिनिधि विवेकानंद केसरी उपस्थित थे। बैठक में सांसदगण ने रेल विकास व यात्री सुविधाओं में और वृद्धि एवं उसे सुदृढ़ करने के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये। सांसदगण द्वारा आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर बल दिया गया। साथ ही बैठक में भविष्य की कार्य योजनाओं पर भी चर्चा हुई। बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने सांसदगण एवं सांसद के प्रतिनिधिगण का स्वागत करते हुए कहा कि यह बैठक रेलवे एवं जनप्रतिनिधियों के मध्य संवाद का एक सशक्त माध्यम है और आपके सुझाव हमें सेवा की गुणवत्ता में और सुधार लाने हेतु प्रेरित करते हैं। महाप्रबन्धक ने अपने स्वागत संबोधन में पं.दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा यात्री सुविधा, आधारभूत संरचनाओं के विकास आदि के क्षेत्र में किए गए कार्यों एवं नई परियोजनाओं से सांसदगण को अवगत कराया।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ का भुगतान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स मेसर्स फायरमैक्स टेक्निकल सर्विसेज के अंतर्गत बीमित व्यक्ति स्व. रिंकी देवी जो कंकडबाग, पटना में हाऊसकीपर के पद पर कार्यरत थे उनकी आश्रिता सुपुत्री रिया कुमारी, सुपुत्री- विधा कुमारी, सुपुत्री - नव्या कुमारी, सुपुत्र- कृष कुमार एवं सुपुत्र - टाइगर कुमार को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. रिंकी देवी की मृत्यु 23-07-2024 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा ई0एस0आई0सी0 द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 281 रु. प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह रु.8430/- आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग रु. 1,85,460-/ रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवासस्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को ई0 एस0 आई0 योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है।

CMYK

### 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के तहत जनता दरबार, 65 मामले आए

# अधिकारियों को त्वरित निष्पादन का निर्देश



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज द्वारा शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में 'सबका सम्मान-जीवन आसान' अभियान के अंतर्गत जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें अनुमंडल क्षेत्र के आम नागरिक अपनी समस्याओं को लेकर बड़ी संख्या में पहुंचे। इस दौरान कुल 65 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें 30 मामले भूमि विवाद से संबंधित थे। इसके अतिरिक्त राशन कार्ड से जुड़े 18 मामले और आवास योजना, वृद्धा पेंशन, आय-जाति-आवासीय प्रमाण पत्र तथा अन्य सामुदायिक समस्याओं से संबंधित 17 मामले भी प्रस्तुत किए गए। जनता दरबार में उपस्थित फरियादियों ने भूमि विवाद में मापी, दखल-दहानी और सीमांकन जैसी समस्याएं रखीं, जबकि राशन कार्ड के मामलों में नया कार्ड बनवाने, नाम जोड़ने-हटाने और संशोधन की मांग की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी आवेदनों को ध्यानपूर्वक सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में निपटारा कर प्रतिवेदन समर्पित किया जाए ताकि आम जनता को शीघ्र राहत मिल सके। पदाधिकारी ने कहा कि 'सबका सम्मान-जीवन आसान' का उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का समाधान उनके स्तर पर ही करना है। इसके लिए नियमित रूप से जनता दरबार लगाए जाएंगे और कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जनता दरबार में आए लोगों ने इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे उन्हें अपनी शिकायतें सीधे प्रशासन तक पहुंचाने का अवसर मिला है जिससे शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास और मजबूत होगा।

## भभुआ रेलवे आरक्षण काउंटर पर दलालों का कब्जा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर जिले के भभुआ शहर में रिक्रिएशन क्लब स्थित रेलवे आरक्षण काउंटर पर दलालों की बढ़ती सक्रियता ने आम यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी है। हालत यह है कि लंबी लाइन में घंटों खड़े रहने के बावजूद लोगों को टिकट नहीं मिल पा रहा जबकि कुछ ही देर बाद वही टिकट ज्यादा कीमत पर उपलब्ध होने की शिकायतें सामने आ रही है। इसको लेकर यात्रियों में भारी नाराजगी है और वे व्यवस्था पर सवाल उठा रहे हैं। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यह स्थिति उस समय बनी हुई है जब जिले के पुलिस अधीक्षक शिखर चौधरी लगातार थानों और सार्वजनिक जगहों से दलालों को दूर रखने के निर्देश दे रहे हैं। इसके बावजूद आरक्षण काउंटर पर खुलेआम दलालों की मौजूदगी व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है।

## अत्याधुनिक ऑडिटोरियम के लिए टोपोग्राफिकल सर्वे संपन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** परमानपुर के परमानंद नगर स्थित निर्माणाधीन श्री त्रिदंडी स्वामी डिग्री महाविद्यालय में प्रस्तावित अत्याधुनिक ऑडिटोरियम के निर्माण को लेकर शुक्रवार को महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए टोपोग्राफिकल सर्वे किया गया। निर्माण कार्य से जुड़े सूत्रों के अनुसार इंडियन रेलवे फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा इस परियोजना को आगे बढ़ाने की पहल की गई है और सर्वे का कार्य कंपनी के निदेशक मुकेश नारायण सिन्हा के नेतृत्व में गठित तकनीकी टीम द्वारा संपन्न कराया गया। सर्वे के दौरान निर्माण स्थल की संपूर्ण भौगोलिक एवं स्थलाकृतिक स्थिति का गहन अध्ययन किया गया। टीम ने भूमि के स्तर, विभिन्न बिंदुओं की माप, ढाल, जल निकासी, मिट्टी की स्थिति तथा अन्य आवश्यक तकनीकी पहलुओं का विस्तृत आंकलन कर आंकड़े एकत्रित किए। प्राप्त आंकड़ों के आधार पर अब वैज्ञानिक एवं तकनीकी मानकों के अनुरूप ऑडिटोरियम का विस्तृत इंजीनियरिंग डिजाइन तैयार किया जाएगा। इसके पश्चात परियोजना से संबंधित सभी तकनीकी एवं प्रशासनिक औपचारिकताएं पूरी कर निर्माण कार्य को चरणबद्ध तरीके से आरंभ किया जाएगा। प्रस्तावित अत्याधुनिक ऑडिटोरियम के बनने से महाविद्यालय को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की संगोष्ठियों, सेमिनार, कार्यशालाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों तथा विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों के आयोजन के लिए आधुनिक आधारभूत सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इससे न केवल विद्यार्थियों के शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं व्यक्तित्व विकास को नई दिशा और गति मिलेगी, बल्कि पूरे क्षेत्र में उच्च शिक्षा को भी बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय ग्रामीणों और कॉलेज परिवार के लिए यह परियोजना विशेष महत्व रखती है। कॉलेज के निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले छोटेलाल तिवारी ने कहा कि पूज्य श्री जीयर स्वामी जी की कृपा से गांव में डिग्री कॉलेज का वर्षों पुराना सपना अब साकार होने की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय और आधुनिक ऑडिटोरियम की स्थापना से क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा के लिए अब दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। यह संस्थान आने वाली पीढ़ियों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में एक नया आयाम स्थापित करेगा और सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास में मील का पत्थर साबित होगा।

## रोहतास के नए डीएम दीपक कुमार मिश्रा का एसएएफए ने किया अभिनंदन, जनहितैषी कार्यकाल की दी शुभकामनाएं



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** रोहतास के नवपदस्थापित जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा के पदभार ग्रहण करने पर सोसाइटी अगेंस्ट फूड एडल्टरेशन ने उनका अभिनंदन करते हुए सफल, पारदर्शी एवं जनहितैषी कार्यकाल की शुभकामनाएं दी है। संस्था के अध्यक्ष पंकज कुमार ने जारी संदेश में कहा कि उन्हें विश्वास है कि श्री मिश्रा के कुशल, दूरदर्शी एवं संवेदनशील नेतृत्व में रोहतास में सुशासन, जनकल्याण, खाद्य सुरक्षा, जनस्वास्थ्य तथा समग्र विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रशासन की पारदर्शी कार्यशैली और आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में किए जाने वाले प्रयास जिले के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पंकज कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में खाद्य पदार्थों में मिलावट पर रोक लगाना तथा लोगों को सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिला प्रशासन की सक्रिय पहल से खाद्य जांच अभियान, जनजागरूकता कार्यक्रम, उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा तथा जनस्वास्थ्य को और अधिक मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि एसएएफए खाद्य सुरक्षा, जनस्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है तथा भविष्य में भी जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर समाजहित के कार्यों में हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। अंत में संस्था की ओर से जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा के सफल एवं जनसेवा के प्रति समर्पित कार्यकाल की मंगलकामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया गया कि उनके नेतृत्व में रोहतास विकास, सुशासन और जनविश्वास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

## शटडाउन के बावजूद करंट लगने से बिजली मिस्त्री गंभीर रूप से घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** नगरपंचायत चेनारी के पंजाब नेशनल बैंक मल्हीपुर के समीप शुक्रवार शाम 5 बजे के करीब एक बिजली मिस्त्री को करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घायल बिजली मिस्त्री की पहचान मल्हीपुर गांव निवासी शंकर चौधरी के 32 वर्षीय पुत्र मनीष कुमार चौधरी के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बीच बाजार में पीएनबी मल्हीपुर के समीप एक पोल पर बिजली मिस्त्री द्वारा लाइन में आई खराबी को ठीक किया जा रहा था और पावर हाउस द्वारा शटडाउन भी लिया गया था। तभी आई अचानक करंट से बिजली मिस्त्री को जोरदार झटका लगा और वे पोल से जा गिरा। बिजली मिस्त्री की हालात गंभीर बताई जा रही है, लेकिन खतरे से बाहर है और चेनारी के एक निजी अस्पताल में इलाज जारी है। विद्युत विभाग के कनीय अभियंता सहित अन्य बिजली मिस्त्री मौजूद है। इस घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया है। घटना के बाद इलाके में दहशत और चर्चा का माहौल गर्म है। स्थानीय प्रशासन मामले की जांच में जुटा है और लोगों से शांति बनाए रखने तथा अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की गई है। घटना से जुड़े सभी तथ्यों का पता जांच पूरी होने के बाद ही स्पष्ट होगा। प्रशासन ने भरोसा दिलाया है कि दोषियों के खिलाफ कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## राष्ट्रीय मछुआरा दिवस पर गोष्ठी, मछुआरों ने सरकार से की अलग पोखरा व सुविधाओं की मांग



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** राष्ट्रीय मछुआरा दिवस के अवसर पर शुक्रवार को मत्स्यजीवी सहयोग समिति (लि.) की ओर से डिहरी प्रखंड के चौधरी मुहल्ला स्थित कार्यालय में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष आनंद कुमार चौधरी ने की। बैठक में मछुआरा समुदाय की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि नदियों, तालाबों और पोखरों में मछली पालन एवं मछली पकड़ने का कार्य लगातार कम होता जा रहा है जिससे मछुआरा समाज के सामने आजीविका का संकट गहराता जा रहा है। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि बाढ़ के दौरान मछुआरे अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की जान बचाने का कार्य करते हैं, लेकिन सरकार की ओर से उन्हें न तो पर्याप्त सम्मान मिलता है और न ही आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। बैठक में सरकार से मांग की गई कि गोताखोरों को प्रशिक्षित कर उनका पंजीकरण एवं पहचान पत्र जारी किया जाए। साथ ही मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के लिए मछुआरा समुदाय को एक बड़ा अलग पोखरा उपलब्ध कराया जाए, ताकि उनके रोजगार और आय के साधनों को मजबूत किया जा सके। समिति के अध्यक्ष आनंद कुमार चौधरी ने कहा कि सरकार को मछुआरा समुदाय के सामाजिक और आर्थिक उत्थान के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार हो सके।

इस अवसर पर अनुप कुमार, रवि कुमार, सोनू चौधरी, वार्ड पार्षद, राकेश चौधरी, राजू चौधरी, सुरेन्द्र पासवान, मिनी, श्रीराम पासवान, महेन्द्र पासवान, अमल पासवान, अशोक पासवान, अजीत, अर्पित सहित बड़ी संख्या में मछुआरा समाज के लोग उपस्थित रहे और अपने विचार व्यक्त किए।

## समाजसेवी गोपाल साव के निधन पर शोक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी-डालमियानगर के प्रतिष्ठित समाजसेवी स्वर्गीय गोपाल साव के निधन से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। उनके आवास पर जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, व्यापारियों और शुभचिंतकों ने पहुंचकर शोक-संतप्त परिवार को सांत्वना दी तथा अंतिम यात्रा में शामिल होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। परिजनों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व उनका सफल ऑपरेशन हुआ था और स्वास्थ्य में सुधार के बाद उन्हें घर लाया गया था, लेकिन अचानक तबीयत बिगड़ने से उनका निधन हो गया। सामाजिक कार्यकर्ता पंकज कुमार गुप्ता ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि गोपाल साव समाज के सम्मानित एवं सेवाभावी व्यक्तित्व थे। उनका जीवन समाजसेवा और सामाजिक एकता के लिए समर्पित रहा। उन्होंने कहा कि उनके आदर्श और सेवा की भावना आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। अंतिम संस्कार में बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने भाग लेकर उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी। इस दौरान महावीर प्रसाद, शशि रंजन, शशांक रंजन, प्रतीश गुप्ता, वंश गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## रोहतासगढ़ किला के विकास की उठाई मांग, बच्चों के बीच बांटी कॉपी-कलम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी विधानसभा क्षेत्र से राजद के पूर्व प्रत्याशी रहे गुड्डू चन्द्रवंशी ने ऐतिहासिक रोहतासगढ़ किला भ्रमण के दौरान वहां के बच्चों के बीच कॉपी, कलम और चॉकलेट वितरित की। साथ ही उन्होंने जरूरतमंद लोगों को भी सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर गुड्डू चन्द्रवंशी ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। बच्चों को शिक्षा से जोड़ना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के साथ-साथ वहां रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार भी आवश्यक है। उन्होंने बिहार सरकार एवं संबंधित विभाग से आग्रह किया कि ऐतिहासिक रोहतासगढ़ किला को एक विकसित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाए। पर्यटकों की सुविधा के लिए पेयजल, शौचालय, विश्राम स्थल, मार्गदर्शन केंद्र तथा अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सके। गुड्डू चन्द्रवंशी ने कहा कि रोहतासगढ़ किला बिहार की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर है। इसके समुचित विकास से न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे और क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने लोगों से भी अपनी ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण और संवर्धन में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील करते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए इन अमूल्य धरोहरों को सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

## वीर कुंवर सिंह कॉलेज में चार क्रेडिट इंटर्नशिप को लेकर जागरूकता कार्यशाला



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज के धारूपुर स्थित वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय में शुक्रवार को वीर कुंवर सिंह विश्विवद्यालय, आरा के तत्वावधान में 4 क्रेडिट इंटर्नशिप कार्यक्रम को लेकर एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र कुमार सिंह ने किया जबकि संचालन प्रो. बीर बहादुर सिंह ने किया। कार्यशाला में कैंपस कंपैनियन की ओर से प्रतिनिधि किशन श्रीवास्तव, रिंकू सिन्हा और सुनीता ने छात्र-छात्राओं को इंटर्नशिप की पूरी प्रक्रिया, ऑनलाइन पंजीकरण, प्रशिक्षण, प्रोजेक्ट कार्य, प्रमाण-पत्र वितरण और विभिन्न डोमेन की जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने छात्रों की शंकाओं का समाधान करते हुए इंटर्नशिप से जुड़े सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की। प्राचार्य डॉ. सुरेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि यह कार्यशाला छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मील का पत्थर साबित होगी क्योंकि इसके माध्यम से उन्हें व्यावहारिक ज्ञान, कौशल विकास और रोजगार की बेहतर संभावनाएं मिलेंगी। उन्होंने सेमेस्टर-5 के सभी छात्र-छात्राओं से निर्धारित समय के भीतर अपना पंजीकरण सुनिश्चित करने की अपील की। प्रशिक्षकों ने बताया कि इस पहल से छात्र उद्योग और कौशल आधारित शिक्षा से सीधे जुड़ सकेंगे जिससे उनका करियर मजबूत होगा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्रों ने भी इंटर्नशिप विषय को लेकर काफी उत्साह दिखाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक प्रतिनिधि सह सीनेट सदस्य डॉ. मनीष रंजन ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर प्रो. अनिल कुमार सिंह, प्रो. दिनेश कुमार, प्रो. अजय सिंह, प्रो. बलवंत सिंह, प्रो. कुमार विवेक, प्रो. सुनील कुमार तिवारी, प्रो. शशि भूषण प्रसाद, प्रो. रंजीत चौधरी, प्रो. प्रियतम कुमार सहित अभय कुमार, मंटू चौधरी, रोहित तिवारी और समस्त शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मी उपस्थित रहे।

## नगर पंचायत में जनजागरूकता से सफाई कार्य में आई तेजी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट नगर पंचायत में इन दिनों स्वच्छता को लेकर आम नागरिकों में उल्लेखनीय तत्परता देखने को मिल रही है जिसका सकारात्मक असर जमीनी स्तर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। धार्मिक स्थलों की स्वच्छता को लेकर श्रद्धालु विशेष रूप से सजग हुए हैं तो वहीं नगर के विभिन्न वार्डों में लोग सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से गंदगी की समस्याओं को उजागर कर नगर पंचायत प्रशासन और जनप्रतिनिधियों पर दबाव बना रहे हैं। इस बढ़ते जनदबाव के कारण नगर पंचायत प्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रशासन को भी सक्रिय होना पड़ा है और सामाजिक कार्यकर्ताओं के सहयोग से सफाई कार्य को युद्धस्तर पर शुरू किया गया है। पिछले कुछ दिनों से सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस मुद्दे को लेकर एक विशेष अभियान छेड़ दिया है और वे लगातार नगर पंचायत का ध्यान साफ-सफाई की ओर आकर्षित कर रहे हैं। उनके प्रयासों से न केवल अधिकारी बल्कि आम लोग भी इस मुहिम से जुड़ते नजर आ रहे हैं। नगर पंचायत पर बढ़ते दबाव के चलते अब वार्डों में कचरा उठाव, नाली सफाई और सार्वजनिक स्थानों की धुलाई का काम पहले की तुलना में अधिक गति से किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि इसी प्रकार सभी नागरिक जागरूक रहकर अपनी जिम्मेदारी निभाते रहेंगे और प्रशासन भी तत्परता दिखाता रहेगा तो काराकाट नगर पंचायत स्वच्छता के साथ-साथ विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ेगी।

## भाजपा नगर कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** भाजपा नगर कार्यसमिति की बैठक नागेंद्र झा महाविद्यालय में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता नगर कार्यकारी अध्यक्ष पंकज कुमार ने की। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं बिक्रमगंज नगर प्रभारी मदन प्रसाद वैश्य उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने के लिए अब प्रत्येक माह के पहले सप्ताह में नगर कार्यसमिति की बैठक अनिवार्य रूप से होगी। इस बैठक में शक्ति केंद्र के अध्यक्ष एवं सभी मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष भी शामिल रहेंगे ताकि संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा और आगामी योजनाओं पर चर्चा हो सके। मदन प्रसाद वैश्य ने आगे बताया कि हर माह के तीसरे सप्ताह में शक्ति केंद्र की बैठक आयोजित की जाएगी जिसमें बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाएगा और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने की रणनीति बनाई जाएगी। वहीं चौथे सप्ताह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को सामूहिक रूप से सुनने का निर्णय लिया गया है जिससे कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का संचार हो और पार्टी की विचारधारा घर-घर तक पहुंचे।

## बालू लदा ट्रेलर जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर जिले में अवैध बालू परिवहन पर लगाम लगाने के लिए खनन विभाग लगातार सख्ती बरत रहा है। इसी क्रम में दुर्गावती थाना क्षेत्र के कर्मनाशा पुल के पास गुरुवार को औचक छापेमारी की गई जहां बिना वैध कागजात के बालू ढो रहे एक ट्रेलर को पकड़कर जब्त कर लिया गया। छापेमारी के दौरान खनन विभाग की टीम होमगार्ड बल के साथ मौके पर मौजूद थी।

## रोहतास के 19 प्रखंडों में समृद्धि संस्था जगा रही शिक्षा की अलख




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** समृद्धि संस्था के बैनर तले रोहतास जिले के सभी 19 प्रखंडों में 'शिक्षा चौपाल-7' अभियान चलाया जा रहा है। 6 जुलाई से 16 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना, सरकारी विद्यालयों में ड्रॉपआउट कम करना तथा बाल विवाह पर रोक लगाना है। संस्था की 85 से अधिक महिला कार्यकर्ता और स्वयंसेवक जिले के 850 गांवों में चौपाल लगाकर महिलाओं, पुरुषों, किशोरियों और पंचायत प्रतिनिधियों के बीच शिक्षा के महत्व पर चर्चा कर रहे हैं। अभियान के दौरान समुदाय को बेटियों को 12वीं तक पढ़ाने और बाल विवाह नहीं करने का संकल्प भी दिलाया जा रहा है। अभियान को सफल बनाने में संस्था के सचिव तारा सिंह, जिला समन्वयक मालती देवी, दुर्गा कुमारी, रूपकी कुमारी, सबिता कुमारी, रुकमीना, डिम्पल सहित कई विद्यालयों के शिक्षक सक्रिय रूप से भाग लेकर शिक्षा की अलख जगा रहे हैं।

**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**Electric Supply Area, Medininagar**
**(CIN:U40108JH2013SGC001702)**
**Regd. Office :By Pass Road, Sudna, Medininagar,822102 email:-gm_mdnjseb@yahoo.in**
**Telephone:-06562-295539**

**E-Procurement E-NIT Notice of procurement of materials under O&M head 2026-27 under Electric Supply Area, Medininagar .**

Online Tenders are invited from reputed and experienced Manufacturers having adequate manufacturing capability & best testing facilities and permanently registered with SSI/MSME/NSIC units OR Authorized dealer/Financially Sound & reputed regular supplier firms authorized by such principle manufacturers having best testing facilities conforming to standard specification for supply of under mentioned different types of materials under O&M Head for the financial year 2026-27.
Manufacturing,testing & supply of following O&M Materials: -
Online tenders should be submitted online on www.jharkhandtenders.gov.in

| SL No | E-NIT No | Gr. | Name of Materials | unit | O&M Qnty. | Earnest Money (in Rs) | BOQ (Non-Refundable, including 18% GST) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 180/PR/JBVNL/ 2026-27 | | MCCB for 160 Amp suitable for LTDB | Nos | 200 | Rs 36,200/- | Rs 5000/- GSTRs 900/- Rs 5900/- |
| 2 | | | MCCB for 200 Amp suitable for LTDB | Nos | 100 | | |

| | | |
|---|---|---|
| 1. Availability of tender document on website | :- | Dated11.07.2026 time 02:00 PM |
| 2. Start Date and time for submitting e-tender | :- | Dated13.07.2026time 02.00 PM |
| 3. Pre-Bid Meeting | :- | Dated21.07.2026time 10.00 Hrs |
| 3. Last Date and time of submission of E Tender Towards Cost of BOQ & EMD/Documents etc. online | :- | Dated11.08.2026time 01.00 PM |
| 4. Date and time of opening of tender (Techno - Commercials Cover) i.e Cover-I) | :- | Dated 13.08.2026at 15:00 PM |

1. Guideline for online submission of bids can be downloaded from the website http://jharkhandtenders.gov.in.
2. Interested bidders can download the bid from the website http:// jharkhandtenders.gov.in

स्वहित एवं राष्ट्र हित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को 18003456570 (कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager-cum- Chief Engineer
Electric Supply Area, Medininagar

PR 384639 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd) 26-27 (D)

CMYK

# मद्य निषेध अवर निरीक्षक परीक्षा के सफल संचालन की तैयारी पूरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा आयोजित अवर निरीक्षक मद्य निषेध पद पर चयन हेतु लिखित परीक्षा 12 जुलाई 2026 (रविवार) को नवादा जिले के 20 परीक्षा केन्द्रों पर एकल पाली में आयोजित की जाएगी। परीक्षा पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक संचालित होगी। परीक्षा के स्वच्छ, निष्पक्ष, कदाचारमुक्त एवं शांतिपूर्ण संचालन तथा विधि-व्यवस्था संधारण के उद्देश्य से जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त नीलिमा साहू की अध्यक्षता में आज डीआरडीए सभागार में केन्द्राधीक्षकों, दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई। उप विकास आयुक्त ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि परीक्षा की गोपनीयता, पारदर्शिता एवं शुचिता बनाए रखने में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं बरती जाए। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थियों को परीक्षा प्रारम्भ होने के 30 मिनट पूर्व अर्थात् पूर्वाह्न 10:30 बजे तक ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति होगी। इसके बाद किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थी अपने साथ प्रवेश पत्र (एडमिट कार्ड) की स्वच्छ प्रति एवं एक वैध फोटो पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट, राशन कार्ड अथवा विद्यार्थी पहचान पत्र अवश्य लेकर आएं। बैठक में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शम्भु शरण पांडेय ने परीक्षा केन्द्रों की छतों से भी निगरानी सुनिश्चित करने, परीक्षा प्रारम्भ होने से पूर्व परीक्षा परिसर की सघन जांच करने तथा केवल प्रतिनियुक्त कर्मियों को ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश की अनुमति देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा समाप्त होने तक किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केन्द्र छोड़ने की अनुमति नहीं होगी। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों पर सीसीटीवी कैमरा, मोबाइल जैमर, फोटोग्राफी, पर्याप्त पुलिस बल एवं आवश्यकतानुसार वाहन की व्यवस्था की गई है। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, नवादा सदर-1 को परीक्षा अवधि में सतत गश्ती करते हुए विधि-व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया गया।



## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा।** थाना क्षेत्र की हंड़िया पंचायत अंतर्गत दललेपुर टोला नंदग्राम में 25 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान नंदग्राम निवासी विपिन यादव की पत्नी रुणि देवी के रूप में हुई। घटना गुरुवार शाम करीब चार बजे की बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही गांव में सनसनी फैल गई। सूचना पर नारदीगंज थाना के सब-इंस्पेक्टर अभिषेक कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इधर, घटना की जानकारी मिलने पर मृतका के मायके पक्ष के लोग भी मौके पर पहुंच गए। मृतका के फुफेरे भाई नालंदा जिले के फ्लड्डु निवासी मुकेश कुमार ने ससुराल पक्ष पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने और हत्या करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि उन्हें शाम करीब छह बजे घटना की सूचना मिली। मौके पर पहुंचने पर रुणि देवी का शव आंगन में पड़ा मिला।

# पंचायत सरकार भवनों का निर्माण होगा तेज, गांवों में ही मिलेंगी सरकारी सेवाएं : दीपक प्रकाश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने शुक्रवार को बिहारशरीफ में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि राज्य सरकार पंचायतों को प्रशासनिक और विकासात्मक रूप से अधिक सशक्त बनाने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने बताया कि विभाग की जिम्मेदारी संभालने के बाद से योजनाओं की नियमित समीक्षा की जा रही है, ताकि उनका समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। मंत्री ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता पंचायत सरकार भवनों का शीघ्र निर्माण पूरा कराना है। भवन बनने के बाद ग्रामीणों को अधिकांश सरकारी सेवाएं और योजनाओं का लाभ पंचायत स्तर पर ही मिलेगा, जिससे प्रखंड और जिला मुख्यालय के चक्कर लगाने की आवश्यकता काफी कम हो जाएगी। उन्होंने बताया कि विकास कार्यों की वास्तविक स्थिति जानने के लिए विभागीय अधिकारियों के साथ-साथ पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी लगातार फीडबैक लिया जा रहा है। प्राप्त सुझावों और शिकायतों के आधार पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जा रहे हैं, ताकि योजनाओं का लाभ पारदर्शिता के साथ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।दीपक प्रकाश ने कहा कि पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए अधिक से अधिक प्रशासनिक कार्य पंचायत स्तर पर ही संपादित किए जाएंगे। इससे ग्रामीणों को त्वरित, सरल और जवाबदेह सेवाएं उपलब्ध होंगी तथा सुशासन को मजबूती मिलेगी।आगामी पंचायत चुनाव पर उन्होंने कहा कि बिहार सरकार निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी चुनाव कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। साथ ही सरकारी भूमि का बेहतर उपयोग कर आधारभूत सुविधाओं और जनहित की विकास परियोजनाओं को प्राथमिकता दी जाएगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास को नई गति मिलेगी। प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री दीपक प्रकाश ने बांकीपुर उपचुनाव में एनडीए की एकतरफा जीत का दावा भी किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हुए विकास कार्यों के आधार पर जनता एक बार फिर एनडीए के पक्ष में मतदान करेगी। इस मौके पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के जिलाध्यक्ष सोनू कुशवाहा सहित कई पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।



# पंचायती राज मंत्री ने की योजनाओं की समीक्षा

## निर्माण कार्यों में तेजी लाने का दिया निर्देश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने गुरुवार को नालंदा जिले का भ्रमण कर पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने बिहारशरीफ प्रखंड की तिउरी पंचायत में निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवन का निरीक्षण किया और निर्माण कार्य में पाई गई कमियों को दूर कर शीघ्र भवन पूरा करने का निर्देश दिया। इसके बाद ग्राम पंचायत योजना से निर्मित छठ घाट का भी निरीक्षण किया। हरदेव भवन, समाहरणालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मंत्री ने जिला पंचायत राज पदाधिकारी, जिला परिषद के अधिकारियों, कार्यपालक अभियंताओं, प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं पंचायत राज पदाधिकारियों के साथ योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि जिले की 227 पंचायतों में से 134 पंचायत सरकार भवन बनकर पूरी तरह संचालित हैं, जबकि 87 भवन निर्माणाधीन हैं और छह पंचायतों में भूमि चयन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। 51 पंचायत सरकार भवनों में डाकघर की सेवा, 53 में पुस्तकालय तथा 91 भवनों में जल्द ही आधार संबंधी सेवाएं शुरू की जाएंगी।मुख्यमंत्री कन्या विवाह मंडप योजना के तहत 49 पंचायतों में भूमि चयन किया गया है, जिनमें प्रथम चरण में 24 पंचायतों में निर्माण की स्वीकृति मिल चुकी है। वहीं मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत 32,900 में से 32,712 सोलर लाइटें स्थापित की जा चुकी हैं। शेष 188 लाइटों का कार्य इस माह पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। सहयोग पोर्टल पर प्राप्त 753 शिकायतों में 719 का निष्पादन हो चुका है। मंत्री ने सभी लंबित शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया।

# जीविका सीएनआरपी-एमआरपी की बैठक में एनीमिया रोकथाम व परिवार नियोजन पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिसुआ।** गंगा संकुल संघ में शुक्रवार को जीविका के सीएनआरपी एवं एमआरपी के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड परियोजना प्रबंधक सुदीप कुमार वर्मा, सामुदायिक समन्वयक पार्वती कुमारी, पिरामल स्वास्थ्य के प्रतिनिधि नीरज कुमार तथा विभिन्न पंचायतों में कार्यरत सीएनआरपी एवं एमआरपी उपस्थित रहीं। बैठक में प्रखंड परियोजना प्रबंधक सुदीप कुमार वर्मा ने स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित गतिविधियों की समीक्षा करते हुए विभिन्न संकेतकों के आधार पर कार्यों को और प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक सुझाव दिए। पिरामल स्वास्थ्य के प्रतिनिधि नीरज कुमार ने गर्भावस्था के दौरान एनीमिया की रोकथाम तथा स्वास्थ्य विभाग की ओर से उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में एनीमिक गर्भवती महिलाओं के लिए चिकित्सकीय परामर्श के बाद आयरन सुक्रोज और एफसीएम (फेरिक कार्बोक्सीमाल्टोज) इंजेक्शन निःशुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं। उन्होंने सीएनआरपी एवं एमआरपी से क्षेत्र भ्रमण के दौरान गर्भवती महिलाओं को इन सुविधाओं की जानकारी देने तथा आशा कार्यकर्ताओं के साथ समन्वय स्थापित कर पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाने में सहयोग करने का आह्वान किया। बैठक के दौरान सामुदायिक समन्वयक पार्वती कुमारी ने परिवार नियोजन पखवाड़ा की जानकारी देते हुए आगामी जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा के दौरान सीएनआरपी एवं एमआरपी की भूमिका एवं प्रस्तावित गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की।



## एक नजर

### अल्पसंख्यक बालक छात्रावास संचालन समिति की बैठक आयोजित

**नवादा।** उप विकास आयुक्त नीलिमा साहू की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में अल्पसंख्यक बालक छात्रावास संचालन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में छात्रावास के सुचारू संचालन, वित्तीय प्रबंधन, विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं तथा नए छात्रावास अधीक्षक के चयन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के प्रारंभ में पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि एवं उसके अनुपालन की समीक्षा की गई। इसके उपरांत छात्रावास अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत आय-व्यय विवरण की जांच करते हुए वित्तीय प्रबंधन को पारदर्शी एवं व्यवस्थित बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। साथ ही छात्रावास के संचालन से जुड़े विभिन्न प्रशासनिक एवं प्रबंधन संबंधी विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में नए छात्रावास अधीक्षक के चयन हेतु प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि चयन प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी, निष्पक्ष एवं विभागीय प्रावधानों के अनुरूप संपन्न कराई जाए, ताकि योग्य एवं सक्षम अभ्यर्थी का चयन सुनिश्चित हो सके। बैठक के दौरान छात्रावास में विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं, जैसे आवासीय व्यवस्था, स्वच्छ पेयजल, गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छता, सुरक्षा, विद्युत आपूर्ति तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की भी विस्तृत समीक्षा की गई। उप विकास आयुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि छात्रावास में अध्ययनरत विद्यार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी आवश्यक सुविधाएं गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध ढंग से उपलब्ध कराई जाएं।



### विद्यालय परिसर में लगा विशेष आधार शिविर

**बिहारशरीफ।** भारत डाक विभाग के बिहारशरीफ प्रधान डाकघर की ओर से शुक्रवार को सरस्वती शिशु मंदिर, गौरक्षणी परिसर में विशेष आधार नामांकन एवं आधार अद्यतन (संशोधन) शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों को विद्यालय परिसर में ही आधार संबंधी सेवाएं सहज एवं त्वरित रूप से उपलब्ध कराना था।शिविर में विद्यार्थियों और अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान 110 से अधिक आधार नामांकन एवं आधार अद्यतन के कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किए गए, जिससे बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिला। विद्यालय की प्राचार्या ऋचा कुमारी ने भारत डाक विभाग की इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों से अभिभावकों और विद्यार्थियों का समय बचता है तथा आधार संबंधी कार्य आसानी से हो जाते हैं। शिविर में बिहारशरीफ के पोस्टमास्टर मनीष कुमार आनंद, डाक निरीक्षक रामाशीष कुमार सहित रंजीत कुमार रजक, कुमार अभिषेक, राजीव कुमार, निरंजन कुमार और जितेंद्र कुमार मौजूद रहे। विद्यालय केशिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।भारत डाक विभाग ने बताया कि आम नागरिकों तक गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ आधार सेवाएं पहुंचाने के लिए ऐसे विशेष शिविर आगे भी विभिन्न विद्यालयों और संस्थानों में आयोजित किए जाएंगे। साथ ही अभिभावकों से सुकन्या समृद्धि योजना, डाक जीवन बीमा और डाकघर की बचत योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की गई।

### मिलरों की समस्याओं पर एसडीओ ने की समीक्षा

**हिलसा।** अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार पटेल की अध्यक्षता में अनुमंडल कार्यालय के सभागार में धान अधिप्राप्ति एवं सीएमआर (कस्टम मिल्ड राइस) की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मीनाक्षी कुमारी, सहायक गोदाम प्रबंधक पंकज कुमार तथा प्रखंड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। समीक्षा के दौरान एसडीओ ने संबंधित अधिकारियों को मिलरों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर निर्धारित समय सीमा के भीतर सरकारी लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि धान भंडारण, परिवहन और सीएमआर उठाव में किसी प्रकार की बाधा नहीं आनी चाहिए। पीएसडी संवेदकों को गोदामों में पर्याप्त संख्या में वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि समय पर उठाव हो सके। अधिकारियों से कहा गया कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, जिससे सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य समय पर पूरा किया जा सके।

### अंकुश कुमार को विद्यालय परिवार ने किया सम्मानित

**राजगीर।** राष्ट्रीय जैन संत कमल मुनि कमलेश विद्यालय, राजगीर के छात्र अंकुश कुमार ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर अपने परिवार एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है। छात्र की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने उसे पाठ्य सामग्री भेंट कर सम्मानित किया। विद्यालय की प्रबंधक ममता कुमारी ने बताया कि विद्यालय अपने निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि यहां अध्ययनरत कई छात्र-छात्राएं सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा, जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ा चुके हैं। इस अवसर पर संगीता देवी, नीरज कुमार, पिंकी कुमारी, अभिषेक कुमार, सरिता कुमारी सहित विद्यालय के अन्य शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पुलिस-पब्लिक लोक संवाद गोष्ठी आज

**कौआकोल।** मगध क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) विकास वैभव के निर्देश पर नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र अंतर्गत 11 जुलाई 2026 को पुलिस–पब्लिक लोक संवाद गोष्ठी का आयोजन सोखोदेवरा में किया जाएगा। इस गोष्ठी का उद्देश्य पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर संवाद स्थापित करना, लोगों की समस्याओं को सुनना तथा कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, साइबर अपराध, नशा मुक्ति एवं सामाजिक जागरूकता जैसे विषयों पर चर्चा करना है। कार्यक्रम में स्थानीय पुलिस पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी,सामाजिक कार्यकर्ता एवं आम नागरिक भाग लेंगे। पुलिस प्रशासन ने क्षेत्र के सभी नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याएं एवं सुझाव साझा करने की अपील की है।

# नवादा के 2.22 लाख पेंशनधारियों के खातों में डीबीटी से पहुंची राशि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** बिहार सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत प्रत्येक माह की 10 तारीख को 'बिहार पेंशन दिवस' के रूप में मनाने की शुरुआत की है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने लोक सेवक आवास स्थित 'संकल्प' सभागार से आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में 97.84 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खातों में डीबीटी के माध्यम से 1,423.94 करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अब प्रत्येक माह की 10 तारीख को सभी पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से पेंशन राशि भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के लाभ से वंचित नहीं रहेगा। विशेष अभियान चलाकर छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को भी योजनाओं से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि गरीब, वंचित, वरिष्ठ नागरिकों, विधवा महिलाओं एवं दिव्यांगजनों की सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। राज्यस्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण समाहरणालय सभाकक्ष, नवादा में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की उपस्थिति में देखा गया। प्रभारी सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग अमरनाथ कुमार ने बताया कि जिले में छह सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाएं संचालित हैं। इनके तहत बिहार राज्य निशक्तता पेंशन योजना के 26,614, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निशक्तता पेंशन योजना के 1,283, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के 45,132, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 3,950, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 25,617 तथा मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 1,19,556 लाभार्थी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इन सभी योजनाओं के तहत जिले के कुल 2,22,152 सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से पेंशन राशि हस्तांतरित की गई। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त नीलिमा साहू, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, स्थापना प्रभारी डॉ. राजकुमार सिन्हा सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में पेंशनधारी उपस्थित रहे।

# डीइओ से मिले बीपीएससी शिक्षक संघ के प्रतिनिधि

## छह सूत्री मांगपत्र सौंपा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बीपीएससी शिक्षक संघ, बिहार की नालंदा जिला इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष सूरज विद्यार्थी के नेतृत्व में नवपदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी से शिष्टाचार मुलाकात कर उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान संघ ने शिक्षकों की विभिन्न लंबित समस्याओं के समाधान की मांग करते हुए छह सूत्री ज्ञापन भी सौंपा।ज्ञापन में टीआरई-1, टीआरई-2 एवं टीआरई-3 के शिक्षकों के लंबित एरियर का शीघ्र भुगतान, प्रोबेशन अवधि पूरी कर चुके टीआरई-1 एवं टीआरई-2 शिक्षकों की सेवा पुस्तिका का अद्यतन, नगर शिक्षकों तथा दिव्यांग शिक्षकों के परिवहन भत्ता का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की गई। साथ ही टीआरई-3 शिक्षकों की इंक्रीमेंट तिथि में संशोधन कर वेतनवृद्धि का लाभ देने तथा अन्य जिलों से स्थानांतरित होकर नालंदा आए शिक्षकों के लंबित बकाया का भुगतान कराने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई।जिलाध्यक्ष सूरज विद्यार्थी ने कहा कि शिक्षक हितों से जुड़े मामलों का समयबद्ध समाधान होने से शिक्षकों का मनोबल बढ़ेगा और शिक्षा व्यवस्था भी मजबूत होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि डीईओ समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक पहल करेंगे। संघ ने प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शिक्षक हितों के लिए रचनात्मक भूमिका निभाने का भरोसा भी दिलाया। मौके पर वरुण कुमार, रोशन कुमार, नवीन कुमार, गिरिजानंद प्रसाद, शिव अंकुर कुमार, रविकांत कुमार, विकास कुमार, प्रीतम कुमार, अमर कुमार, राज आर्यन, प्रवीन कुमार, अमृता प्रीतम सहित अन्य शिक्षक मौजूद थे।



# राजगीर के प्राकृतिक जलस्त्रोतों के संरक्षण को लेकर डीएम सख्त

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**राजगीर।** जिलाधिकारी ने समीक्षा बैठक के बाद शुक्रवार को राजगीर स्थित ऐतिहासिक एवं पवित्र ब्रह्मकुंड परिसर का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परिसर में चल रहे जनेऊ भवन के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और प्राकृतिक जलधाराओं के संरक्षण को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि जनेऊ भवन के फाउंडेशन की खुदाई में कुछ प्राचीन पुरावशेष मिले हैं, जिनके ऐतिहासिक और पुरातात्विक महत्व की संभावना है। इसे गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को पत्र भेजकर इन पुरावशेषों की वैज्ञानिक जांच कराने का निर्णय लिया है। डीएम ने कहा कि यदि जांच में स्थल का पुरातात्विक महत्व प्रमाणित होता है तो नियमानुसार पूरे क्षेत्र को एएसआई को सौंप दिया जाएगा, अन्यथा विकास कार्य पूर्व निर्धारित योजना के अनुसार जारी रहेगा। निरीक्षण के दौरान स्थानीय लोगों ने डीएम को बताया कि कभी वर्षभर प्रवाहित रहने वाली कई प्राकृतिक जलधाराएं अब सूखने लगी हैं। इसका प्रमुख कारण आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निजी बोरिंग के जरिए भूजल का अत्यधिक दोहन बताया गया।इस पर जिला अधिकारी ने जलस्त्रोतों के संरक्षण एवं समस्या के स्थायी समाधान के लिए उच्च स्तरीय विशेषज्ञ समिति गठित करने का निर्देश दिया, जो वैज्ञानिक अध्ययन कर आवश्यक सुझाव देगी। साथ ही नगर आयुक्त को कुंडों के आसपास सभी अवैध बोरिंग पर तत्काल रोक लगाने तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राजगीर की ऐतिहासिक धरोहर और प्राकृतिक जलस्त्रोतों का संरक्षण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



# चोरसुआ पंचायत पहुंचे पंचायती राज मंत्री विकास कार्यों और सौंदर्यीकरण की सराहना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** बिहार सरकार के पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने अपने दो दिवसीय नालंदा दौरे के दौरान शुक्रवार को गिरियक प्रखंड की चोरसुआ पंचायत का भ्रमण किया। पंचायत सरकार भवन पहुंचने पर मुखिया चंदन कुमार ने ग्रामीणों एवं कार्यकर्ताओं के साथ उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार पंचायतों के समग्र विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। साथ ही प्रखंड स्तर पर सहयोग शिविर एवं पंचायत दिवस आयोजित कर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी जा रही है।मंत्री ने चोरसुआ पंचायत सरकार भवन के सौंदर्यीकरण और बेहतर रखरखाव की सराहना करते हुए इसे अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणादायक बताया। इस दौरान मुखिया चंदन कुमार ने नदी पर पुलिया निर्माण, कृषि क्षेत्र में पक्की सड़क, त्रिवेणी धाम के सौंदर्यीकरण, कन्या विवाह मंडप और पंचायत के लिए विशेष विकास पैकेज की मांग रखी। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश देते हुए मांगों पर सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक रोहित कुमार ने किया।




# गोविंदपुर प्रखंड कार्यालय निर्माण स्थल से चोरी गए सामान बरामद, आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोविंदपुर (नवादा)।** गोविंदपुर प्रखंड परिसर में निर्माणाधीन भवन से भवन निर्माण सामग्री की चोरी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। निर्माण कार्य के दौरान उपयोग में आने वाले लोहे के सरिया, तार तथा अन्य निर्माण सामग्री चोरी होने की शिकायत के बाद कार्रवाई करते हुए एक लाल रंग के टेंपो को ब्लॉक रोड पर पकड़ा गया। टेंपो की तलाशी लेने पर उसमें चोरी की गई निर्माण सामग्री बरामद हुई।

मौके पर मौजूद लोगों की सूचना के आधार पर पुलिस ने टेंपो चालक को हिरासत में लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान करण कुमार, पिता राजकुमार प्रसाद, निवासी दरमनिया बाजार, थाना गोविंदपुर, जिला नवादा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि प्रखंड कार्यालय परिसर में नए भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। इसी दौरान निर्माण में इस्तेमाल होने वाले सरिया, लोहे के तार तथा अन्य सामान के गायब होने की जानकारी मिली थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए निगरानी बढ़ाई गई। इसी क्रम में संदिग्ध लाल टेंपो को रोककर जांच की गई, जिसमें चोरी का सामान बरामद होने के बाद चालक को गिरफ्तार कर लिया गया।

पुलिस ने बरामद सामग्री को जब्त कर लिया है तथा टेंपो को भी कब्जे में लेकर थाने भेज दिया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि चोरी की इस घटना में और कौन-कौन लोग शामिल हैं तथा पूर्व में हुई अन्य चोरी की घटनाओं से उसका कोई संबंध है या नहीं। पुलिस का कहना है कि मामले में विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

# जनसुनवाई में 42 मामलों की हुई सुनवाई कई शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के सातवें निश्चय "सबका सम्मान-जीवन आसान" के अंतर्गत आम नागरिकों के दैनिक जीवन को सरल, सहज एवं सम्मानजनक बनाने के उद्देश्य से प्रत्येक सोमवार एवं शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार आज जिले के सभी ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तरीय सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित की गई।

जिला स्तर पर समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई की अध्यक्षता जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश ने की। जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों द्वारा कुल 42 शिकायतें एवं आवेदन प्रस्तुत किए गए। जिला पदाधिकारी ने सभी मामलों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा कई शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट निष्पादन किया। शेष मामलों को आवश्यक जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई के लिए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को अग्रसारित किया गया।

जिला पदाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त सभी शिकायतों एवं आवेदनों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम नागरिकों को त्वरित एवं प्रभावी समाधान उपलब्ध कराया जा सके।

**मगध विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा महत्वपूर्ण कदम उठाया**

# विद्वत परिषद ने 22 और स्नातकोत्तर पाठ्यचर्याओं को दी मंजूरी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। शुक्रवार को कार्यवाहक कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केशरी की अध्यक्षता में दूरस्थ शिक्षा निदेशालय में आयोजित विद्वत परिषद (एकेडमिक काउंसिल) की आपात बैठक में 22 विषयों के द्विवर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष (सेमेस्टर-1 एवं 2) की नई पाठ्यचर्या को सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई। इस निर्णय के साथ ही विश्वविद्यालय में एनईपी-2020 के अनुरूप तैयार स्नातकोत्तर पाठ्यचर्या वाले विषयों की संख्या बढ़कर 46 हो गई है। बैठक में बताया गया कि कुलाधिपति सचिवालय, बिहार लोक भवन, पटना द्वारा 6 जुलाई 2026 को जारी पत्र के माध्यम से विषय-विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण एवं अनुशंसा के बाद इन 22 विषयों की पाठ्यचर्याएं राज्य के सभी विश्वविद्यालयों को भेजी गई थीं। साथ ही 13 जुलाई 2026 तक संबंधित वैधानिक निकायों से अनुमोदन लेकर कृत कार्रवाई प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था। मगध विश्वविद्यालय ने निर्धारित समय-सीमा से पहले ही इस प्रक्रिया को पूरा करते हुए पाठ्यचर्या को विधिवत स्वीकृति दे दी है। विश्वविद्यालय प्रशासन शीघ्र ही इसकी रिपोर्ट कुलाधिपति सचिवालय को भेजेगा। विद्वत परिषद ने जिन विषयों की स्नातकोत्तर पाठ्यचर्या को मंजूरी दी है, उनमें भूगोल, कार्मिक प्रबंधन एवं औद्योगिक संबंध (पीएमआईआर), जैव रसायन, बौद्ध अध्ययन, प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व, वनस्पति विज्ञान, सांख्यिकी, आंबेडकर विचार, अंगिका, उर्दू, राजनीति विज्ञान, बांग्ला, गृह विज्ञान, संस्कृत, अरबी, इलेक्ट्रॉनिक साइंस, पालि, शिक्षाशास्त्र, गांधी विचार, प्राकृत, ग्रामीण अर्थशास्त्र तथा ग्रामीण अध्ययन शामिल हैं। बैठक में 2 जुलाई 2026 को आयोजित विद्वत परिषद की बैठक की कार्यवाही की भी पुष्टि की गई। उस बैठक में हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, मनोविज्ञान, दर्शनशास्त्र, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, गणित, भौतिकी, रसायनशास्त्र, प्राणिशास्त्र, भूविज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, लोक प्रशासन, पत्रकारिता एवं जनसंचार, फारसी, इस्लामिक अध्ययन, मैथिली, भोजपुरी, मगही, संगीत, नाट्यकला तथा मानवशास्त्र सहित 24 विषयों की स्नातकोत्तर पाठ्यचर्या को मंजूरी दी गई थी। साथ ही बिहार के विश्वविद्यालयों के लिए समरूप पीएचडी अध्यादेश एवं विनियम-2026 तथा एनईपी-2020 के अनुरूप द्विवर्षीय (चार सेमेस्टर) और एकवर्षीय (दो सेमेस्टर) स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के अध्यादेश एवं विनियम के प्रारूप को भी स्वीकृति प्रदान की गई थी।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार इन निर्णयों के बाद मगध विश्वविद्यालय तथा इसके अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों में स्नातकोत्तर स्तर की पढ़ाई राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप आधुनिक, अद्यतन एवं एकरूप पाठ्यचर्या के आधार पर संचालित होगी। इससे विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समान शैक्षणिक मानक तथा उच्च शिक्षा में बेहतर अवसर उपलब्ध होंगे। बैठक में कुलसचिव डॉ. बी. के. मंगलम (सदस्य सचिव), सीसीडीसी प्रो. संजय कुमार तिवारी, विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. एस. एन. पी. यादव, अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो. पी. के. चौधरी, गया कॉलेज के प्राचार्य प्रो. सतीश सिंह चंद्रा, दाउदनगर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. शमसुल इस्लाम सहित विभिन्न संकायों के अधिष्ठाता, स्नातकोत्तर विभागाध्यक्ष, महाविद्यालयों के प्राचार्य एवं विद्वत परिषद के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# विधायकों की संसदीय दक्षता बढ़ाने को 11-12 जुलाई को होगा प्रबोधन कार्यक्रम : डॉ प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि बिहार विधान सभा सचिवालय, प्राईड, लोक सभा तथा बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान (बिपार्ड) के संयुक्त तत्वावधान में बिहार विधान सभा के सदस्यों के लिए दो दिवसीय आवासीय प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन 11 और 12 जुलाई 2026 को बिपार्ड, गया में किया जाएगा। प्रतिभागी विधायकों के ठहरने की व्यवस्था 10 जुलाई से ही कर दी गई है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य नवनिर्वाचित विधायकों को संसदीय परंपराओं, विधायी प्रक्रियाओं, संसदीय शिष्टाचार तथा जनहित से जुड़े विषयों की व्यावहारिक और गहन जानकारी उपलब्ध कराना है, ताकि वे अपने दायित्वों का अधिक प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन करेंगे। उद्घाटन सत्र में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजेंद्र प्रसाद यादव, बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह, बिहार विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव तथा विधान सभा के उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव भी उपस्थित रहेंगे। दो दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञ संसदीय प्रक्रिया एवं नियम, सदस्यों के अधिकार और कर्तव्य, आचार संहिता, प्रश्नकाल एवं कार्यपालिका की जवाबदेही, आधुनिक तकनीक और ई-नेवा के उपयोग, विधायी एवं बजटीय प्रक्रिया, विशेषाधिकार एवं प्रोटोकॉल तथा संसदीय समितियों की भूमिका जैसे विषयों पर मार्गदर्शन देंगे। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि लोकतंत्र के बदलते स्वरूप और जनता की बढ़ती अपेक्षाओं के बीच जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारियां भी पहले से अधिक व्यापक हुई हैं। ऐसे में इस प्रकार के प्रशिक्षण और संवाद कार्यक्रम समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह पहल किसी दल या विचारधारा तक सीमित नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक संस्थाओं को अधिक सशक्त, उत्तरदायी और प्रभावी बनाने का सामूहिक प्रयास है। इससे बिहार विधान सभा की कार्यवाही की गुणवत्ता तथा विधायकों की संसदीय दक्षता में सकारात्मक वृद्धि होगी।

# मगध विश्वविद्यालय में बाबू जगजीवन राम के नेतृत्व-दर्शन पर व्याख्यानमाला



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** मगध विश्विवद्यालय के डॉ. राधाकृष्णन सभागार में बाबू जगजीवन राम अकादमिक विचार मंच एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के संयुक्त तत्वावधान में 'इक्कीसवीं सदी में बाबू जगजीवन राम के सुशासन और नेतृत्व-दर्शन की पुनर्समीक्षा' विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी ने की जबकि कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार मंगलम् विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत संयोजक मुकेश कुमार के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने मुख्य वक्ता और अतिथियों का स्वागत करते हुए व्याख्यानमाला के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद कुमार चौधरी ने बाबू जगजीवन राम के जीवन, व्यक्तित्व और सार्वजनिक योगदान पर विस्तार से चर्चा की। प्रो. नृपेंद्र कुमार श्रीवास्तव ने उन्हें मानवतावादी चिंतक बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की जबकि समाज विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. दीपक कुमार ने केंद्रीय मंत्री के रूप में उनके कार्यकाल में किए गए जनहितकारी कार्यों को रेखांकित किया। विशिष्ट अतिथि डॉ. विनोद कुमार मंगलम ने बाबू जगजीवन राम को महात्मा गांधी का सच्चा अनुयायी बताते हुए उनके जीवन से जुड़े कई प्रेरक प्रसंग साझा किए। मुख्य वक्ता दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रो. प्रणव कुमार ने बाबू जगजीवन राम के सुशासन, दूरदर्शी सोच और नेतृत्व क्षमता पर विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि बदलते सामाजिक और राजनीतिक परिदृश्य में उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं और सुशासन की दिशा में मार्गदर्शक सिद्ध हो सकते हैं। अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति प्रो. दिलीप कुमार केसरी ने विद्यार्थियों, शोधार्थियों और अध्येताओं से बाबू जगजीवन राम के जीवन, संघर्ष और कार्यों से प्रेरणा लेकर समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आहवान किया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. सचिन कुमार मंदिलवार ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अंजनी कुमार घोष ने प्रस्तुत किया। व्याख्यानमाला में विश्वविद्यालय के बड़ी संख्या में प्राध्यापक, शोधार्थी और छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

## हृदयघात से दस्तावेज नवीस अरुण कुमार का निधन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी निबंधन कार्यालय के दस्तावेज नवीस अरुण कुमार का गुरुवार को हृदयघात से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर शुक्रवार को निबंधन कार्यालय के दस्तावेज नवीसों ने शोकसभा आयोजित कर श्रद्धांजलि अर्पित की और पूरे दिन दस्तावेज लेखन का कार्य स्थगित रखा। मूल रूप से टिकारी के लाव गांव निवासी अरुण कुमार, एसएनएस कॉलेज के पूर्व लेखापाल स्व. हरिहर लाल के पुत्र थे। वे पिछले कई वर्षों से टिकारी निबंधन कार्यालय में दस्तावेज लेखन का कार्य कर रहे थे। गुरुवार को हृदयघात से उनका निधन हो गया। शुक्रवार को आयोजित शोकसभा में दस्तावेज नवीस संघ के सचिव राजू कुमार सिन्हा ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि अरुण कुमार का निधन संघ के लिए अपूरणीय क्षति है।

# 12 सूत्री मांगों को लेकर किसानों का धरना, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रगतिशील किसान संघ और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। धरने की अध्यक्षता बाल कुमार यादव ने की। धरनार्थियों ने 12 सूत्री मांगों को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन पंचायती राज पदाधिकारी को दिया गया। धरने में किसानों ने उत्तर कोयल नहर के अधूरे कार्य को पूरा करने, कुटकू डैम में फाटक लगाकर उसे शीघ्र चालू करने की मांग की। इसके अलावा भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को वापस लेने, गरीबों के राशन कार्ड से कटे नामों को जोड़ने और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से हटाए गए किसानों के नाम पुनः जोड़ने की मांग उठी। किसानों ने सभी प्रकार के सरकारी कर्ज माफ करने, बिजली संशोधन विधेयक 2025 वापस लेने, किसानों को मुफ्त बिजली और गरीबों को 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली देने की मांग की। वक्ताओं ने बिहार में मंडी व्यवस्था पुनः शुरू करने, एमएसपी की कानूनी गारंटी देने, मजदूर विरोधी कानून वापस लेने और किसानों की इच्छा के विरुद्ध भूमि अधिग्रहण बंद करने की भी मांग की। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि पूर्व जिला पार्षद रामचंद्र आजाद ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि सरकार किसान विरोधी नीतियां ला रही है जिससे खेती और मजदूरी दोनों संकट में हैं। संतोष गिरी, छोटू मियां, उपेंद्र पासवान, रघुवीर पासवान, महादेव यादव, राम विलास मांझी सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भी सभा को संबोधित किया और मांगें नहीं माने जाने पर आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

# केसपा में रविवार को निःशुल्क मानसिक रोग चिकित्सा शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** ग्रामीण क्षेत्रों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 12 जुलाई रविवार को केसपा में निःशुल्क मानसिक रोग चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। संवेदना साइकियाट्रिक क्लिनिक एंड डी-एडिक्शन सेंटर के तत्वावधान में आयोजित यह शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक केसपा स्थित मां तारा मंदिर परिसर के पंचायत भवन में लगेगा। शिविर में प्रसिद्ध मनोचिकित्सक डॉ. दीपशिखा काव्या मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श एवं उपचार प्रदान करेंगी। आयोजक गौरव राज उर्फ विक्की ने बताया कि शिविर में सिरदर्द, अनिद्रा, तनाव, अवसाद, घबराहट, अत्यधिक गुस्सा, याददाश्त की समस्या, नशे की लत, बच्चों की अतिचंचलता (हाइपरएक्टिविटी), ओसीडी (बार-बार एक ही काम करने की आदत) सहित अन्य मानसिक एवं व्यवहार संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीजों की जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञ परामर्श के साथ ईईजी, एनसीवी, ईसीजी तथा विभिन्न प्रकार की रक्त जांच की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मानसिक रोगों को छिपाने के बजाय समय रहते विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श लें और इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

# जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने किया हवाई अड्डे एवं बिपार्ड का निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया जी।** उपराष्ट्रपति राज्यपाल, बिहार एवं मुख्यमंत्री, बिहार के प्रस्तावित गया आगमन को लेकर आज शुक्रवार को जिलाधिकारी, गया, वरीय पुलिस अधीक्षक, गया तथा नगर पुलिस अधीक्षक, गया द्वारा बिपार्ड, गया एवं हवाई अड्डा, गया का संयुक्त निरीक्षण किया गया है।इस निरीक्षण के दौरान कार्यक्रम स्थल एवं हवाई अड्डा परिसर में सुरक्षा व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्ग, यातायात प्रबंधन, पार्किंग व्यवस्था, बैरिकेडिंग, ड्यूटी प्वाइंट, आपातकालीन सेवाओं, नियंत्रण कक्ष तथा अन्य आवश्यक सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था संबंधी तैयारियों का गहन निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई है। इस अवसर पर संबंधित प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारियों तथा प्रतिनियुक्त पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

# आबकारी की छापेमारी, 200 लीटर महुआ घोल नष्ट, एक गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के काबर पंचायत अंतर्गत ग्राम काजीबिगहा में शुक्रवार को आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर अवैध शराब निर्माण सामग्री जब्त की। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव में महुआ शराब बनाई जा रही है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए टीम ने मौके से करीब 200 लीटर महुआ का मीठा घोल बरामद कर उसे मौके पर ही नष्ट कर दिया। इसके साथ ही 4 लीटर तैयार देसी महुआ शराब भी बरामद की गई। इस मामले में पुलिस ने सीकेशर चौधरी, उम्र 33 वर्ष, पिता स्व. मालसी चौधरी, निवासी काजीबिगहा को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर शुक्रवार सुबह उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

## महिला का आकस्मिक निधन, मुखिया ने दी सहायता राशि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कनौसी अंतर्गत ग्राम केरकी में शुक्रवार सुबह रोहित सपेरा की पत्नी सरिता देवी का आकस्मिक निधन हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पंचायत के मुखिया राजीव रंजन पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। मुखिया ने परिजनों से मिलकर ढाढस बंधाया और गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने इस दुख की घड़ी में परिवार को हर संभव मदद का भरोसा भी दिलाया। इस दौरान मुखिया राजीव रंजन ने मुख्यमंत्री कबीर अंत्येष्टि योजना के तहत तीन हजार रुपये की सहायता राशि भी पीड़ित परिवार को सौंपी।

# गयाजी बिहार की प्रशासनिक एवं पर्यटन राजधानी घोषित हो : कांग्रेस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** बिहार से झारखंड के विभाजन के पूर्व जिस प्रकार अखंड बिहार की राजधानी पटना के बाद रांची दूसरी राजधानी थी उसी के तर्ज पर बिहार विभाजन के उपरांत गयाजी को बिहार का दूसरा प्रशासनिक और पर्यटन राजधानी घोषित करने की मांग कांग्रेस पार्टी के नेताओं, कार्यकर्ताओं ने सरकार से की है। मांग करने वालों में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि विजय कुमार मिट्टू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, दामोदर गोस्वामी, राम प्रमोद सिंह, टिंकू गिरी, शिव कुमार चौरसिया, प्रद्युम्न दुबे, अशोक राम, रूपेश चौधरी, विपिन बिहारी सिन्हा, विशाल कुमार, मुन्ना मांझी आदि ने कहा कि बिहार की राजधानी पटना के बाद सूबे के सबसे बड़ा महत्वपूर्ण अति प्राचीन अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त, विश्व पर्यटन मानचित्र पर अपना स्थान रखने वाला गयाजी जो बिहार की दूसरी राजधानी बनने की सभी अहर्ताओं को रखता है, इसलिए उसे बिहार का दूसरा प्रशासनिक एवं पर्यटन राजधानी घोषित किया जाये। नेताओं ने कहा कि गयाजी स्थित बिहार राज्य के प्रशासनिक अधिकारियों सहित वरिष्ठ राजनीतिज्ञों, प्रशासनिक अधिकारियों सहित सभी प्रकार के प्रशिक्षण हेतु बने भवन में कल राज्य के सभी 243 विधायकों के दो दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन करने आ रहे भारत के उपराष्ट्रपति एवं बिहार के मुख्यमंत्री एवं आज मीडिया से बातों के क्रम में बिहार विधानसभा अध्यक्ष द्वारा गायाजी को बिहार का दूसरा प्रशासनिक और पर्यटन राजधानी कहने से नहीं बल्कि उपराष्ट्रपति एवं मुख्यमंत्री से आग्रह कर गयाजी वासियों के वर्षों पुरानी मांग बिहार का दूसरा राजधानी घोषित कराने की मांग जोरदार ढंग से उठाया जाये। नेताओं ने कहा कि गयाजी सड़क, रेल, वायु तीनों राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय मार्गों से जुड़े होने के साथ-साथ यहां राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख संस्थाओं जैसे आई आई एम, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय, ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी, बिहार प्रशासनिक ट्रेनिंग सेंटर आदि स्थित है। यहां के गयाजी व्यवहार न्यायालय में पटना उच्च न्यायालय का बेंच स्थापित करने, मध्य-दक्षिण बिहार के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल को एम्स के तर्ज पर विकसित करने आदि मागें भी लंबे समय से चल रहा है।

# 14 वर्षीय छात्र पर चाकू से हमला, आरोपित हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शेरघाटी-चेरकी मुख्य मार्ग पर दरियापुर के पास शुक्रवार को एक 14 वर्षीय छात्र पर चाकू से हमला कर दिया गया। इस घटना में छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी गर्दन पर गहरा जख्म आया है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए गया के अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल रेफर किया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। घायल छात्र की पहचान गिरेन्द्र मंडल के पुत्र सुभाष कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि सुभाष अपनी नानी के घर पंडौल में रहकर पढ़ाई करता है। शुक्रवार को वह स्कूल से लौट रहा था। इसी दौरान दरियापुर के पास पहले से घात लगाए बैठे कुर्मामा गांव निवासी शनि कुमार ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में छात्र की गर्दन गंभीर रूप से कट गया जिससे वह सड़क पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची।

**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

**निविदा सं. 01डब्ल्यूटीसीएओसीईआर2026-27** ई-निविदा प्रणाली (खुली निविदा) (दो पैकेट प्रणाली) जो पूर्व में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्व रेलवे, कोलकाता द्वारा प्रकाशित की गई थी, के संबंध में शुद्धिपत्र संख्या 2, कार्य "मुख्य अभियंता/निर्माण-III, पूर्व रेलवे, कोलकाता के तहत आसनसोल मंडल के अलग-अलग निर्माण स्थलों पर परियोजना पर्यवेक्षण सेवाएं देने के लिए परियोजना पर्यवेक्षण सेवा एजेंसी (पीएसएसए) की नियुक्ति"। **उक्त निविदा की अंतिम तिथि 24.07.2026 को 15.00 बजे से आगे फिर से बदलकर दिनांक 07.08.2026 को 15.00 बजे कर दी गई है।** उक्त निविदा सूचना के सभी अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

CON-25/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**समाहरणालय, गढ़वा**
(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)
कार्यालय :–जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा।
Email id- dcpsgarhwa@gmail.com
''आवश्यक सूचना''

सरकार के सचिव महिला बाल विकास एवं सामाजिक सूरक्षा विभाग, झारखण्ड, रॉची के अधिसूचना संख्या–526/SP-POCSO/JsCPS/2023-24-2685 रॉची दिनांक– 24.10.2024 एवं अधिसूचना संख्या–526/SP-POCSO/JsCPS/2023-24- 124 रॉची दिनांक–15.01.2026 के आलोक में लैगिंक अपराधोसेबाल कों का सरंक्षण अधिनियम (POCSO) 2012 तथा लैगिंक अपराधों से बाल को का संरक्षण नियमावली 2020 के तहत सहायक व्यक्ति (Support- Person) के पैनल निर्माण हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्याः–01/2026,PR377464 Women,Child Development & Social Security(2026-27)D दिनांक– 15.04.2026 के आलोक में प्राप्त आवेदनों का स्क्रुटनी के पश्चात योग्य आवेदकों का साक्षात्कार हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या–PR383181 Women,Child Development & Social Security (2026-27)D के आलोक में चयन समिति द्वारा योग्य आवेदकों का साक्षात्कार के पश्चात चयनित अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन जिले के आधिकारिक वेबसाईट www.garhwa.nic.in पर किया गया है।

चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि प्रकाशन तिथि के एक सप्ताह के अंदर कार्यालय जिला बाल संरक्षण इकाई, (पुराना समाहरणालय), गढ़वा में अपना योगदान समर्पित करना सुनिश्चित करेंगें।

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी
गढ़वा।

PR 384605 Women, Child Development & Social Security(26-27)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू**
**Email:- palamunrep@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
**ई0निविदा संख्या–RDD/NREP/Palamu 05/2026-27**

उपायुक्त, पलामू के स्वीकृत्यादेश ज्ञापांक 274/जि0यो0, दिनांक 01.07.2026 द्वारा प्राप्त प्रशासनिक स्वीकृति के आलोक में जिला योजना अनाबद्ध मद से चयनित योजना का निर्माण कराया जाना है। अतः निम्नलिखित स्वीकृत योजना में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार आर0ई0ओ0 एवं भवन प्रमण्डल, पलामू में समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| | | |
|---|---|---|
| विज्ञापन दाता का नाम | :– | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू। |
| Website पर निविदा प्रकाशन की तिथि | :– | दिनांक 13.07.2026 (पूर्वाहन 10:00 बजे) |
| ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि | :– | दिनांक 13.07.2026 (पूर्वाहन 10:00 बजे) से दिनांक 23.07.2026 (अपराहन 5:00 बजे तक) |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | :– | दिनांक 25.07.2026 (पूर्वाहन 10:00 बजे) |
| निविदा खोलने का स्थान | :– | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू। |
| कार्य की विस्तृत विवरणी :– | | |

| क्र | प्रखण्ड | पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण करने की अवधि | आईडेन्टीफिकेशन संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | पाण्डू | पाण्डू | ग्राम मदनपुर करमडीह टोली में मुरली पहाड़ी के निकट मुसहर परिवारों हेतु प्रस्तावित निवासन स्थल तक पहुँच पथ का निर्माण (1000 फीट)। | 2454700.00 | 49094.00 | 5000.00 | 03 माह | NREP-NIT-05/2026-27/Gr-01 |

नोट–
1. केवल ई0–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. आर0ई0ओ0 एवं भवन प्रमण्डल, पलामू में समुचित श्रेणी के निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

**निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।**

ह0/–
कार्यपालक अभियंता,
राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, मेदिनीनगर पलामू

PR 384708 NREP(26-27)#D

संपादकीय

# ई-20 ईंधन को लेकर शंकाएं

मोदी सरकार द्वारा स्वचालित वाहनों में ई- 20 ईंधन के उपयोग को लागू किए जाने को लेकर कई तरह की शंकाएं और सवाल लोगों के मन हैं, लेकिन सरकार इन सभी का कोई समाधानकारक जवाब नहीं दे पा रही है। यहां तक पहले सरकार ने कोर्ट में कहा कि यह केवल एक 'एक्सपेरिमेंट' है, लेकिन बाद में वह इससे भी मुकर गई। ऐसे में प्रश्न यह उठ रहा है कि सरकार कच्चे तेल का आयात बिल घटाकर कहीं ऐसे प्रयोग तो नहीं करने जा रही है, जो आम लोगों की गाड़ियों के लिए भारी नुकसानदेह हो। लोगों को लेने के देने पड़ जाएं। सवाल यह भी है कि अगर ई-20, ई-10 और ई-0 वाहनों के लिए सुरक्षित है, तो फिर अलग से ई-20-प्रमाणित (सर्टिफाइड) वाहन बनाने और उन्हें अनिवार्य करने की जरूरत क्यों पड़ी? दरअसल ये तमाम सवाल ई 20 ईंधन के उपयोग के समर्थन में नई दिल्ली में आयोजित एक पत्रकारवार्ता के बाद तेजी से उठे हैं। ई-20 ईंधन पर मोदी सरकार की सफ़ाई के बाद भी कई सवालों के जवाब अभी भी अनुत्तरित हैं। मसलन पुराने वाहनों की सुरक्षा, कम माइलेज के बावजूद समान क़ीमत, कृषि सब्सिडी और भूजल की लागत, भंडारण से जुड़े जोखिम, नीति आयोग की हटाई गई रिपोर्ट और उपभोक्ताओं को मुआवज़े जैसे मुद्दों पर सरकार ने स्पष्ट जवाब नहीं दिया है। नई दिल्ली में 4 जुलाई को आयोजित सरकारी प्रेस ब्रीफिंग असल में ई'20 ईंधन को लेकर उठ रही उंगलियों के डेमेज कंट्रोल की कोशिश थी। इसमें पेट्रोलियम मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों, ऑटोमोबाइल उद्योग के प्रतिनिधियों और तेल विपणन कंपनियों के अधिकारियों ने बारी-बारी से उपभोक्ताओं की चिंताओं को 'रेज बेट' (यानी लोगों को भड़काने के लिए फैलाई जा रही सामग्री) बताकर खारिज किया, जबकि ई-20 कार्यक्रम के आर्थिक लाभों को बढ़-चढ़कर पेश किया गया। यह ब्रीफिंग तब आयोजित की गई जब देशभर से ई-20 ईंधन को लेकर शिकायतें सामने आ रही हैं और सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई के दौरान यह खबर आई थी कि सरकार ने ई-20 को एक 'प्रयोग' (एक्सपेरिमेंट) बताया है, हालांकि सरकार अब इस दावे से इंकार कर रही है। ब्रीफिंग के दौरान अधिकारियों ने लगातार यह संदेश देने की कोशिश की कि पूरे देश में ई-20 का लागू होना हर दृष्टि से आसान और सभी के लिए लाभकारी है। लेकिन हकीकत इससे कहीं अधिक जटिल है. ई-20 को लेकर कीमत, सुरक्षा मानकों, नियामकीय (रेगुलेटरी) एकरूपता और उपभोक्ताओं को होने वाले नुकसान की भरपाई जैसे कई महत्वपूर्ण सवाल हैं, जिन पर इस पूरी प्रेस ब्रीफिंग में कोई ठोस जवाब नहीं दिया गया। प्रेस ब्रीफिंग में जो दावे किए गए, वह नियामकीय व्यवस्था से मेल नहीं खाते। क्योंकि नियमों के मुताबिक अप्रैल 2023 के बाद निर्मित सभी वाहनों का ई-20-सर्टिफाइड होना अनिवार्य है। इसके लिए अलग मटेरियल कंपैटिबिलिटी और इंजन ट्यूनिंग संबंधी मानक तय किए गए हैं। यदि वास्तव में ई-20 बिना किसी बदलाव के सभी पुराने वाहनों के लिए पूरी तरह सुरक्षित है, तो फिर अलग से ई-20 प्रमाणन व्यवस्था बनाने, नए तकनीकी मानक तय करने और वाहन निर्माताओं को अपने उत्पादन तंत्र में बदलाव (रीटूलिंग) करने की आवश्यकता ही क्यों पड़ी? या तो नियामकीय व्यवस्था जरूरत से ज्यादा सख्त बनाई गई है, या फिर 2023 से पहले बने वाहनों के लिए ई-20 की सुरक्षा को लेकर अब भी पूरी तरह आश्वस्त नहीं हुआ जा सकता। यह मुद्दा अब राजनीतिक भी बनता जा रहा है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि 'एक मंत्री कुछ कहता है, तो दूसरा मंत्री कुछ और। ई-20 ईंधन पर सरकार झूठ बोल रही है। वहीं कांग्रेस ने इस मामले में श्वेतपत्र जारी करने की मांग की है।

# भूमि अधिग्रहण जवाबदेही व जनभागीदारी का विषय

**भारत में विकास की गति जितनी तेज हुई है, भूमि का प्रश्न भी उतनी ही तीव्रता से राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में आया है। सड़कें, औद्योगिक गलियारे, बिजलीघर, स्मार्ट सिटी, सैटेलाइट टाउनशिप और पर्यटन परियोजनाएँ आधुनिक भारत की विकास-यात्रा के प्रतीक हैं। किंतु इनके साथ एक मूलभूत प्रश्न लगातार उठ रहा है—विकास की कीमत कौन चुकाएगा? क्या विकास केवल निवेश, उत्पादन और आधारभूत संरचना का विस्तार है, या उसमें उन लोगों की आजीविका, संस्कृति और संवैधानिक अधिकार भी शामिल हैं, जिनकी भूमि पर विकास की इमारत खड़ी होती है?**

**कुमार कृष्णन**

यह बहस अब किसी एक राज्य तक सीमित नहीं रही। बिहार के पूर्वी चंपारण के पिपराकोठी में प्रस्तावित वाटर पार्क, राज्य की ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप योजना, बांका में प्रस्तावित परमाणु बिजलीघर और झारखंड के गोड्डा जिले के मोतिया में औद्योगिक परियोजनाओं को लेकर उठे विवाद एक समान संदेश देते हैं कि विकास और लोकतंत्र के बीच सबसे महत्वपूर्ण कड़ी जनविश्वास है। जब प्रभावित लोगों को लगता है कि निर्णय उनकी भागीदारी के बिना लिए जा रहे हैं, तब सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाएँ भी विरोध और अविश्वास का कारण बन जाती हैं।

यह विडंबना ही है कि जिस चंपारण ने 1917 में महात्मा गांधी के नेतृत्व में सत्याग्रह के माध्यम से संवाद, न्याय और अहिंसक प्रतिरोध की मिसाल कायम की थी, वहीं आज भूमि का प्रश्न फिर सामाजिक और राजनीतिक बहस का केंद्र बन गया है। पिपराकोठी में प्रस्तावित वाटर पार्क को लेकर किसानों और प्रशासन के बीच विवाद ने स्पष्ट किया है कि विकास की प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वास का अभाव कितना गंभीर संकट पैदा कर सकता है।

किसानों का दावा है कि जिस भूमि पर उनके परिवार पीढ़ियों से खेती करते आए हैं, उसे सरकारी भूमि बताकर उनकी आजीविका पर संकट खड़ा किया जा रहा है। दूसरी ओर प्रशासन का कहना है कि संबंधित भूमि सरकारी अभिलेखों में दर्ज है और परियोजना के लिए सभी वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन किया गया है। लोकतंत्र में दोनों पक्षों के दावों की निष्पक्ष जांच ही समाधान का आधार हो सकती है। यदि किसानों के पास राजस्व रसीदें, दाखिल-खारिज अथवा अन्य वैध दस्तावेज हैं, तो उनकी गंभीरता से जांच होनी चाहिए। उसी प्रकार प्रशासन को भी अपने अभिलेख सार्वजनिक कर पारदर्शिता का परिचय देना चाहिए। ऐसे विवादों का सबसे विश्वसनीय समाधान तथ्यों और खुले संवाद से ही निकल सकता है। यह विवाद तब और व्यापक हो गया जब सांसद सुधाकर सिंह किसानों के समर्थन में विवादित भूमि पर ट्रैक्टर चलाने पहुँचे और उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज हुई। इसके बाद सांसद पप्पू यादव भी आंदोलनरत किसानों के बीच पहुँचे और संघर्ष को संसद से



न्यायपालिका तक ले जाने की बात कही। इन घटनाओं ने स्पष्ट कर दिया कि भूमि का प्रश्न अब केवल स्थानीय प्रशासनिक विवाद नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक जवाबदेही और जनभागीदारी का विषय बन चुका है। कमोबेश यही स्थिति बिहार की ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप योजना में भी दिखाई देती है। सरकार का तर्क है कि तेजी से बढ़ते शहरी दबाव के बीच आधुनिक उपग्रह नगरों का विकास समय की आवश्यकता है। इससे रोजगार, निवेश और आधारभूत संरचना का विस्तार होगा। लेकिन जिन किसानों की भूमि इन योजनाओं के दायरे में आती है, उनके लिए खेत केवल आर्थिक संपत्ति नहीं, बल्कि जीवन, पहचान और भविष्य की सुरक्षा का आधार हैं। कई स्थानों पर मास्टर प्लान लागू होने के बाद भूमि के उपयोग और खरीद-बिक्री पर लगे प्रतिबंधों ने किसानों की आशंकाएँ और बढ़ा दीं। बाद में सरकार ने कुछ राहत अवश्य दी, किंतु अविश्वास पूरी तरह समाप्त नहीं हो सका।

वास्तव में किसी भी विकास परियोजना की सफलता केवल उसके आर्थिक आकार से नहीं, बल्कि इस बात से तय होती है कि प्रभावित समुदाय स्वयं को उसका सहभागी महसूस करता है या नहीं। लोकतंत्र में विकास की वैधता केवल सरकारी स्वीकृतियों से नहीं, बल्कि सामाजिक स्वीकार्यता से भी निर्मित होती है। जहाँ संवाद कमजोर पड़ता है, वहाँ अविश्वास जन्म लेता है; और जहाँ विश्वास टूटता है, वहाँ विकास का रास्ता भी कठिन हो जाता है। भूमि का प्रश्न बिहार तक सीमित नहीं है। झारखंड के गोड्डा जिले के मोतिया और बिहार के बांका जिले में प्रस्तावित परमाणु बिजलीघर को लेकर भी लंबे समय से बहस जारी है। एक ओर ऊर्जा सुरक्षा, औद्योगिक निवेश और रोजगार सृजन की आवश्यकता है, तो दूसरी ओर किसानों और आदिवासी समुदायों की आजीविका, पर्यावरण और संवैधानिक अधिकारों की चिंता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। बांका जिले के बेलहर क्षेत्र में प्रस्तावित परमाणु ऊर्जा परियोजना को लेकर स्थानीय स्तर पर वर्षों से आशंकाएँ व्यक्त की जाती रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रस्तावित क्षेत्र में उपजाऊ कृषि भूमि, जलस्रोत और प्राकृतिक संसाधन हैं, जिन पर हजारों परिवारों की आजीविका निर्भर करती है। दूसरी ओर सरकार का तर्क है कि बिहार की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को देखते हुए दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा के लिए ऐसी परियोजनाएँ आवश्यक हैं और अभी अधिकांश प्रक्रियाएँ प्रारंभिक स्तर पर हैं। ऊर्जा की आवश्यकता पर कोई विवाद नहीं हो सकता। लेकिन यह प्रश्न अवश्य उठता है कि क्या ऊर्जा सुरक्षा और खाद्य सुरक्षा को एक-दूसरे के विरुद्ध खड़ा किया जाना चाहिए? क्या परियोजना के लिए वैकल्पिक स्थलों का पर्याप्त अध्ययन किया गया है? क्या कम उपजाऊ भूमि, विकेंद्रीकृत ऊर्जा उत्पादन, सौर ऊर्जा या अन्य विकल्पों का तुलनात्मक आकलन सार्वजनिक रूप से उपलब्ध है? लोकतंत्र में ऐसे प्रश्न विकास-विरोध नहीं, बल्कि बेहतर और उत्तरदायी विकास की अपेक्षा हैं। भारत का अनुभव बताता है कि बड़े बांधों, खनन क्षेत्रों, औद्योगिक परियोजनाओं और राजमार्गों के लिए हुए व्यापक विस्थापन ने केवल आर्थिक नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक संकट भी उत्पन्न किए हैं। केवल आर्थिक मुआवजा किसी परिवार की उस क्षति की भरपाई नहीं कर सकता, जो उसकी जमीन, सामाजिक पहचान और पीढ़ियों से जुड़े जीवन-संबंधों के टूटने से होती है। किसान के लिए खेत बाजार में बिकने वाली संपत्ति भर नहीं, बल्कि उसके अस्तित्व, सम्मान और भविष्य की सुरक्षा का आधार होता है। यही कारण है कि भूमि का प्रश्न केवल राजस्व प्रशासन का विषय नहीं, बल्कि संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय से भी जुड़ा है। विशेष रूप से अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभा, स्थानीय समुदायों और संवैधानिक अधिकारों की भूमिका इसलिए महत्वपूर्ण मानी गई है कि विकास की दिशा लोगों की भागीदारी और विश्वास के साथ तय हो। लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति यही है कि वह विकास और अधिकारों के बीच संतुलन स्थापित करने का मार्ग खोजता है, टकराव का नहीं। यहीं महात्मा गांधी का चंपारण आज भी नई अर्थवत्ता के साथ सामने आता है। गांधी ने चंपारण में किसानों की पीड़ा को केवल राजनीतिक मुद्दा नहीं बनाया था। उन्होंने गाँव-गाँव जाकर तथ्य जुटाए, किसानों और प्रशासन—दोनों की बात सुनी और सत्य को संघर्ष का आधार बनाया। यही कारण है कि चंपारण सत्याग्रह केवल एक आंदोलन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक आचरण की ऐसी मिसाल बना, जिसमें संवाद, पारदर्शिता और न्याय एक-दूसरे के पूरक थे। आज जब उसी धरती पर भूमि से जुड़े प्रश्न फिर राष्ट्रीय बहस का विषय बन रहे हैं, तब गांधी की कार्यपद्धति पहले से अधिक प्रासंगिक दिखाई देती है।

भूमि अधिग्रहण अथवा लैंड पूलिंग से जुड़ी प्रत्येक परियोजना में सामाजिक प्रभाव आकलन, पर्यावरणीय मूल्यांकन, ग्राम सभाओं और स्थानीय निकायों की प्रभावी भागीदारी, सभी अभिलेखों की सार्वजनिक उपलब्धता, स्वतंत्र जनसुनवाई तथा पुनर्वास और आजीविका सुरक्षा को नीति का अनिवार्य हिस्सा बनाया जाना चाहिए। केवल भूमि मालिकों ही नहीं, बल्कि बटाईदारों, खेतिहर मजदूरों और कृषि पर आश्रित अन्य परिवारों के हितों का भी समुचित संरक्षण आवश्यक है।

इसके साथ ही आंदोलनकारी समूहों और राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी भी कम नहीं है। जनभावनाओं का सम्मान करते हुए संघर्ष को तथ्यों, संविधान और अहिंसक लोकतांत्रिक मर्यादाओं के भीतर रखना आवश्यक है। भारत के सामने वास्तविक प्रश्न यह नहीं है कि विकास हो या न हो। प्रश्न यह है कि विकास का स्वरूप कैसा हो। क्या वह लोगों को साथ लेकर आगे बढ़ेगा या लोगों के ऊपर से गुजर जाएगा? लोकतंत्र में विकास की सफलता केवल परियोजनाओं के उद्घाटन, निवेश के आकार या उत्पादन के आँकड़ों से नहीं मापी जाती। उसकी वास्तविक कसौटी यह है कि क्या सबसे कमजोर नागरिक भी स्वयं को उस विकास का सहभागी महसूस करता है।

अध्यात्म

## सफलता गलत साधनों से मिले, तो वह लंबे समय तक सम्मान नहीं दिला सकती

महाभारत में एक अश्वसेन नाम के नाग का किस्सा है। खाण्डव वन में एक बार भयंकर अग्निकांड हुआ था। इस अग्निकांड में जंगल के अधिकतर जीव-जंतु खत्म हो गए थे। उसी वन में अश्वसेन नाम का एक मायावी नाग रहता था। उसकी माता भी अग्निकांड में मारी गई। अश्वसेन इस घटना के लिए अर्जुन को जिम्मेदार मानता था। इसलिए अश्वसेन ने अर्जुन से बदला लेने का संकल्प कर लिया। कई वर्षों के बाद जब कुरुक्षेत्र में कौरव और पांडवों का युद्ध शुरू हुआ, उस समय अश्वसेन भी कुरुक्षेत्र में पहुंच गया था और अर्जुन से बदला लेने का अवसर खोजने लगा। तब एक दिन कर्ण और अर्जुन आमने-सामने आ गए। अश्वसेन ने इसे बदला लेने का उचित अवसर समझा। वह एक बाण का रूप धारण करके चुपचाप कर्ण के तरकस में जा बैठा। जब कर्ण ने अर्जुन पर प्रहार करने के लिए बाण निकाला, तो संयोग से वही बाण उसके हाथ में आया जिसमें अश्वसेन छिपा था। कर्ण के सारथी शल्य ने बाण को देखकर कहा था कि यह कुछ विचित्र बाण प्रतीत हो रहा है, इसलिए दूसरा बाण चुनना चाहिए, लेकिन कर्ण ने कहा कि वह एक बार धनुष पर चढ़े हुए बाण को वापस नहीं उतारता है। उसने उसी बाण को अर्जुन की ओर छोड़ दिया। भगवान श्रीकृष्ण ने उस बाण में छिपे अश्वसेन को पहचान लिया। भगवान ने तुरंत रथ के घोड़ों को नीचे बैठा दिया। परिणाम यह हुआ कि बाण अर्जुन का सिर नहीं काट सका, केवल मुकुट ही कटकर गिरा। अर्जुन के बच जाने पर अश्वसेन बहुत क्रोधित हुआ। वह अपने वास्तविक नाग रूप में कर्ण के सामने पहुंच गया। उसने कहा कि यदि उसे दोबारा सावधानी से छोड़ा जाए, तो वह निश्चित रूप से अर्जुन का वध कर देगा। तब कर्ण ने उससे पूछा कि आप कौन हैं और मेरी सहायता क्यों करना चाहते हैं? अश्वसेन ने अपना परिचय दिया और बदला लेने की पूरी बात बताई। कर्ण ने कहा कि मैं अपनी विजय केवल अपने पुरुषार्थ से चाहता हूं। छल, द्वेष या किसी छिपी हुई सहायता के सहारे मिली सफलता मुझे स्वीकार नहीं है। कर्ण अश्वसेन से आगे कहा कि अगर नैतिकता छोड़कर जीतना पड़े, तो ऐसी जीत से हार कहीं बेहतर है। यह उत्तर कर्ण के चरित्र की महानता और उसके आत्मसम्मान को प्रकट करता है। इसके बाद कर्ण ने अश्वसेन को वहां से लौटा दिया।

**सीख:** इस प्रसंग की पहली सही यह है कि सफलता से अधिक महत्वपूर्ण उसका तरीका होता है। अगर सफलता छल, धोखे या अनैतिक साधनों से मिले, तो वह लंबे समय तक सम्मान नहीं दिला सकती। दूसरी सीख यह है कि अपने पुरुषार्थ पर विश्वास रखें। कर्ण चाहता, तो अश्वसेन की सहायता लेकर अर्जुन को पराजित करने का प्रयास कर सकता था, लेकिन उसने अपने सामर्थ्य पर भरोसा किया। हमें भी अपनी मेहनत, योग्यता और ईमानदारी पर विश्वास करना चाहिए, यही सबसे बड़ी ताकत है।

# अपने लिए एल्गोरिदम की भाषा को समझना जरुरी

**हम अपने मोबाइल की स्क्रीन को छूते हैं, लेकिन शायद ही कभी यह सोचते हैं कि हमारी स्क्रीन हमें किस तरह छू रही है। हर सुबह जागने के बाद दिखाई देने वाली खबरें, सोशल मीडिया की पोस्ट, वीडियो, विज्ञापन और सुझाव महज़ डिजिटल सामग्री के साथ साथ हमारे व्यवहार का प्रतिबिंब भी बन चुके हैं। हम यह मानकर चलते हैं कि इंटरनेट पर जो कुछ भी हमारे सामने आता है, वह हमारी पसंद का परिणाम है। हालाँकि यह बात पूरी तरह गलत भी नहीं है। सच यह है कि डिजिटल दुनिया में हमारी पसंद और एल्गोरिदम के बीच एक निरंतर संवाद चलता रहता है। हम उसे निर्देश देते हैं, और वह धीरे-धीरे हमारे देखने, पढ़ने और सोचने के ढंग को आकार देने लगता है। इस संवाद की भाषा को समझे बिना डिजिटल युग को समझना संभव नहीं।**

**डॉ. मनीष जैसल**

पिछले एक दशक में 'एल्गोरिदम' शब्द तकनीकी प्रयोगशालाओं से निकलकर सार्वजनिक जीवन का हिस्सा बन चुका है। पहले यह कंप्यूटर विज्ञान का विषय था, आज यह लोकतंत्र, पत्रकारिता, शिक्षा, बाज़ार और संस्कृति सभी पर असर डालने वाली शक्ति बन चुका है। चुनावों की चर्चा हो, फेक न्यूज़ का संकट हो, ऑनलाइन खरीदारी हो या मनोरंजन हर जगह एल्गोरिदम मौजूद है। दरअसल, एल्गोरिदम कोई रहस्यमयी सत्ता नहीं है। यह निर्देशों की ऐसी श्रृंखला है जो उपलब्ध आँकड़ों के आधार पर निर्णय लेने में मशीन की सहायता करती है। लेकिन डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर इसकी भूमिका केवल गणना तक सीमित नहीं रहती। यहाँ एल्गोरिदम यह तय करता है कि अरबों सूचनाओं के बीच आपकी स्क्रीन पर सबसे पहले क्या पहुँचेगा, कौन-सी खबर आपके ध्यान में आएगी, किस वीडियो की सिफारिश होगी और किन विचारों से आपका सामना होगा।

यहीं से सबसे बड़ा भ्रम पैदा होता है। सामान्य धारणा यह है कि एल्गोरिदम हमारी सोच को नियंत्रित करते हैं। यह निष्कर्ष आकर्षक अवश्य है, लेकिन अधूरा है। एल्गोरिदम किसी निर्वात में काम नहीं करते। वे मनुष्य के व्यवहार से सीखते हैं। आप किस समाचार पर अधिक समय बिताते हैं, किस वीडियो को बीच में छोड़ देते हैं, किन विषयों को बार-बार खोजते हैं, किस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हैं और किन लोगों की बातों को साझा करते हैं—इन सबका लेखा-जोखा डिजिटल प्रणाली लगातार रखती है।

इसलिए यह कहना कि एल्गोरिदम हमें नियंत्रित कर रहे हैं, उतना ही अधूरा है जितना यह कहना कि सारी जिम्मेदारी उपयोगकर्ता की है। यही कारण है कि आज सूचना के संकट को केवल तकनीकी समस्या मानना भूल होगी। जब कोई व्यक्ति लगातार सनसनीखेज़ शीर्षकों पर क्लिक करता है, अपुष्ट सूचनाएँ साझा करता है या उत्तेजक सामग्री को अधिक समय देता है, तो एल्गोरिदम इसे उसकी वास्तविक रुचि मान लेता है। इसके बाद वही सामग्री और अधिक मात्रा में उसके सामने आने लगती है। धीरे-धीरे उपयोगकर्ता को यह भ्रम होने लगता है कि पूरी दुनिया उसी तरह सोच रही है, जैसा वह सोचता है। इसी स्थिति को समझाने के लिए 'फ़िल्टर बबल' और 'इको चैंबर' जैसी अवधारणाएँ सामने आईं। इनका अर्थ केवल इतना नहीं है कि हमें पसंद की सामग्री दिखाई देती है। असली समस्या यह है कि जो सामग्री हमारी स्थापित धारणाओं को चुनौती दे सकती है, वह धीरे-धीरे हमारी पहुँच से बाहर होने लगती है। असहमति अदृश्य हो जाती है और सहमति सामान्य सत्य प्रतीत होने लगती है।

हालाँकि यहाँ भी सावधानी आवश्यक है। एल्गोरिदम को हर सामाजिक समस्या का खलनायक बना देना आसान है, लेकिन इससे वास्तविक चुनौती छिप जाती है। तकनीक हमारी प्रवृत्तियों को तेज़ कर सकती है, उन्हें जन्म नहीं देती। इसलिए प्रश्न केवल यह नहीं है कि एल्गोरिदम क्या कर रहे हैं; प्रश्न यह भी है कि हम उनके साथ क्या कर रहे हैं।

प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ और पूर्व नीति-निर्माता निक क्लेग ने लिखा है कि 'एल्गोरिदम और उपयोगकर्ता का संबंध टैंगो नृत्य की तरह है; इसमें दोनों साझेदार होते हैं।' यह टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह उस सरल निष्कर्ष को चुनौती देती है जिसमें सारी जिम्मेदारी मशीन पर डाल दी जाती है।

निक क्लेग यह भी स्वीकार करते हैं कि तकनीकी कंपनियों को अपने एल्गोरिदम के बारे में अधिक पारदर्शी होना चाहिए। उपयोगकर्ताओं को यह समझने का अधिकार है कि उन्हें कोई विशेष सामग्री क्यों दिखाई जा रही है और वे अपनी डिजिटल प्राथमिकताओं पर अधिक नियंत्रण कैसे स्थापित कर सकते हैं। आज आवश्यकता एल्गोरिदम से भयभीत होने की नहीं, बल्कि उसकी कार्यप्रणाली को समझने की है। जिस समाज को यह समझ नहीं होगी कि उसकी डिजिटल पसंद किस तरह निर्मित हो रही है, वह धीरे-धीरे सूचना का उपभोक्ता तो बना रहेगा, लेकिन सूचना का सचेत नागरिक नहीं बन पाएगा।

यदि एल्गोरिदम हमारे डिजिटल अनुभव को आकार दे रहे हैं, तो स्वाभाविक प्रश्न है—क्या हमें यह जानने का अधिकार नहीं होना चाहिए कि वे ऐसा कैसे करते हैं? आखिर किस आधार पर कोई समाचार हमारी स्क्रीन पर सबसे ऊपर दिखाई देता है, कोई वीडियो बार-बार सुझाया जाता है या कोई विज्ञापन केवल हमें ही दिखता है? यह प्रश्न तकनीकी जिज्ञासा का नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक पारदर्शिता का है। यहीं से एल्गोरिदमिक पारदर्शिता (Algorithmic Transparency) की अवधारणा महत्त्वपूर्ण हो जाती है। इसका अर्थ यह नहीं कि तकनीकी कंपनियाँ अपना पूरा स्रोत-कोड सार्वजनिक कर दें। बल्कि इसका आशय यह है कि नागरिकों को कम-से-कम इतना पता हो कि उनके सामने सामग्री किन सिद्धांतों के आधार पर लाई जा रही है। यदि किसी प्लेटफ़ॉर्म का उद्देश्य केवल उपयोगकर्ता का ध्यान अधिक समय तक बाँधे रखना है, तो वह स्वाभाविक रूप से उसी सामग्री को प्राथमिकता देगा जो भावनात्मक प्रतिक्रिया उत्पन्न करे। लोकप्रिय डॉक्यूमेंट्री The Social Dilemma यह प्रश्न उठाती है कि क्या सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म उपयोगकर्ताओं के व्यवहार को इस प्रकार प्रभावित करते हैं कि वे धीरे-धीरे डिजिटल निर्भरता के शिकार हो जाएँ।

डिजिटल अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा आज 'अटेंशन इकॉनमी' पर आधारित है। यहाँ सबसे मूल्यवान वस्तु सूचना नहीं, बल्कि मनुष्य का ध्यान है। जितनी देर उपयोगकर्ता किसी प्लेटफ़ॉर्म पर ठहरता है, उतनी ही अधिक उसकी आर्थिक उपयोगिता बढ़ जाती है। इसलिए एल्गोरिदम का लक्ष्य हमेशा ज्ञान का विस्तार करना नहीं होता; कई बार उसका लक्ष्य केवल हमारी स्क्रीन पर बिताया गया समय बढ़ाना होता है। इसका सबसे गहरा असर पत्रकारिता पर दिखाई देता है। कभी समाचार-पत्रों में यह निर्णय संपादक लेते थे कि कौन-सी खबर पहले पृष्ठ पर जाएगी। संपादकीय विवेक पत्रकारिता की आत्मा माना जाता था। आज डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर यह भूमिका बड़ी हद तक एल्गोरिदम निभा रहे हैं।

भारत जैसे लोकतांत्रिक और बहुभाषी समाज में यह प्रश्न और भी जटिल हो जाता है। यहाँ करोड़ों लोग पहली बार इंटरनेट से जुड़े हैं और बड़ी संख्या में नागरिकों के लिए सोशल मीडिया ही समाचार का प्राथमिक स्रोत है। ऐसे में यदि एल्गोरिदम पूर्वाग्रहपूर्ण, अपारदर्शी या केवल व्यावसायिक हितों से संचालित होंगे, तो उसका प्रभाव व्यक्तिगत पसंद से कहीं आगे जाकर सार्वजनिक विमर्श पर पड़ेगा।

कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने इस बहस को एक नया आयाम दिया है। अब एल्गोरिदम केवल सामग्री चुनते नहीं, बल्कि स्वयं सामग्री का निर्माण भी करने लगे हैं। कुछ ही क्षणों में समाचार जैसा दिखने वाला लेख, किसी प्रसिद्ध व्यक्ति की कृत्रिम आवाज़, यथार्थ जैसी प्रतीत होने वाली तस्वीर या पूरी तरह काल्पनिक वीडियो तैयार किया जा सकता है।

ऐसी परिस्थिति में सबसे अधिक आवश्यकता एल्गोरिदमिक साक्षरता की है। जैसे पढ़ना-लिखना आधुनिक नागरिकता की पहली शर्त था, उसी प्रकार डिजिटल युग में एल्गोरिदम को समझना नागरिक चेतना का अनिवार्य हिस्सा बनता जा रहा है। इसका अर्थ तकनीकी विशेषज्ञ बन जाना नहीं है। वास्तव में डिजिटल साक्षरता की शुरुआत इंटरनेट चलाने से नहीं, बल्कि संदेह करने की क्षमता से होती है। लोकतंत्र उन नागरिकों पर नहीं टिकता जो हर सूचना पर विश्वास कर लेते हैं; वह उन नागरिकों पर टिकता है जो सूचना का परीक्षण करते हैं।

आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
दूसरों के कार्यों में हस्तक्षेप न करें। दोपहर के बाद सभी स्थितियाँ प्रतिकूल हो सकती हैं। अपनी बातों को शान्तिपूर्ण तरीके से लोगों के सामने रखें।

**वृषभ**
प्रेम सम्बन्धों में आयी खटास को दूर करने का प्रयास करें। किसी आनन्दोत्सव में सम्मिलित हो सकते हैं। नौकरी को लेकर परेशानी हो सकती है।

**मिथुन**
ऑफिस में साथी सहकर्मियों के साथ आपका तालमेल बहुत ही बेहतरीन रहने वाला है। इससे आपको जॉब में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे।

**कर्क**
किसी रिश्तेदार से फोन पर बात होगी। बेरोजगार लोगों को रोजगार के उत्तम अवसर मिल सकते हैं। जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितायेंगे।

**सिंह**
अपनी दिनचर्या और खानपान में कड़ा अनुशासन रखें। नये सम्बन्धों में स्थायीत्व कम रहेगा। परिजनों की भावनाओं का ध्यान रखें।

**कन्या**
कारोबार में बड़ा धन-लाभ हो सकता है। तकनीकी पहलुओं की अनदेखी नहीं करनी चाहिये। छात्रों को उच्च शिक्षा में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे।

**तुला**
प्रशासनिक कार्यों की रुकावट दूर होगी। कुछ ज्ञानवर्धक जानकारी आपको मिल सकती है। आयात-निर्यात से जुड़े व्यापार में आपको लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक**
नये व्यापार की शुरुआत करने के लिये उपयुक्त समय है। मानसिक रूप से शान्ति रहेगी। बिजनेस में आपको शुभचिन्तकों और मित्रों से सलाह लेनी चाहिये।

**धनु**
अचानक की गयी यात्रा में परेशानी हो सकती है। सरकारी नियमों को न मानने के कारण आर्थिक दण्ड भुगतना पड़ सकता है। सर्वाइकल और पीठ दर्द के कारण परेशानी होगी।

**मकर**
विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा में बेहतरीन परिणाम मिलेंगे। आय की अपेक्षा आपको व्यय अधिक करना पड़ेगा। रिटेल सम्बन्धी व्यवसाय में बड़ा लाभ होगा। किसी के बहकावे में न आयें।

**कुंभ**
व्यस्तता के बावजूद आपको आराम पर भी ध्यान देना चाहिये। व्यवसाय को लेकर आपकी डील हो सकती है। मैन्यूफैक्चरिंग से जुड़े कारोबार में बेहतरीन प्रगति होगी।

**मीन**
परिजनों का बेहतरीन समर्थन मिलेगा। आपको भी उनकी भावनाओं का ध्यान रखना चाहिये। स्वास्थ्य पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सुधा डेयरी की तरफ से डिलाइट दूध प्रदर्शनी आयोजित




**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाई कोर्ट के नजदीक में डिलाइट दूध और दुग्ध उत्पाद प्रदर्शनी के दौरान उपभोक्ताओं को स्पेशल मिस्टी दही थर्मोफॉर्मिंग पनीर मैप पेड़ा, और डेलाइट दूध के बारे बताया गया। उपभोक्ताओं ने डिलाइट दूध से बनी चाय की काफी तारीफ की।एवं दुग्ध उत्पाद का भी काफी प्रशंसा किया गया। इस मौके पर प्रभारी विपणन संजय कुमार एवं मार्केटिंग ऑफिसर और मैनेजमेंट के कुछ स्टूडेंट मौजूद रहे।

### बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज थाना क्षेत्र के रामपुर नगवां गांव के समीप शुक्रवार को तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान रामपुर नगवां गांव निवासी स्व. राम प्रसाद यादव के 45 वर्षीय पुत्र अवधबिहारी यादव के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल व्याप्त है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अवधबिहारी यादव अपने घर से पैदल सड़क किनारे होते हुए अनुमंडलीय अस्पताल, पालीगंज की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से तेज गति से आ रही एक मोटरसाइकिल ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। आसपास के ग्रामीण तत्काल उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल, पालीगंज ले गए, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए एम्स, पटना रेफर कर दिया। लेकिन एम्स पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी मौत हो गई। मृतक के परिजन शव लेकर पालीगंज पहुंचे, जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने बाइक पर सवार दोनों युवकों को पकड़ लिया और पालीगंज थाना पुलिस के हवाले कर दिया। बताया जाता है कि दोनों अरवल जिले के करपी थाना क्षेत्र के आजाद नगर तेलपा गांव के निवासी हैं। पालीगंज थानाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने बताया कि बाइक चालक तथा उसके पीछे बैठा युवक दोनों नाबालिग हैं। ग्रामीणों ने दोनों को पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। प्राप्त आवेदन के आधार पर अग्रेतर कार्रवाई के लिए मामला ट्रैफिक थाना, सगुना को स्थानांतरित किया जा रहा है।

### मोकामा में ब्राउन शुगर तस्कर गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा पुलिस ने नशे के कारोबार पर बड़ा प्रहार करते हुए धौरानी टोला से एक तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए अभियुक्त के पास से 15 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुई है।चिंतामणि चक ओपी के प्रभारी बनते ही पुअनि राजेश कुमार ने नशे के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 104 पुड़िया ब्राउन शुगर, एक मोबाइल और एक लाइटर के साथ अभियुक्त गोपाल कुमार को गिरफ्तार किया। गोपाल कुमार, पिता विजय कुमार शर्मा, धौरानी टोला का रहने वाला है।मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि इस नशे के कारोबार का मुख्य सरगना रोहित कुमार है, जो सकरबार टोला वार्ड नंबर-15 का निवासी है। रोहित कुमार पूरे मोकामा में ब्राउन शुगर की सप्लाई करता है और युवाओं को नशे की लत में धकेल रहा है। उसके खिलाफ मोकामा थाना में पहले से ही दर्जनों प्राथमिकी दर्ज हैं। गिरफ्तार गोपाल कुमार उसी के लिए सेलर का काम करता था।थानाध्यक्ष ने कहा कि "सूखे नशे" के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा। मुख्य सरगना रोहित कुमार की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने आम लोगों से भी अपील की है कि नशे के कारोबार की सूचना तुरंत थाने को दें।कुछ दिन पूर्व चिंतामणि चक ओपी के पास शराबियों ने एक्सिस बैंक के सहायक प्रबंधक के साथ बुरी तरह मारपीट की थी।जिसके बाद तेजतर्रार दरोगा राजेश कुमार को टीओपी प्रभारी बनाया गया।



### पीएम-किसान ई केवाईसी के नाम पर ठगी का अलर्ट

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी के विभिन्न पंचायतों से पीएम किसान योजना के नाम पर किसानों से ठगी की शिकायतें सामने आ रही हैं। ठग खुद को 'प्रखंड कृषि पदाधिकारी' बताकर किसानों को फोन कर रहे हैं और अगली किस्त के लिए ई केवाईसी कराने का झांसा दे रहे हैं। प्रखंड कृषि कार्यालय मसौढ़ी ने किसानों को सचेत किया है कि जालसाज किसानों से मोबाइल पर आए ओटीपी आधार नंबर और बैंक खाता की जानकारी मांग रहे हैं। प्रखंड कृषि पदाधिकारी हर्ष पटेल ने सभी किसान भाई-बहनों से अपील की है कि ऐसे किसी भी फोन कॉल के झांसे में न आएं। याद रखें, कोई भी सरकारी अधिकारी या बैंक कभी भी फोन पर आपसे ओटीपी नहीं मांगता है।अनजान व्यक्ति को फोन पर आधार नंबर, बैंक खाता संख्या या ओटीपी कतई न बताएं। संदिग्ध कॉल आने पर तुरंत कोई कदम न उठाएं। अपने पंचायत के कृषि समन्वयक या किसान सलाहकार से सीधे संपर्क कर जानकारी की पुष्टि करें। बिना जांच-पड़ताल के फोन पर कोई भी निजी विवरण साझा न करें। विभाग ने कहा कि आपकी एक छोटी सी सावधानी आपको बड़ी धोखाधड़ी और आर्थिक नुकसान से बचा सकती है।

### जमीन विवाद में कट्टा लहराने वाला युवक गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के ग्राम रसलपुर में जमीन विवाद के दौरान अवैध हथियार का प्रदर्शन करने के आरोप में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि रसलपुर निवासी जितेंद्र कुमार पिता कपिल प्रसाद जमीन विवाद को लेकर हाथ में देशी कट्टा लेकर दहशत फैला रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल गांव पहुंची और आरोपी को एक देशी कट्टे के साथ हिरासत में ले लिया। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। प्रारंभिक पूछताछ में जमीन विवाद का मामला सामने आया है। पुलिस मामले के अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है।पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में शांति भंग करने और अवैध हथियार रखने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।



# पाटलिपुत्र सेटेलाइट टाउनशिप के विरोध में किसानों का हल्ला बोल

## कहा-जान दे देंगे जमीन नहीं देंगे.एसडीओ को सौंपा स्मार-पत्र






**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पाटलिपुत्र सेटेलाइट टाउनशिप के लिए लैंड-पूलिंग के जरिए हो रहे भूमि अधिग्रहण के विरोध में शुक्रवार को मसौढ़ी अनुमंडल परिसर में हजारों किसानों ने विशाल धरना दिया। किसानों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम एसडीओ को स्मार-पत्र सौंपकर जबरन अधिग्रहण रोकने की मांग की।भूमि बचाओ किसान संघर्ष समिति के बैनर तले आयोजित इस धरने में नौबतपुर, पुनपुन और मसौढ़ी प्रखंड के विभिन्न गांवों से किसान बैनर-पोस्टर के साथ पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने सरकार विरोधी नारेबाजी की। सबों ने एकसुर में कहा जान दे देंगे लेकिन जमीन नहीं देंगे, यह जमीन हमारी मां है हमारी रोजी-रोटी है इसे कोई कीमत पर नहीं सरकार को लेने देंगे।धरना के बाद किसानों का प्रतिनिधिमंडल अनुमंडल पदाधिकारी मसौढ़ी से मिला और उन्हें प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम 3 सूत्रीय स्मार-पत्र सौंपा। किसानों का आरोप है कि सरकार टाउनशिप के नाम पर किसानों की उपजाऊ जमीन पूंजीपतियों को बेचना चाहती है। स्मार-पत्र में किसानों ने कहा कि टाउनशिप का मतलब सड़क, बिजली, अस्पताल और रोजगार बढ़ाना होना चाहिए, न कि किसानों की जमीन छीनना। उन्होंने कहा कि सरकार एक तरफ "किसानों की आय दोगुनी" करने की बात करती है और दूसरी तरफ उनकी जमीन छीनकर पूंजीपतियों को देना चाहती है। किसानों की प्रमुख मांग है कि दो फसली सिंचित भूमि का अधिग्रहण रोका जाए, जमीन की रजिस्ट्री पर लगी रोक हटाई जाए और बाजार मूल्य का चार गुना मुआवजा दिया जाए। साथ ही किसानों से 45 प्रतिशत भूमि लेने की व्यवस्था खत्म कर सीमित अधिग्रहण किया जाए। किसान नेता राजेश सिंह और मनीष कुमार पटेल ने कहा कि जमीन बेचना किसानों का संवैधानिक अधिकार है। सरकार द्वारा इस पर रोक लगाना अलोकतांत्रिक है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांगे नहीं मानी गई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।इस अवसर पर बड़ी संख्या में किसान और समिति के पदाधिकारी मौजूद थे। एसडीओ ने आश्वासन दिया कि स्मार-पत्र को सरकार तक पहुंचाया जाएगा। धरना में जगपति नारायण सिंह, मुखिया संघ के अध्यक्ष पिंकू कुमार सिंह, संजय कुमार, राजेश सिंह, मंटू सिंह, महेश प्रसाद सिंह, नवनीत कुमार, पंकज कुमार सिंह, पालटन सिंह, लालमोहन सिंह, सुनील गावस्कर, मुन्ना पासवान, मनीष कुमार, बिनोद सिंह आदी शामिल रहे।

## प्रेम यूथ फाउंडेशन एवं बी.डी. कॉलेज, पटना के बीच इंटर्नशिप एवं वॉलंटियरशिप हेतु एमओयू पर हस्ताक्षर



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विद्यार्थियों को व्यावहारिक अनुभव, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं कौशल विकास के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बी.डी. कॉलेज, पटना एवं प्रेम यूथ फाउंडेशन (एनजीओ) के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते के अंतर्गत महाविद्यालय के चतुर्थ एवं पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को संस्था द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक, शैक्षणिक एवं सामुदायिक विकास कार्यक्रमों में इंटर्नशिप एवं वॉलंटियरशिप का अवसर प्रदान किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, सामाजिक संवेदनशीलता, टीम भावना, संवाद कौशल तथा व्यावसायिक दक्षता का विकास करना है। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिवाकर प्रसाद ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप विद्यार्थियों को अनुभवात्मक अधिगम तथा सामुदायिक सहभागिता से जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह साझेदारी विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास, सामाजिक चेतना तथा रोजगारोन्मुखी कौशल के संवर्धन में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। प्रेम यूथ फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने महाविद्यालय के साथ दीर्घकालिक सहयोग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था विद्यार्थियों को समाजोपयोगी परियोजनाओं, जागरूकता अभियानों, सामुदायिक विकास कार्यक्रमों तथा अन्य रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता का अवसर प्रदान करेगी, जिससे वे अपने शैक्षणिक ज्ञान का व्यावहारिक जीवन में प्रभावी उपयोग कर सकें। इस अवसर पर इतिहास विभाग के डॉ. बिनोद कुमार, समाजशास्त्र विभाग के डॉ. एन. के. ठाकुर तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के कार्यक्रम पदाधिकारी विशाल विजय भी उपस्थित रहे।

## मोकामा को मिली विकास की सौगात

# रेलवे स्टेशन की 97 करोड़ से बदलेगी तस्वीर



**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा रेलवे स्टेशन के कायाकल्प की तैयारी तेज हो गई है। शुक्रवार को स्टेशन प्रबंधक हरि शंकर कुमार की अध्यक्षता में रेलवे स्टेशन सलाहकार समिति की अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें यात्री सुविधाओं को विश्वस्तरीय बनाने पर बड़े फैसले लिए गए।बैठक से पहले समिति के सदस्यों ने स्टेशन परिसर का गहन निरीक्षण किया और कमियों को चिह्नित किया। बैठक में यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांगों पर मुहर लगी।पटना एंड पर स्थित फुट ओवर ब्रिज का चौड़ीकरण किया जाएगा। साथ ही पूर्वी और पश्चिमी समपार फाटक के ऊपर नए ओवर ब्रिज बनाने की योजना पर सहमति बनी, जिससे जाम से राहत मिलेगी।मोकामा और आसपास के धार्मिक व तीर्थ स्थलों का विवरण स्टेशन पर प्रदर्शित किया जाएगा, ताकि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को सुविधा हो।पटना-दुमका एक्सप्रेस, बांका एक्सप्रेस और भागलपुर-नई दिल्ली गरीब रथ एक्सप्रेस के मोकामा में ठहराव के लिए उच्च अधिकारियों से मुलाकात की जाएगी।व्यापारियों और आम लोगों की सुविधा के लिए स्टेशन पर पार्सल सेवा चालू करने का निर्णय लिया गया।स्टेशन प्रबंधक हरि शंकर कुमार ने बताया कि अमृत भारत योजना के तहत मोकामा स्टेशन के विकास के लिए लगभग 97 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत हो चुकी है। इस राशि से नया आधुनिक स्टेशन भवन बनाया जाएगा और यात्री सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। योजना का कार्य जल्द ही शुरू कर दिया जाएगा।बैठक में रेल स्वास्थ्य निरीक्षक दिनेश झा, सीटीआई ज्ञान प्रकाश, बीजेपी नेता नलिनी रंजन शर्मा उर्फ ललन सिंह, बैकुंठ झा, राकेश कुमार हनुमान और आरपीएफ आरक्षी सौरभ कुमार,नीरज कुमार,सुनील कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## अनुसंधान संस्कृति से ही बनेगा विकसित भारत : प्रो. शांडिल्य

### टी.पी.एस. कॉलेज में 'जीव विज्ञान के उभरते आयाम : अणुओं से पारितंत्र तक' विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के वनस्पति विज्ञान विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के संयुक्त तत्वावधान में 'जीवन विज्ञान के उभरते आयाम : अणुओं से पारितंत्र तक' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. (डॉ.) तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि अनुसंधान संस्कृति ही विकसित भारत की आधारशिला है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप उच्च शिक्षा संस्थानों का दायित्व केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि नवाचार, शोध एवं समाजोपयोगी ज्ञान के सृजन को भी बढ़ावा देना है। वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं आयोजन संयोजक डॉ. विनय भूषण कुमार ने कहा कि जीवन विज्ञान अब केवल पारंपरिक अध्ययन तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि जीनोमिक्स, जैव-प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, जैव-सूचना विज्ञान एवं पर्यावरण विज्ञान के समन्वय से विज्ञान का नया युग प्रारंभ हुआ है। मुख्य वक्ता प्रो. ध्रुव कुमार ने स्तन कैंसर के शीघ्र एवं सटीक निदान, नई औषधियों की खोज, परिशुद्ध चिकित्सा तथा प्रयोगशाला से उपचार तक के अनुसंधान के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जीनोमिक्स एवं आधुनिक जैव-प्रौद्योगिकी के समन्वय से कैंसर के निदान और उपचार में क्रांतिकारी परिवर्तन संभव है। विशिष्ट वक्ता डॉ. आशीष कुमार ने कालाजार के हर्बल उपचार तथा उसमें पाए जाने वाले जैव-सक्रिय मेटाबोलाइट्स की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए औषधीय पौधों पर वैज्ञानिक अनुसंधान को और अधिक प्रोत्साहित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया। मुख्य अतिथि प्रो. मनोरमा कुमारी ने कहा कि जीनोमिक्स-आधारित अनुसंधान रोगों की सटीक पहचान, व्यक्तिगत चिकित्सा, जैव-विविधता संरक्षण तथा कृषि एवं स्वास्थ्य विज्ञान में नई संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त कर रहा है। महाविद्यालय के शोध समन्वयक डॉ. रवि प्रभाकर ने कहा कि ऐसी राष्ट्रीय संगोष्ठियाँ शोधार्थियों एवं युवा वैज्ञानिकों को नवीन शोध पद्धतियों, वैज्ञानिक दृष्टिकोण तथा अकादमिक सहयोग के लिए प्रेरित करती हैं तथा गुणवत्तापूर्ण शोध को नई दिशा प्रदान करती हैं। संगोष्ठी के तकनीकी सत्र में विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आए शोधार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने जीवन विज्ञान के समकालीन विषयों पर अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किये। प्रतिभागियों ने विभिन्न वैज्ञानिक पहलुओं पर विशेषज्ञों से संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

## जगत नारायण लाल कॉलेज में बढ़ती जनसंख्या के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के लिए दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन




**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर स्थित जगत नारायण लाल कॉलेज खगौल में अर्थशास्त्र विभाग और आई. क्यू.ए.सी. के तत्वावधान में जनसंख्या दिवस के अवसर पर जनसंख्या एवं सतत विकास विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्या कार्यक्रम की अध्यक्ष प्रो मधु प्रभा सिंह एवं आमंत्रित वक्ताओं के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात प्राचार्या महोदया द्वारा अतिथि वक्ताओं को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया ।अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्या प्रो मधु प्रभा सिंह ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या के बीच पर्यावरण संरक्षण, जल प्रबंधन और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बहु-क्षेत्रीय दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है।अतिथि वक्ता पटना विश्वविद्यालय की डॉ श्वेता कुमारी ने कहा किजनसंख्या गतिशीलता और सतत विकास विषय पर अपना पक्ष रखा।चंद्रगुप्त प्रबंधन एवं शोध संस्थान के डॉ नीतीश निगम ने सपने संबोधन में कहा कि बिहार के परिप्रेक्ष्य में जनसंख्या वृद्धि तथा खाद्यान्न उपलब्धता के संतुलन पर ध्यान आकृष्ट कराया।अनुग्रह नारायण सिंहा शोध संस्थान के डॉ विप्लव ढाक ने अपने वक्तव्य में जनसंख्या संक्रमण तथा जनसंख्या लाभांश एवं भविष्य में इसके फायदे को रेखांकित किया। इसके पूर्व कार्यक्रम के समन्वयक एवं अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ शशि कांत प्रसाद ने संगोष्ठी के विषय की उपस्थापना करते हुए कहा कि भारत जनसंख्या के हिसाब से पहले स्थान पर है जबकि उत्पादकता और अन्य क्षेत्रों में काफी नीचे है जिससे इतनी बड़ी जनसंख्या का भरण पोषण और साथ ही आने वाली पीढ़ी के प्रति चिता व्यक्त किया।कार्यक्रम का संचालन प्रीतम कुमार एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ राज नारायण सिंह ने किया ।इस अवसर पर प्रो निखिल कुमार सिंह, डॉ गिरिजेश नंदन कुमार , एस एस इमाम , डॉ जनार्दन प्रसाद डॉ शुभांगी त्रिपाठी सहित सभी शिक्षक एवं सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## एफएमडी रोग से पशुओं की सुरक्षा के लिए टीकाकरण अभियान का शुभारंभ, 37250 टीकाकरण लक्ष्य



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मसौढी में डेयरी मतस्य एवं पशु संसाधन विभाग द्वारा मसौढी में निशुल्क एफएमडी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में शुक्रवार से तारेगना डीह गांव में पशुओं को टीकाकरण करके शुरूआत की गई है, मौके पर प्रखंड नोडल पदाधिकारी डॉ संजीव कुमार डॉ उपेंद्र कुमार ,डॉ अंजना कुमारी, वार्ड पार्षद उज्जवल कुमार, आनंद शेखर उपस्थित रहे। गौरतलब है की एफएमडी (खुरपका-मुंहपका) टीकाकरण अभियान के दौरान मसौढी मे लक्ष्य के अनुरूप 37250 पशुओं का टीकाकरण किया जाना है। इस अभियान के अंतर्गत सभी पंचायतों में चार माह और उससे अधिक आयु के लगभग 37400 गौ एवं भैंस वंशीय पशुओं को निःशुल्क टीका लगाया जाना है।प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय के भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजीव कुमार ने बताया कि टीकाकरण के साथ पशुओं को टैग भी लगाया जाएगा। इससे उनका रिकॉर्ड सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। डॉ. कुमार ने जानकारी दी कि एफएमडी एक संक्रामक रोग है, जिससे पशुओं में दूध उत्पादन में कमी आती है और वे शारीरिक रूप से कमजोर हो जाते हैं।

### जविप्र विक्रेताओं करेंगे बुजुर्गों के विशेष योजना का सत्यापन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग राशन कार्डधारियों को अब राशन के लिए डीलर की दुकान नहीं जाना पड़ेगा। सरकार की नई योजना के तहत प्रत्येक शनिवार को डीलर स्वयं बुजुर्गों के घर जाकर खाद्यान्न देंगे। इस अभियान को शत प्रतिशत सफल बनाने के लिए मसौढ़ी प्रखंड मुख्यालय में शुक्रवार को विशेष तैयारी शुरू की गई। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी वीरेंद्र भारती ने सभी जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी विक्रेताओं को 80 प्लस बुजुर्गों के जीवित होने और मृत्यु का सत्यापन करने का टास्क दिया गया। इसके साथ ही जो राशन कार्डधारी दूसरे स्थान पर टैग हो गए हैं, उनकी भी रिपोर्ट तैयार करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी वीरेंद्र भारती ने बताया कि मसौढ़ी प्रखंड के अंतर्गत कुल 1873 राशन कार्डधारी 80 प्लस बुजुर्ग हैं।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए भिखारी ठाकुर

# सूत्रधार के कलाकारों ने मनाई भिखारी ठाकुर की पुण्यतिथि




**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर स्थित पावन धरती पर शुक्रवार को सांस्कृतिक संस्था 'सूत्रधार' द्वारा आयोजित भिखारी ठाकुर की 55वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित विशेष कार्यक्रम परिचर्चा एवं भिखारी के गीतों की प्रस्तुति सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन भोजपुरी माटी के 'शेक्सपियर' और अनगढ़ हीरा भिखारी ठाकुर की स्मृतियों को नमन करने और उनके विचारों को पुनर्जीवित करने का एक भावुक और बौद्धिक मंच बना। देवी स्थान, बड़ी खगौल के प्रागण में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य परिचर्चा कर्ता प्रो. प्रसिद्ध कुमार सहित राज्य के कई प्रबुद्ध साहित्यकारों, शिक्षाविदों और रंगकर्मियों ने भिखारी ठाकुर के साहित्य की सामाजिक प्रासंगिकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने एकमत होकर कहा कि 'बिदेसिया' और 'बेटी-बेचवा' जैसी कालजयी रचनाएं आज भी समाज की कुरीतियों के विरुद्ध एक सशक्त हथियार हैं। इस अवसर पर सूत्रधार की सांस्कृतिक टीम ने भिखारी ठाकुर के अमर गीतों को प्रस्तुत कर समां बांध दिया। सुर और लय के माध्यम से कलाकारों ने उनकी मानवीय संवेदनाओं को दर्शकों के सामने जीवंत कर दिया। कलाकारों में अखिलेश सिंह, लवकुश राजा, रेखा सिन्हा, राजीव रंजन त्रिपाठी, भोला सिंह की गायकी ने सबका दिल जीत लिया, सहयोगी मुकेश कुमार, हुस्न फातिमा अभिजीत, कुंदन कुमार, सिंपी सिंह, कुंदन कुमार, शशि भूषण शर्मा आदि थे। इस अवसर पर खगौल नगर परिषद के मुख्य पार्षद सुजीत कुमार, मोहन पासवान प्रो. उदय राज, उदय कुमार (निर्देशक), अरुण सिंह पिंटू (रंगकर्मी), मिथिलेश पांडे, विनोद शंकर मिश्रा, प्रो. सागरिका राय, दीनानाथ पांडे, राजमणि मिश्र, सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिन्स, अनीता कुमारी,जय प्रकाश मिश्र, अशोक कुणाल , जमुना प्रसाद और आशुतोष श्रीवास्तव, अनिल गुप्ता, राम चंद्र सिंह, सहित कला जगत की कई दिग्गज हस्तियों की उपस्थिति ने परिचर्चा में भाग लिया और कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। 'सूत्रधार' के महासचिव प्रसिद्ध रंगकर्मी नवाब आलम ने अध्यक्षता करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों पर बात रखी और लोक-संस्कृति को सहेजने के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि जुलाई के अंत में गबरघिचोर का मंचन किया जाएगा।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना संख्याः ओ/एसी/टी/102-105/26-27 (खुली), दिनांक 09.07.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, केस संख्या** : ओ-एसी-टी-102-26-27, **कार्य का नाम:** एईएन/जसीडीह के अधीन एसएसई/पी (वे)/दुमका के खंड में ट्रैक की मरम्मत एवं रखरखाव के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु.75,39,515.23, **बयाना राशि :** रु. 1,50,800/-, **कार्य समाप्त करने की अवधिः** 12 माह । **क्रम सं. 2, केस संख्या** : ओ-एसी-टी-103-26-27, **कार्य का नामः** सिमुलतला, जसीडीह एवं दुमका रेलवे कॉलोनी में दरवाज़े और खिड़कियाँ, सैनिटरी कार्य और अन्य सहायक कार्य सहित क्वार्टरों के सुधार के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु.1,87,88,566.01, **बयाना राशि :** रु. 3,75,800/-, **कार्य समाप्त करने की अवधिः** 12 माह । **क्रम सं. 3,** केस संख्या : ओ-एसी-टी-104-26-27, **कार्य का नामः** चित्तरंजन, जामताड़ा रेलवे कॉलोनी में दरवाज़े और खिड़कियाँ, सैनिटरी कार्य और अन्य सहायक कार्य सहित क्वार्टरों के सुधार के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु.1,17,09,552.70, **बयाना राशि :** रु. 2,34,200/-, **कार्य समाप्त करने की अवधिः** 12 माह। **क्रम सं. 4,** केस संख्या : ओ-एसी-टी-105-26-27, **कार्य का नामः** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल के अधीन एईएन/II/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में कुलटी-प्रधानखांता खंड में पुल संख्या 24 (स्पैन 1X3.00 मी), पुल संख्या 31 (स्पैन 1X3.30 मी), पुल संख्या 33 (स्पैन 1X4.60 मी) और पुल संख्या 42 अप और डाउन (स्पैन 1X3.60 मी) के सुदृढ़ीकरण के लिए आरसीसी जैकेटिंग हेतु खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु.5,37,50,462.41, **बयाना राशि :** रु. 10,75,000/-, **कार्य समाप्त करने की अवधिः** 18 माह। **बंद होने की तिथि और समयः** दिनांक 05.08.2026 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।
ASN-173/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त निविदा सूचना सं. : ईएल-एचडब्ल्यूएच-सीओएन-टीआरएल-182-2026-एनआईटी, निविदा सं. : ईएल-एचडब्ल्यूएच-सीओएन-टीआरएल-182-2026, दिनांक** 08.07.2026, उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (निर्माण), मुख्यालय, पूर्व रेलवे, 17 नेताजी सुभाष रोड, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 द्वारा उचित वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव के साथ अनुभवी विद्युत ठेकेदारों, पार्टनरशिप फर्म आदि से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नामः** "लिलुआ 132 केवी एस/एस से बेलुड़ टीएसएस तक बेलुड़ टीएसएस, 132 केवी डी/सी ट्रांसमिशन लाइन में 132 केवी टर्मिनल व्यवस्था का निर्माण (ओवर हेड एवं अंडर ग्राउंड रूट के लिए)"। **निविदा मूल्य :** रु. 15,28,54,188.32, **निविदा कागजात का मूल्यः** शून्य। **बयाना राशि :** रु.30,57,100/-, **समापन अवधिः** 09 (नौ) माह। **अंतिम तिथि और समयः** दिनांक 03.08.2026 को 15.00 बजे। निविदा कागजात वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है एवं इस निविदा के लिए उल्लिखित अंतिम तिथि और समय पर या उससे पूर्व वर्णित "निविदा कागजात की लागत" एवं "बयाना राशि" के ऑनलाइन भुगतान के बाद बोली उक्त वेबसाइट पर जमा की जा सकती है। इस निविदा के लिए हर पहलू से संपूर्ण निविदा, ऊपर वर्णित सभी कागजातों के साथ **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जानी चाहिए। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं इस प्रकार प्राप्त किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। निविदा कागजात, निविदा सूचना का विवरण, समय-समय पर जारी शुद्धिपत्र (यदि कोई है) एवं अन्य बुनियादी जानकारी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। विस्तृत निविदा सूचना उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (निर्माण), मुख्यालय, 17 नेताजी सुभाष रोड, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 के सूचना पट पर भी देखा जा सकता है।
CON-24/2026-27
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## एक नजर

### आईजी के आदेश पर चार थानेदारों का तबादला

**बिहारशरीफ।** मगध रेंज के आईजी जितेंद्र राणा के आदेश पर पुलिस अधीक्षक भारत सोनी ने जिले के चार थानेदारों समेत कई पुलिस पदाधिकारियों का तबादला करते हुए नई पदस्थापना का आदेश जारी किया है। यह बदलाव जिले में विधि-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से किया गया है।जारी आदेश के अनुसार, हिलसा थानाध्यक्ष अभिजीत कुमार को राजगीर थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, राजगीर थानाध्यक्ष रमण कुमार को पुलिस लाइन भेज दिया गया है। हिलसा सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रभानु को हिलसा थाना की कमान सौंपी गई है।इसी क्रम में चेरो ओपी प्रभारी रौशन कुमार को परवलपुर थाना का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। लहेरी थाना में पदस्थापित दारोगा सर्वेश कुमार राय को चेरो ओपी का प्रभारी बनाया गया है। न्यायालय शाखा में तैनात अमरदीप कुमार को हिलसा सर्किल इंस्पेक्टर की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं, परवलपुर के तत्कालीन थानाध्यक्ष का तबादला लहेरी थाना में किया गया है।

### नालंदा में 3.47 लाख पेंशनधारियों के खाते में पहुंची बढ़ी हुई पेंशन

**बिहारशरीफ।** सामाजिक सुरक्षा पेंशनधारियों के खातों में बढ़ी हुई पेंशन राशि के अंतरण के अवसर पर शुक्रवार को न्यू एनआईसी सभागार, बिहारशरीफ में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री के राशि अंतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण टीवी, लैपटॉप और मोबाइल के माध्यम से दिखाया गया, जिसे बड़ी संख्या में पेंशनधारियों व अधिकारियों ने देखा।राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन की सभी छह योजनाओं में जून 2025 से मासिक पेंशन राशि 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दी है। जून 2026 की बढ़ी हुई पेंशन एवं बकाया राशि लाभार्थियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी गई।नालंदा जिले में कुल 3,47,049 पेंशनधारियों के बीच 48 करोड़ 99 लाख 76 हजार 200 रुपये अंतरित किए गए। इसमें इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धा पेंशन योजना के 73,568 लाभार्थियों को 16.18 करोड़ रुपये, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना के 1,97,963 लाभार्थियों को 22.70 करोड़ रुपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना के 11,457 लाभार्थियों को 2.52 करोड़ रुपये, लक्ष्मीबाई सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 33,509 लाभार्थियों को 3.73 करोड़ रुपये, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय निःशक्तता पेंशन योजना के 4,012 लाभार्थियों को 88.26 लाख रुपये तथा बिहार निःशक्तता पेंशन योजना के 26,540 लाभार्थियों को 2.97 करोड़ रुपये अंतरित किए गए।कार्यक्रम में जिलाधिकारी, उप विकास आयुक्त, सिविल सर्जन, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, डीपीओ आईसीडीएस सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिला-पुरुष पेंशनधारी उपस्थित रहे। सरकार ने इसे समाज के कमजोर वर्गों को सम्मानजनक जीवन एवं सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

### सेवा संवाद समाधान कार्यक्रम में डीएम ने की 41 मामलों की सुनवाई

**बिहारशरीफ।** राज्य सरकार के रसबका सम्मानदृजीवन आसानश् अभियान के तहत आयोजित सेवादृसंवाददृसमाधान कार्यक्रम में जिलाधिकारी उदिता सिंह ने जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से आए 41 आवेदकों की समस्याओं की सुनवाई कर उनके शीघ्र निष्पादन के निर्देश दिए।कार्यक्रम के दौरान अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद, अतिक्रमण और कब्जे से संबंधित रहीं। एक आवेदक ने रैयती जमीन में लगी मूंग की फसल को जबरन जोतकर कब्जा करने की शिकायत की, जबकि दूसरे ने जमीन की रजिस्ट्री के लिए राशि लेने के बावजूद रजिस्ट्री नहीं किए जाने का मामला उठाया। इसके अलावा बलपूर्वक खेत पर कब्जा, राजगीर नगर परिषद क्षेत्र के नोनही पईन पर अतिक्रमण कर सड़क निर्माण, भाइयों के बीच लंबित बंटवारा विवाद, जाली दस्तावेज के आधार पर जमीन कब्जाने तथा गलत मापी कर खतियानी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायतें भी सामने आईं।जिलाधिकारी ने इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए अपर समाहर्ता एवं जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी को निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। अन्य सभी आवेदनों को भी संबंधित विभागों के अधिकारियों को भेजते हुए शीघ्र समाधान करने और शिकायतकर्ताओं को राहत उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

### पावापुरी-नवादा रेल परियोजना के विरोध में किसानों का धरना

**गिरियक।** पावापुरी-नवादा प्रस्तावित रेल परियोजना के विरोध में रेलवे परियोजना संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा के बैनर तले शुक्रवार को प्रभावित किसानों ने गिरियक प्रखंड मुख्यालय परिसर में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में जुटे किसानों ने स्पष्ट कहा कि वे किसी भी कीमत पर अपनी उपजाऊ कृषि भूमि रेलवे परियोजना के लिए नहीं देंगे और सरकार से परियोजना को तत्काल निरस्त करने की मांग की।धरना को संबोधित करते हुए श्रीकांत शर्मा ने आरोप लगाया कि सरकार किसानों की सहमति के बिना भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया आगे बढ़ाकर लोकतांत्रिक मूल्यों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर किसानों की आजीविका छीनने का प्रयास स्वीकार नहीं किया जाएगा। डॉ. परमानंद कुमार ने कहा कि किसानों पर जबरन निर्णय नहीं थोपा जा सकता। वहीं उपेंद्र प्रसाद ने आरोप लगाया कि रेलवे विभाग ने किसानों से संवाद किए बिना अधिसूचना जारी कर दी, जो विश्वासघात है। उन्होंने पावापुरी में पहले से रेलवे स्टेशन होने के कारण नई परियोजना की आवश्यकता पर भी सवाल उठाया।धरना के बाद किसानों के शिष्टमंडल ने अंचलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने भूमि अधिग्रहण से पहले प्रभावित परिवारों से वार्ता, उपजाऊ कृषि भूमि की सुरक्षा और रेल परियोजना निरस्त करने की मांग दोहराई। धरना में पुरी, दशरथपुर, मरकट्टा, जलालपुर, नसीरपुर, सतौवा तथा नवादा जिले के कुंभी सहित कई गांवों के किसान शामिल हुए।

### नवपदस्थापित डीइओ हेमचन्द्र का शिक्षकों ने किया स्वागत



लंबित समस्याओं के समाधान की जताई उम्मीद

**बिहारशरीफ।** बिहार पंचायत-नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ, नालंदा के जिलाध्यक्ष सूर्यकांत सिंह कांत के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा कार्यालय पहुंचकर नवपदस्थापित जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) हेमचन्द्र का बुके एवं माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस दौरान शिक्षकों ने उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने बताया कि हेमचन्द्र पूर्व में नालंदा में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मध्याह्न भोजन) के रूप में कार्य कर चुके हैं और अपने ईमानदार, कर्तव्यनिष्ठ तथा सौहार्दपूर्ण व्यवहार के कारण शिक्षकों के बीच लोकप्रिय रहे हैं।जिला प्रभारी रीतेश कुमार ने कहा कि डीईओ के रूप में उनकी वापसी से शिक्षकों को लंबित समस्याओं के समाधान की नई उम्मीद जगी है। जिलाध्यक्ष सूर्यकांत सिंह कांत ने विश्वास जताया कि हेमचन्द्र शिक्षकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर जिले में बेहतर शैक्षणिक वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।इस अवसर पर डीईओ हेमचन्द्र ने शिक्षकों से पूरी ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने और विभागीय निर्देशों का पालन करने की अपील की। उन्होंने आश्वासन दिया कि शिक्षक निडर होकर अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखें, सभी मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा।कार्यक्रम में शशिप्रभा सिन्हा, अजीत कुमार, के.के. ब्रह्मचारी, अमित कुमार, मनोज कुमार, शंभु कुमार, राजीव रंजन कुमार, संजीव कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में प्रतिदिन लक्ष्य करें पूरा : डीएम




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय सभाकक्ष में शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना, पीएम कुटीर योजना एवं मॉडल विलेज योजना की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन, लंबित आवेदनों, लक्ष्य प्राप्ति तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत प्रतिदिन निर्धारित लक्ष्य हर हाल में पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं का लाभ समयबद्ध तरीके से अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना सभी संबंधित अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। साथ ही कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखने को कहा। बैठक में संवेदक ने जानकारी दी कि योजना के अंतर्गत निर्धारित सभी कार्य तय समय-सीमा से पहले पूरे कर लिए जाएंगे। इस पर जिलाधिकारी ने कार्यों की सतत निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित बैंकों को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत अस्वीकृत आवेदनों की विस्तृत समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आवेदनों के अस्वीकृत होने के कारणों का विश्लेषण कर उनका शीघ्र निराकरण किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी कहा कि आवेदन प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाते हुए लाभार्थियों को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को योजना से जोड़ने के लिए प्रभावी रणनीति तैयार की जाए। संभावित लाभार्थियों की पहचान कर उनसे संपर्क स्थापित किया जाए तथा सोलर रूफटॉप स्थापना के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। बैठक में मॉडल विलेज योजना की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि जिले से 10 गांवों का चयन किया जाएगा। जिन राजस्व गांवों में सर्वाधिक सोलर रूफटॉप स्थापित होंगे, उन्हें मॉडल विलेज के रूप में विकसित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सभी संबंधित विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने लंबित आवेदनों का शीघ्र निष्पादन, अस्वीकृत मामलों की समीक्षा तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। बैठक में कार्यपालक अभियंता (विद्युत), संबंधित विभागों के पदाधिकारी, बैंक प्रतिनिधि एवं संवेदक उपस्थित थे।

# चाकूबाजी के नामजद आरोपितों की गिरफ्तारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के काजीचक गांव में चाकूबाजी की घटना में गंभीर रूप से घायल मनाउल्लाह के परिजनों ने नामजद आरोपितों की अब तक गिरफ्तारी नहीं होने पर नाराजगी जताई है। घायल की पत्नी फरजाना खातून ने वरीय पुलिस अधिकारियों को आवेदन देकर आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी, परिवार की सुरक्षा तथा निष्पक्ष जांच की मांग की है। आवेदन के अनुसार, रफीगंज थाना कांड संख्या 245/2026 में 11 नामजद आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज है। परिजनों का आरोप है कि घटना के कई दिन बाद भी किसी भी अभियुक्त की गिरफ्तारी नहीं हुई है। आरोपित खुलेआम घूम रहे हैं और परिवार को लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। मनाउल्लाह ने बताया कि 22 जून की रात मोहर्रम का जुलूस देखने के बाद वह गांव के स्कूल के पीछे गए थे। इसी दौरान पहले से घात लगाए लोगों ने उन्हें घेर लिया और चाकू व डंडे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। हमले में उनके शरीर पर कई गंभीर जख्म आए। आरोप है कि हमलावर सोने की चेन और 10 हजार रुपये नकद भी छीन ले गए। घायल का प्राथमिक उपचार रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराने के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर किया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। परिजनों ने बताया कि वर्ष 2023 में भी मनाउल्लाह पर जानलेवा हमला हुआ था, जिसका मामला न्यायालय में लंबित है।

# गोरडीहा में नवनिर्मित यात्री शेड का उद्घाटन, राहगीरों व श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड की गोरडीहा पंचायत अंतर्गत गोरडीहा गांव स्थित सूर्य मंदिर के समीप नवनिर्मित यात्री शेड का उद्घाटन शुक्रवार को जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के साथ ही यात्री शेड को आम लोगों के उपयोग के लिए समर्पित कर दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सूर्य मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इसके अलावा इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को भी अब धूप, बारिश और अन्य प्रतिकूल मौसम के दौरान ठहरने की सुविधा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि इस तरह की जनसुविधाओं के विकास से ग्रामीण क्षेत्र में बुनियादी सुविधाएं मजबूत होती हैं और लोगों को सीधा लाभ मिलता है। उद्घाटन समारोह में जिला परिषद सदस्य प्रदीप चौरसिया, मुखिया विजय सिंह, उपमुखिया महेंद्र प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि भोला चौधरी, जदयू अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव विजय विश्वकर्मा, भाजपा जिला मंत्री सुबोध सिंह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मधुकर कुशवाहा, पूर्व मुखिया विनोद कुमार, पंचायत समिति सदस्य ईश्वर चौधरी, सरपंच उदय वर्मा तथा जदयू महिला प्रकोष्ठ की नेत्री संगीता देवी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# पौधारोपण कर दिया हरित भविष्य का संदेश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** एस.एस. ग्लोबल पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के उद्देश्य से वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के संस्थापक शंभू शरण सिंह, निदेशक ई. मनीष सिंह, प्राचार्य आशुतोष, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए।



इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक शंभू शरण सिंह ने कहा कि "वृक्ष प्रकृति का अमूल्य उपहार हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम-से-कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभानी चाहिए। आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण देना हम सभी का नैतिक कर्तव्य है।" विद्यालय के निदेशक ई. मनीष सिंह ने कहा कि "पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि हमारी जीवनशैली का हिस्सा होना चाहिए। विद्यार्थियों में प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना विकसित करना विद्यालय का उद्देश्य है। आज लगाया गया प्रत्येक पौधा भविष्य में स्वच्छ हवा, हरियाली और स्वस्थ जीवन का आधार बनेगा।" कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य आशुतोष ने भी विद्यार्थियों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने, उनकी नियमित देखभाल करने तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति सदैव जागरूक रहने का संदेश दिया। अंत में सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने तथा भविष्य में भी ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

# बिजली चोरी के आरोप में दो लोगों पर प्राथमिकी, 28 हजार से अधिक का जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** विद्युत विभाग ने सहायक विद्युत अभियंता अशोक राज के नेतृत्व में बिजली चोरी के विरुद्ध विशेष छापेमारी अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान दो लोगों को अवैध रूप से बिजली का उपयोग करते पकड़ा गया, जिन पर कुल 28,504 रुपये का जुर्माना लगाया गया तथा रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। विभाग की टीम ने निचली डीह चरकावा गांव में मस्तान दास के घर छापेमारी की। जांच में पाया गया कि बिजली बिल बकाया रहने के कारण उनका कनेक्शन पहले ही काट दिया गया था। इसके बावजूद वे अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे थे। इस मामले में उन पर 13,405 रुपये का जुर्माना लगाया गया। वहीं, राजा नगर निवासी मो. इश्तेयाक के यहां भी छापेमारी के दौरान बिजली चोरी का मामला सामने आया। उनका विद्युत कनेक्शन भी बकाया बिल के कारण पूर्व में विच्छेदित कर दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद अवैध रूप से बिजली का उपयोग किया जा रहा था। इस पर विभाग ने 15,099 रुपये का जुर्माना लगाया। थानाध्यक्ष शंभु कुमार ने बताया कि कनीय विद्युत अभियंता मारुतिनंदन प्रियदर्शी के आवेदन पर दोनों आरोपितों के विरुद्ध रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सामाजिक सहयोग से पूरा होगा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शुक्रवार जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास निगम, औरंगाबाद अंतर्गत जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन (डीएचईडब्लू) द्वारा मदनपुर प्रखंड के मध्य विद्यालय आजन में 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' योजनांतर्गत विशेष सखी वार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं एवं किशोरियों को शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को बाल विवाह, लैंगिक हिंसा, घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण हेतु संचालित विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही छात्र-छात्राओं को शिक्षा




के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने एवं अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला परियोजना प्रबंधक विनय प्रताप सिंह एवं जिला मिशन समन्वयक मिथलेश कुमार ने मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, महिला हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर तथा मिशन शक्ति योजना सहित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विस्तारपूर्वक दी।


**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना संख्या :** 31–एसडीएसटीई–एएसएन–2026–27, **दिनांक** 09.07.2026, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल–उम्र सह स्थिति के आधार पर एवं विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए इंटरलॉक्ड लेवल क्रॉसिंग गेटों के इक्विपमेंट का प्रतिस्थापन"। **निविदा मूल्य:** रु. 2,71,25,059.70, **बयाना राशि:** रु. 5,42,500/–, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 03.08.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण: http://www. ireps.gov.in/**

ASN-175/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways. gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


# सांस्कृतिक कैलेंडर में शामिल होना पहला पड़ाव, जिउतिया लोकोत्सव को मिले पर्याप्त आवंटन की लड़ाई अभी बाकी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** बिहार सरकार के कला एवं संस्कृति विभाग के सांस्कृतिक कार्य निदेशालय द्वारा जारी सांस्कृतिक कैलेंडर-2026 में दाउदनगर के जिउतिया लोकोत्सव को शामिल किए जाने पर खुशी जताते हुए वरिष्ठ साहित्यकार एवं शोधकर्ता डॉ. उपेंद्र कश्यप ने कहा कि यह उपलब्धि महत्वपूर्ण जरूर है, लेकिन इसे अंतिम लक्ष्य नहीं माना जाना चाहिए। उनके अनुसार अब इस लोकोत्सव के लिए सरकारी आवंटन स्वीकृत कराने और इसे अधिक भव्य स्वरूप दिलाने की दिशा में प्रयास जारी रखने होंगे। डॉ. कश्यप ने बताया कि वर्ष 1995 से जिउतिया लोकोत्सव को राजकीय पहचान दिलाने तथा बिहार-झारखंड विभाजन के बाद इसे राज्य की प्रतिनिधि लोक-संस्कृति के रूप में स्थापित करने की मांग लगातार उठाई जाती रही है। इस अभियान में मीडिया की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कैलेंडर में शामिल होना लंबे संघर्ष का एक पड़ाव है, जबकि आगे की यात्रा अभी शेष है। उन्होंने बताया कि औरंगाबाद जिले के 10 महोत्सवों को सांस्कृतिक कैलेंडर में स्थान मिला है। इनमें विभिन्न आयोजनों के लिए दो लाख से 15 लाख रुपये तक का आवंटन स्वीकृत किया गया है। सर्वाधिक 15 लाख रुपये देव महोत्सव को मिले हैं, जबकि दाउदनगर के जिउतिया लोकोत्सव के लिए अभी राशि आवंटित नहीं हुई है। डॉ. कश्यप ने कहा कि जिउतिया को केवल संतान की लंबी आयु और भगवान जीमूतवाहन की पूजा से जोड़कर देखना इसकी सांस्कृतिक व्यापकता को सीमित करना होगा। इस लोकोत्सव के सामाजिक और सांस्कृतिक आयाम कहीं अधिक व्यापक हैं, जिन्हें लेकर उन्होंने पिछले तीन दशकों में विभिन्न समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में लगातार लेखन किया। उन्होंने बताया कि वर्ष 1995 में राष्ट्रीय नवीन मेल में जिउतिया पर उनका पहला विस्तृत लेख प्रकाशित हुआ था। इसके बाद बिहार और दिल्ली से प्रकाशित अनेक पत्र-पत्रिकाओं में इस विषय पर लेख प्रकाशित हुए। वर्ष 2000 में 'न्यूज़ ब्रेक' पत्रिका ने पहली बार जिउतिया पर रंगीन तस्वीरों के साथ चार पृष्ठ प्रकाशित किए, जिसके बाद एशियन न्यूज इंटरनेशनल (एएनआई) की टीम ने दाउदनगर पहुंचकर इस लोकोत्सव का वीडियो कवरेज किया। बाद के वर्षों में भी विभिन्न राष्ट्रीय और क्षेत्रीय प्रकाशनों में जिउतिया की सांस्कृतिक विशेषताओं पर लेख प्रकाशित होते रहे। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 में तत्कालीन नगर पंचायत अध्यक्ष परमानंद प्रसाद के कार्यकाल में पहली बार नगर पंचायत परिसर में जिउतिया लोकोत्सव का औपचारिक आयोजन कराया गया। बाद में प्रशासनिक और राजनीतिक कारणों से यह परंपरा कुछ समय के लिए बाधित हुई, लेकिन लोक कलाकारों के प्रयासों से इसका आयोजन फिर शुरू हुआ। वर्तमान मुख्य पार्षद अंजली कुमारी के प्रयासों से अब जिउतिया लोकोत्सव को सांस्कृतिक कैलेंडर-2026 में स्थान मिला है। डॉ. कश्यप ने विश्वास जताया कि सांस्कृतिक कैलेंडर में शामिल होने के बाद यह लोकोत्सव सरकार और प्रशासन की प्राथमिकता में स्थायी रूप से दर्ज रहेगा तथा भविष्य में इसके लिए पर्याप्त सरकारी आवंटन और व्यापक पहचान सुनिश्चित कराने की दिशा में प्रयास और तेज होंगे।

## सरकार से प्राप्त राशि से की जाएगी चार चौकों को मदद

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** चार दिवसीय जिउतिया लोकोत्सव को कला संस्कृति विभाग द्वारा जारी सांस्कृतिक कैलेंडर 2026 में शामिल किए जाने पर मुख्य पार्षद अंजली कुमारी ने खुशी जाहिर की है। नगर परिषद कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इसके लिए जनता, लोक कलाकारों के साथ उन उस्तादों को श्रेय दिया जिन्होंने इसे आरंभ किया और विकसित करने में अपना योगदान दिया। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें मुख्य पार्षद बनाया और जितिया लोक उत्सव को सरकारी दर्जा दिलाने के लिए संबंधित विभाग के मंत्री और तत्कालीन राज्यपाल से मुलाकात की। उनका प्रयास सफल रहा। उन्होंने बताया कि 27 लाख रुपए का बजट उन्होंने सरकार को भेजा है। जितनी भी राशि सरकार उपलब्ध कराएगी उसमें से एक हिस्सा नगर परिषद क्षेत्र में भगवान जीमूतवाहन के बने चार चौकों द्वारा जो आयोजन किया जाता है उनको मदद दी जाएगी। यहां वार्ड पार्षद जयगोविंद प्रसाद, सोनी देवी व प्रतिनिधि जहांगीर कुरैशी ने इस सफलता के लिए अंजली कुमारी को बधाई दी। कहा कि नगर परिषद का यह प्रयास सफल रहा। इससे जिउतिया लोकोत्सव को काफी लाभ होगा।


**Format C-7**

(for political parties to publish in the newspapers, social media platforms & website of the party)

Information regarding individuals with pending criminal cases, who have been selected as candidates, along with the reason for such selection, as also as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidates

(As per the Commission's directions issued in pursuance of the Order dated 13.02.2020 of the Hon'ble Supreme Court in contempt petition(C) no. 2192 of 2018 in WP(C) no. 536 of 2011)

**Name of Political Party : Rashtriya Janata Dal**
***Name of the Election : Bihar Assembly By-Election**
**Name of State/UT : Bihar**
**(1)** Name of Constituency : 182, Bankipur
Name of the candidate : Rekha Kumari

| Sl.no. | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | **Criminal antecedents** | | |
| | a. | Nature of the offences | Property Dispute in Relation to Shops |
| | b. | Case no. | Kotwali P.S. Case No. - 445/2022, Under Section 308, 379, 467, 468, 34 IPC |
| | c. | Name of the Court | A.C.J.M 11 G.R No. - 033607 |
| | d. | Whether charges have been framed or not (Yes/No) | No |
| | e. | Date of conviction, if any | Not Applicable |
| | f. | Details of punishment undergone, if any | Not Applicable |
| | g. | Any other information required to be given | Not Applicable |
| 2. | The reasons for the selection of the candidate. Selection shall be with reference to the qualifications, achievements and merit of the candidate, and not mere "winnability" at the polls (not more than 100 words) | | She is very popular in her area and is very active in the social welfare work. She is Graduate. |
| 3. | Reasons as to why other individuals without criminal antecedents could not be Selected as candidate (not more than 100 words) | | Her Probability of winning is higher than other candidates. |

**Published by Rashtriya Janta Dal (Bihar Pradesh)**

# समय सीमा के भीतर हो जनता दरबार में आये मामलों का निष्पादन : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा शुक्रवार को अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में सात निश्चय-3 अंतर्गत सबका सम्मान-जीवन आसान पहल के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को अग्रसारित किया गया तथा संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी मामलों का निष्पादन निर्धारित समय सीमा के भीतर किया जाए ताकि आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक विलंब ना हो। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक परिवाद का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि परिवादों के निष्पादन की नियमित समीक्षा की जाए।


**Nabinagar Super Thermal Power Project** | **एनटीपीसी NTPC** **NTPC Limited** (A Govt. of India Enterprise) | **नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना**

## आम–सूचना

एनटीपीसी ली., नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना, (एनएसटीपीपी)–(पूर्व कम्पनी एनपीजीसीएल) की स्थापना हेतु जिला औरंगाबाद (बिहार) में भूमि अधिग्रहण के पश्चात पुनर्वास के मद में वैसे पंचाटी (भू–स्वामी) जिनकी मृत्यु हो चुकी है, उन्हें ग्राम विकास सहालकार समिति की बैठक दिनांक–02.11.2018 में तय की गई योजना "वार्षिकी के बदले एक मुश्त राशि" लागू करने का निर्णय एनएसटीपीपी द्वारा लिया गया है। मृत पंचाटी के उत्तराधिकारी के द्वारा "एक मुश्त राशि" प्राप्त करने हेतु दावा किया गया है, जिसका विवरण निम्न है:–

| क्र. सं. | मृतक पंचाटी का नाम | मृत्यु की तिथि | मौजा | खाता सं. | प्लॉट सं. | हिस्सेदारी का रकबा (एकड़ में) | "एकमुश्त राशि" हेतु पात्रता भूमि का रकबा (एकड़ में) | "एकमुश्त राशि" हेतु दावा करने वाले व्यक्ति का नाम एवं पंचाटी के साथ संबंध |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बाबुलाल प्रजापति पिता स्व. फगुनी प्रजापति | 27.11.2017 | अंकोरहा | 50 | 46 | 0.02333 | 1.07830 | दिपरानी देवी (पत्नी) दुर्गा प्रजापति (पुत्र) महेश प्रजापत (पुत्र) |
| | | | अंकोरहा | 50 | 106 | 0.07333 | | |
| | | | अंकोरहा | 59 | 48 | 0.10330 | | |
| | | | अंकोरहा | 50 | 49 | 0.11667 | | |
| | | | अंकोरहा | 50 | 42 | 0.24667 | | |
| | | | अंकोरहा | 50 | 47 | 0.51500 | | |
| 2 | बिन्देश्वरी सिंह पिता स्व. रामदहिन सिंह | 22.05.2013 | नरारीखुर्द | 18 | 489/883 | 0.00330 | 4.72230 | बिनापति देवी (पुत्री) रणबीर कुमार सिंह (नाती) |
| | | | नरारीखुर्द | 18 | 492/891 | 0.00330 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 18 | 489/885 | 0.00660 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 18 | 489/886 | 0.00800 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 18 | 489/637 | 0.01330 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 18 | 492/891 | 0.02000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 18 | 489/888 | 0.02660 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 18 | 490/889 | 0.03830 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 18 | 566 | 0.07660 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 18 | 564/922 | 0.16000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 3 | 519/899 | 0.17000 | | |
| | | | अंकोरहा | 47 | 29 | 0.19800 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 3 | 567 | 0.21000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 18 | 564 | 0.29660 | | |
| | | | अंकोरहा | 47 | 28 | 0.34000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 18 | 492 | 0.36910 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 18 | 490 | 0.42830 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 18 | 489 | 0.43830 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 18 | 563 | 0.59000 | | |
| | | | अंकोरहा | 47 | 30 | 1.32600 | | |
| 3 | राकेश कुमार पिता दुधेश्वर राम | 11.03.2017 | अंकोरहा | 37 | 117 | 0.05750 | 0.50000 | अकाश कुमार (पुत्र) अंजली कुमारी (पुत्री) |
| 4 | जानकी यादव पिता स्व. महंगु यादव | 17.09.2010 | ससना | 30 | 420 | 0.14500 | 0.95000 | देववरती देवी (पत्नी) गुप्तेश्वर सिंह (पुत्र) सुदेश सिंह (पुत्र) |
| | | | ससना | 17 | 396 | 0.25000 | | |
| | | | ससना | 30 | 448 | 0.26500 | | |
| | | | ससना | 17 | 409 | 0.29000 | | |
| 5 | लाला सिंह पिता स्व. दीना सिंह | 13.05.2021 | ससना | 18 | 393 | 0.12867 | 0.50000 | परिखा सिंह (पुत्र) जगनारायण सिंह (पुत्र) श्यामनारायण सिंह (पुत्र) |
| 6 | बिन्देश्वरी सिंह पिता स्व. राजदेव सिंह | 28.05.2022 | शिवनपुर | 23 | 655 | 0.0350 | 1.31000 | सुहागन देवी (पत्नी) प्रमोद कुमार सिंह (पुत्र) रंजीत सिंह (पुत्र) |
| | | | शिवनपुर | 10 | 645 | 0.04000 | | |
| | | | शिवनपुर | 43 | 623/691 | 0.23000 | | |
| | | | शिवनपुर | 40 | 637 | 0.25000 | | |
| | | | शिवनपुर | 43 | 636 | 0.28500 | | |
| | | | शिवनपुर | 40 | 637 | 0.47000 | | |
| 7 | दुर्गा साव पिता स्व. महेश साव | 03.06.2024 | शिवनपुर | 43 | 613 | 0.02875 | 0.50000 | विमला देवी (पत्नी) सुरेन्द्र कुमार साव (पुत्र) बिरेन्द्र गुप्ता (पुत्र) सुबोध कुमार गुप्ता (पुत्र) सुदय कुमार (पुत्र) |
| | | | शिवनपुर | 24 | 653 | 0.06000 | | |
| | | | शिवनपुर | 14 | 510 | 0.1250 | | |
| | | | शिवनपुर | 43 | 612 | 0.09750 | | |
| | | | शिवनपुर | 14 | 510 | 0.00813 | | |
| | | | शिवनपुर | 43 | 504 | 0.00500 | | |
| | | | शिवनपुर | 43 | 611 | 0.16250 | | |
| 8 | कामकुमारी देवी पति स्व. राजवारी साव | 12.08.2019 | शिवनपुर | 43 | 504 | 0.01000 | 1.09900 | विदेशी साव (पुत्र) कृष्णा प्रसाद साव (पुत्र) |
| | | | शिवनपुर | 14 | 510 | 0.01625 | | |
| | | | शिवनपुर | 14 | 506 | 0.01900 | | |
| | | | शिवनपुर | 43 | 505 | 0.02625 | | |
| | | | शिवनपुर | 14 | 506 | 0.04000 | | |
| | | | शिवनपुर | 43 | 613 | 0.05750 | | |
| | | | शिवनपुर | 14 | 510 | 0.09000 | | |
| | | | शिवनपुर | 43 | 612 | 0.19500 | | |
| | | | शिवनपुर | 43 | 497 | 0.32000 | | |
| | | | शिवनपुर | 43 | 611 | 0.32500 | | |
| 9 | मराछु साव पिता स्व. मुसन साव | 19.08.2019 | शिवनपुर | 43 | 613 | 0.01917 | 0.50000 | गिरजा देवी (पत्नी) अर्जुन साव (पुत्र) भीम कुमार गुप्ता (पुत्र) मनोरमा देवी (पुत्रवधु) |
| | | | शिवनपुर | 43 | 505 | 0.02625 | | |
| | | | शिवनपुर | 14 | 510 | 0.03250 | | |
| | | | शिवनपुर | 43 | 612 | 0.06500 | | |
| | | | शिवनपुर | 14 | 510 | 0.0900 | | |
| | | | शिवनपुर | 43 | 497 | 0.10200 | | |
| | | | शिवनपुर | 43 | 611 | 0.10833 | | |
| 10 | भीखर साव पिता स्व. महेश साव | 18.06.2021 | शिवनपुर | 43 | 611 | 0.16250 | 0.50000 | लालदेव साव (पुत्र) गोविन्द साव (पुत्र) |
| | | | शिवनपुर | 24 | 653 | 0.06000 | | |
| | | | शिवनपुर | 14 | 510 | 0.00813 | | |
| | | | शिवनपुर | 43 | 504 | 0.00500 | | |
| | | | शिवनपुर | 43 | 497 | 0.04300 | | |
| | | | शिवनपुर | 43 | 613 | 0.05750 | | |
| | | | शिवनपुर | 43 | 612 | 0.09750 | | |
| 11 | यमुना सिंह पिता स्व. सिगेश्वर सिंह | 17.07.2018 | शिवनपुर | 23 | 655 | 0.0350 | 0.65250 | धनीक राज देवी (पत्नी) मनिष कुमार सिंह (पुत्र) |
| | | | शिवनपुर | 40 | 568 | 0.0500 | | |
| | | | शिवनपुर | 40 | 568 | 0.5675 | | |
| 12 | राजवारी साव पिता स्व. शिवशरण साव | 28.03.2011 | शिवनपुर | 24 | 653 | 0.1200 | 0.50000 | विदेशी साव (पुत्र) कृष्णा प्रसाद साव (पुत्र) |
| 13 | अकलु यादव पिता स्व. प्रमेश्वर यादव | 29.01.2019 | रहरा | 54 | 686 | 0.43000 | 1.36750 | सीताराम सिंह (पुत्र) बैजु सिंह (पुत्र) बृजदेव सिंह (पुत्र) |
| | | | रहरा | 75 | 688 | 0.93750 | | |
| 14 | मटुका यादव पिता स्व. झौरी यादव | 23.12.2015 | रहरा | 75 | 672 | 0.10417 | 0.50000 | तेतरी देवी (पत्नी) रामाश्रय यादव (पुत्र) सुरेश यादव (पुत्र) राजेश यादव (पुत्र) राजेन्द्र यादव (पुत्र) |
| | | | ससना | 28 | 432 | 0.16000 | | |
| | | | ससना | 15 | 430 | 0.22000 | | |
| 15 | रणविजय सिंह पिता श्री विमलेश सिंह | 30.08.2024 | रहरा | 36 | 730 | 0.4188 | 0.50000 | विमलेश सिंह (पिता) दर्शनी देवी (माता) सोनी देवी (पत्नी) अरूश कुमार (पुत्र) |
| 16 | शिपतिया देवी पति स्व. शिवराज यादव | 17.01.2022 | रहरा | 75 | 705 | 0.59750 | 1.37750 | लक्ष्मण यादव (पुत्र) बद्री सिंह (पुत्र) सिपाही यादव (पुत्र) साहेब यादव (पुत्र) |
| | | | रहरा | 19 | 685 | 0.78000 | | |
| 17 | शिवराज यादव पिता स्व. प्रमेश्वर यादव | 10.05.2020 | रहरा | 54 | 686 | 0.43000 | 2.77500 | लक्ष्मण यादव (पुत्र) बद्री सिंह (पुत्र) सिपाही यादव (पुत्र) साहेब यादव (पुत्र) |
| | | | रहरा | 75 | 688 | 0.47000 | | |
| | | | रहरा | 75 | 688 | 0.93750 | | |
| | | | रहरा | 75 | 705 | 0.93750 | | |
| 18 | रामदेव राम पिता स्व. ब्यास राम | 01.01.2015 | बाघी | 11 | 62 | 0.10000 | 0.50000 | नरेश राम (पुत्र) भगलु राम (पुत्र) |
| | | | बाघी | 3 | 58 | 0.15000 | | |
| 19 | रामनारायण सिंह पिता स्व. बाकेलाल सिंह | 13.05.2015 | बाघी | 13 | 13 | 0.12000 | 0.50000 | शान्ति कुँवर (पत्नी) अरूण कुमार सिंह (पुत्र) रिशु कुमार पटेल (पुत्र) |
| | | | बाघी | 8 | 18 | 0.17500 | | |
| 20 | उपेन्द्र सिंह भारती पिता स्व. वासुदेव सिंह | 02.10.2025 | बाघी | 11 | 56 | 0.32750 | 0.82417 | कुमारी सुमन सिंह (पत्नी) प्रिंस कुमार (पुत्र) ओम कुमार (पुत्र) |
| | | | बाघी | 3 | 58 | 0.49667 | | |
| 21 | भुनेश्वर पासवान पिता स्व. रामचन्द्र पासवान | 10.02.2018 | दरियाबाद | 33 | 242 | 0.07000 | 2.22500 | राजेश पासवान (पुत्र) जनेश्वर सिंह (पुत्र) महेन्द्र पासवान (पुत्र) |
| | | | दरियाबाद | 19 | 239 | 0.04000 | | |
| | | | दरियाबाद | 31 | 232 | 0.12000 | | |
| | | | दरियाबाद | 33 | 243 | 0.18330 | | |
| | | | दरियाबाद | 31 | 21 | 0.54670 | | |
| | | | दरियाबाद | 10 | 233 | 1.26500 | | |
| 22 | छेदामी सिंह पिता स्व. रमन सिंह | 16.12.2012 | दरियाबाद | 19 | 239 | 0.21875 | 0.50000 | कमेश्वर सिंह (पुत्र) कपिलदेव सिंह (पुत्र) मुखदेव सिंह (पुत्र) रामपति सिंह (पुत्र) विरेन्द्र सिंह (पुत्र) |
| 23 | शिवचनी देवी उर्फ दिलबोधनी कुँवर पति स्व. श्यामलाल सिंह | 29.08.2023 | दरियाबाद | 28 | 306 | 0.02000 | 0.50000 | गया सिंह (पुत्र) लल्लु सिंह (पुत्र) |
| | | | दरियाबाद | 28 | 283 | 0.14000 | | |
| 24 | राजमुनी कुँवर पति स्व. दुखी पासवान | 10.04.2025 | दरियाबाद | 33 | 242 | 0.00750 | 0.50000 | घुरण राम (पुत्र) शुकन पासवान (पुत्र) अकलु पासवान (पुत्र) |
| | | | दरियाबाद | 31 | 232 | 0.00750 | | |
| | | | दरियाबाद | 33 | 243 | 0.00750 | | |
| | | | दरियाबाद | 31 | 21 | 0.025825 | | |
| 25 | जगती कुँवर पति स्व. बाबुराम पासवान | 26.09.2011 | दरियाबाद | 47 | 244 | 0.4600 | 1.56500 | शारदा देवी (पुत्री) |
| | | | दरियाबाद | 12 | 273 | 0.4800 | | |
| | | | दरियाबाद | 10 | 233 | 0.6250 | | |
| 26 | रामशरण पासवान पिता स्व. रामनन्दन पासवान | 14.07.2011 | दरियाबाद | 20 | 224 | 0.6250 | 0.62500 | कमदिव पासवान (पुत्र) विजय पासवान (पोता) |
| 27 | रामकेश सिंह पिता स्व. कैलाश सिंह | 20.04.2017 | कुड़वा | 41 | 125 | 0.0400 | 0.50000 | मदन सिंह (पुत्र) नन्द कुमारी देवी (पत्नी) |
| | | | कुड़वा | 41 | 124 | 0.3500 | | |
| 28 | दरोगा सिंह पिता स्व. रामदेनी सिंह | 26.06.2024 | नरारीखुर्द | 12 | 337 | 0.03083 | 3.43942 | देवरानी देवी (पत्नी) गीता देवी (पुत्री) अनिल यादव (पुत्र) अरूण कुमार (पुत्र) अरविन्द कुमार यादव (पुत्र) अजय कुमार (पुत्र) अशोक कुमार (पुत्र) अजीत कुमार (पुत्र) प्रियंका कुमार (पुत्री) पुष्पा कुमार (पुत्री) |
| | | | नरारीखुर्द | 6 | 352 | 0.03333 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 12 | 335 | 0.06583 | | |
| | | | मेह | 6 | 287 | 0.11500 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 7 | 360 | 0.13417 | | |
| | | | मेह | 6 | 287 | 0.13500 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 12 | 338 | 0.15000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 12 | 336 | 0.20917 | | |
| | | | मेह | 17 | 223/325 | 0.34500 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 6 | 353 | 0.36833 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 38 | 350 | 0.42050 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 38 | 350 | 0.51225 | | |
| | | | मेह | 15 | 286 | 0.02000 | | |
| | | | मेह | 15 | 286 | 0.90000 | | |
| 29 | नरेश सिंह पिता स्व. परिखा सिंह | 21.12.2015 | मेह | 11 | 319 | 0.09750 | 0.73250 | जयमूर्ति देवी (पत्नी) विकाश कुमार (पुत्र) शुभाष कुमार (पुत्र) सुधीर कुमार (पुत्र) |
| | | | मेह | 14 | 278 | 0.11750 | | |
| | | | मेह | 4 | 312 | 0.20500 | | |
| | | | मेह | 11 | 277 | 0.31250 | | |
| 30 | परिखा सिंह पिता स्व. रामजतन सिंह | 23.10.2011 | मेह | 4 | 312 | 1.62250 | 1.62250 | मोतिया देवी (पत्नी) जीतेन्द्र सिंह (पुत्र) सुरेन्द्र सिंह (पुत्र) जयमूर्ति देवी (पुत्रवधु) |
| 31 | भोला सिंह पिता स्व. नारायण सिंह | 06.03.2025 | सदुरी | 16 | 168 | 0.00300 | 2.55183 | सकुन्तला देवी (पत्नी) मनोज कुमार सिंह (पुत्र) निरंजन सिंह (पुत्र) |
| | | | सदुरी | 16 | 168 | 0.01000 | | |
| | | | सदुरी | 10 | 156 | 0.01000 | | |
| | | | सदुरी | 10 | 157 | 0.01300 | | |
| | | | सदुरी | 16 | 168 | 0.01800 | | |
| | | | सदुरी | 16 | 172 | 0.02200 | | |
| | | | सदुरी | 16 | 167 | 0.06250 | | |
| | | | सदुरी | 18 | 165 | 0.08400 | | |
| | | | सदुरी | 18 | 175 | 0.11400 | | |
| | | | सदुरी | 3 | 161 | 0.12500 | | |
| | | | सदुरी | 17 | 169 | 0.15800 | | |
| | | | सदुरी | 17 | 176 | 0.28400 | | |
| | | | बाघी | 11 | 56 | 0.65500 | | |
| | | | बाघी | 3 | 58 | 0.99333 | | |
| 32 | फौदारी सिंह पिता स्व. दुखी सिंह | 25.09.2023 | सदुरी | 40 | 132 | 0.0350 | 0.50000 | प्रमिला देवी (पुत्रवधु) सोनु कुमार (पोता) सुमन कुमार (पोता) |
| | | | सदुरी | 33 | 99 | 0.0679 | | |
| 33 | गिरजा चौधरी पिता स्व. सिगासन चौधरी | 14.01.2017 | सदुरी | 16 | 171 | 0.00400 | 1.11350 | गीता देवी (पत्नी) अशोक चौधरी (पुत्र) उषा देवी (पुत्री) सीमा (पुत्री) रूबी देवी (पुत्री) |
| | | | सदुरी | 16 | 172 | 0.01100 | | |
| | | | सदुरी | 16 | 170 | 0.03600 | | |
| | | | सदुरी | 16 | 172 | 0.03700 | | |
| | | | सदुरी | 16 | 167 | 0.03750 | | |
| | | | सदुरी | 16 | 177 | 0.11600 | | |
| | | | सदुरी | 33 | 180 | 0.87200 | | |
| 34 | लालबहादुर सिंह पिता स्व. बच्चाराम सिंह | 28.09.2015 | सदुरी | 16 | 171 | 0.00400 | 1.11350 | सोनाली कुमारी (पत्नी) सक्षम सिंह (पुत्र) वैष्णवी सिंह (पुत्री) |
| | | | सदुरी | 16 | 172 | 0.01100 | | |
| | | | सदुरी | 16 | 170 | 0.03600 | | |
| | | | सदुरी | 16 | 172 | 0.03700 | | |
| | | | सदुरी | 16 | 167 | 0.03750 | | |
| | | | सदुरी | 16 | 177 | 0.11600 | | |
| | | | सदुरी | 33 | 180 | 0.87200 | | |
| 35 | सुरजी कुँवर पति स्व. परिखा यादव | 20.11.2011 | सदुरी | 16 | 168 | 0.04700 | 0.50000 | भगवान यादव (पुत्र) |
| | | | सदुरी | 16 | 167 | 0.07100 | | |
| | | | सदुरी | 6 | 162 | 0.25100 | | |
| 36 | सरदार सिंह पिता स्व. हलखोरी सिंह | 29.01.2015 | सदुरी | 33 | 99 | 0.15667 | 0.50000 | फुलवा देवी (पत्नी) ललन कुमार सिंह (पुत्र) सम्भु कुमार सिंह (पुत्र) प्रभा देवी (पुत्री) श्रीमति देवी (पुत्री) |
| 37 | लक्ष्मीनिया देवी पति श्री गंगादयाल सिंह | 13.05.2012 | नरारीकला | 48 | 417 | 0.0050 | 2.27000 | गंगादयाल सिंह (पति) अरविन्द कुमार (पुत्र) रबिन्द्र कुमार सिंह (पुत्र) शिव शंकर कुमार (पुत्र) धर्मेन्द्र कुमार (पुत्र) |
| | | | नरारीकला | 53 | 412 | 0.0800 | | |
| | | | नरारीकला | 48 | 417 | 0.1700 | | |
| | | | नरारीकला | 47 | 421 | 0.2250 | | |
| | | | नरारीकला | 48 | 419 | 0.3800 | | |
| | | | नरारीकला | 47 | 413 | 0.5350 | | |
| | | | नरारीकला | 44 | 416 | 0.8750 | | |
| 38 | सरयु विश्वाकर्मा पिता स्व. जगदीश मिस्त्री | 03.01.2014 | नरारीकला | 58 | 393 | 0.0600 | 2.09000 | शिव शंकर विश्वाकर्मा (पुत्र) |
| | | | नरारीकला | 32 | 388 | 2.0300 | | |
| 39 | बद्री विश्वाकर्मा पिता स्व. स्वारथ विश्वाकर्मा | 10.11.2024 | नरारीखुर्द | 27 | 619/738 | 0.00500 | 0.50000 | बासकलिया देवी (पत्नी) लालदेव मिस्त्री (पुत्र) लखदेव विश्वकर्मा (पुत्र) फुलबसो देवी (पुत्रवधु) बिनोद कुमार विश्वकर्मा (पोता) अजय कुमार विश्वकर्मा (पोता) |
| | | | नरारीखुर्द | 27 | 178 | 0.023125 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 27 | 218/743 | 0.04625 | | |
| 40 | देवलाल सिंह पिता स्व. जीता सिंह | 22.08.2021 | नरारीखुर्द | 38 | 349 | 0.05000 | 3.26625 | मनमतीया देवी (पत्नी) प्रमोद सिंह (पुत्र) योगेन्द्र सिह (पुत्र) सत्येन्द्र सिंह (पुत्र) |
| | | | नरारीखुर्द | 38 | 350 | 0.05000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 38 | 299/793 | 0.05750 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 38 | 348 | 0.07000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 17 | 380 | 0.15625 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 9 | 449 | 0.19500 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 38 | 349 | 0.24000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 34 | 213 | 0.41000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 38 | 350 | 0.81250 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 22 | 299 | 1.22500 | | |
| 41 | हरिहर सिंह पिता स्व. गणेशी सिंह | 21.08.2013 | नरारीखुर्द | 12 | 335 | 0.27 | 4.41240 | नरेश सिंह (पुत्र) अवधेश सिंह (पुत्र) ममता देवी (पुत्रवधु) कन्हाई सिंह (पोता) |
| | | | नरारीखुर्द | 12 | 336 | 0.83 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 38 | 346 | 0.0191 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 38 | 220 | 0.0400 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 38 | 348 | 0.0667 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 32 | 331 | 0.1600 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 3 | 219/759 | 0.2100 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 3 | 167 | 0.2500 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 34 | 158 | 0.5700 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 38 | 351 | 0.6200 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 38 | 350 | 1.0666 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 12 | 337 | 0.11 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 12 | 338 | 0.20 | | |
| 42 | परिखा सिंह पिता स्व. हरिहर सिंह | 05.05.2022 | नरारीखुर्द | 12 | 338 | 0.00250 | 0.50000 | ममता देवी (पत्नी) |
| | | | नरारीखुर्द | 12 | 337 | 0.02625 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 12 | 336 | 0.07250 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 12 | 335 | 0.08000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 6 | 353 | 0.08625 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 6 | 352 | 0.00375 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 6 | 353/818 | 0.00750 | | |
| 43 | रामचन्द्र शर्मा पिता स्व. भजन मिस्त्री | 27.07.2022 | नरारीकला | 43 | 374 | 1.0750 | 1.77000 | रामराज शर्मा (पुत्र) शैलेश कुमार शर्मा (पुत्र) देवलगनी देवी (पत्नी) |
| | | | नरारीखुर्द | 12 | 446 | 0.0775 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 12 | 447 | 0.0825 | | |
| | | | नरारीकला | 20 | 303 | 0.1100 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 12 | 446 | 0.1425 | | |
| | | | नरारीकला | 20 | 310 | 0.2825 | | |
| 44 | रामरेखा सिंह पिता स्व. हरिहर सिंह | 08.02.2020 | नरारीखुर्द | 12 | 338 | 0.00250 | 0.50000 | कन्हाई सिंह (पुत्र) |
| | | | नरारीखुर्द | 12 | 337 | 0.02625 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 12 | 336 | 0.07250 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 12 | 335 | 0.08000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 6 | 353 | 0.08625 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 6 | 352 | 0.00375 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 6 | 353 | 0.01750 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 6 | 352 | 0.01750 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 6 | 353/818 | 0.18750 | | |
| 45 | रामसुन्दर सिंह पिता स्व. बाबुराम सिंह | 28.12.2015 | नरारीखुर्द | 11 | 536 | 0.2550 | 0.50000 | बिरेन्द्र कुमार सिंह (पुत्र) |
| 46 | शिवपुजन सिंह पिता स्व. निरामल सिंह | 30.11.2020 | नरारीखुर्द | 38 | 226 | 0.01750 | 2.23313 | बिपती देवी (पत्नी) विजेन्द्र सिंह (पुत्र) धर्मेन्दर सिंह (पुत्र) सुमेर सिंह (पुत्र) |
| | | | नरारीखुर्द | 38 | 227 | 0.01750 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 38 | 540 | 0.14063 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 38 | 542 | 0.23750 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 38 | 228 | 0.32500 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 38 | 539 | 0.63500 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 38 | 542 | 0.70500 | | |
| | | | नरारीकला | 4 | 207 | 0.15500 | | |
| 47 | श्यामनारायण सिंह पिता स्व. जानकी सिंह | 23.09.2023 | नरारीखुर्द | 6 | 219/750 | 0.14000 | 4.65260 | चन्द्रदेव सिंह (पुत्र) |
| | | | नरारीखुर्द | 32 | 173 | 0.15000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 38 | 299/793 | 0.03000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 6 | 218 | 0.39000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 6 | 218/751 | 0.12000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 34 | 404/846 | 0.06000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 6 | 218/752 | 0.10000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 6 | 218/753 | 0.08000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 6 | 218/754 | 0.06000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 6 | 218/755 | 0.05000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 6 | 218/756 | 0.20000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 34 | 299/794 | 0.03000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 14 | 332/814 | 0.22000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 34 | 402 | 0.07500 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 34 | 400 | 0.19000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 32 | 395 | 0.46000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 6 | 220/761 | 0.07000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 6 | 401/645 | 0.14330 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 38 | 383 | 0.30000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 34 | 404 | 0.31750 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 6 | 220/763 | 0.03000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 34 | 216 | 0.11680 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 28 | 378 | 0.40000 | | |
| | | | नरारीखुर्द | 3 | 394 | 0.92000 | | |
| 48 | राजेन्द्र चौधरी पिता स्व. सुबा चौधरी | 30.12.2021 | नरारीखुर्द | 38 | 223 | 0.00125 | 0.50000 | मनपतिया देवी (पत्नी) सुरेन्द्र चौधरी (पुत्र) विरेन्दर कुमार (पुत्र) |
| | | | नरारीखुर्द | 3 | 225 | 0.00125 | | |
| 49 | सीताराम चौधरी पिता स्व. शिव चौधरी | 13.06.2022 | नरारीखुर्द | 38 | 223 | 0.00500 | 0.50000 | विगनी देवी (पत्नी) कृष्णा चौधरी (पुत्र) मुनारिक चौधरी (पुत्र) मीना देवी (पुत्रवधु) |
| | | | नरारीखुर्द | 3 | 225 | 0.00500 | | |
| 50 | बैजनाथ सिंह पिता स्व. प्रमेश्वर सिंह | 07.12.2024 | सिमरा दुसाध | 6 | 138 | 0.0110 | 0.50000 | लालपरी देवी (पत्नी) डब्लु कुमार सिंह (पुत्र) रूदल कुमार सिंह (पुत्र) |
| | | | सिमरा दुसाध | 7 | 136 | 0.03234 | | |
| | | | सिमरा दुसाध | 6 | 138 | 0.01900 | | |
| 51 | दुधेश्वर सिंह पिता स्व. बनवारी सिंह | 22.07.2024 | सिमरा दुसाध | 5 | 149 | 0.03917 | 0.50000 | दुलारी देवी (पत्नी) दीपक कुमार (पुत्र) दिलीप कुमार (पुत्र) |
| | | | सिमरा दुसाध | 5 | 147 | 0.02500 | | |
| 52 | परमेश्वर राम पिता स्व. रघुनी राम | 20.06.2022 | बेलौटी | 20 | 500 | 0.1090 | 0.50000 | कन्हाई पासवान (पुत्र) अशोक राम (पुत्र) अरूण राम (पुत्र) सत्येन्द्र राम (पुत्र) मंजु देवी (पुत्री) संजुक्ता देवी (पुत्री) |
| | | | बेलौटी | 80 | 499 | 0.2700 | | |
| 53 | शर्मानंद पाल पिता स्व. शिव भगत पाल | 13.06.2022 | बेलौटी | 57 | 488 | 0.0300 | 0.50000 | शीला देवी (पत्नी) अभिषेक कुमार (पुत्र) रितेश कुमार (पुत्र) नितेश कुमार (पुत्र) |
| | | | बेलौटी | 57 | 488 | 0.1750 | | |

नबीनगर सुपर थर्मल पावर परियोजना, (एनएसटीपीपी) द्वारा वार्षिकी के बदले एक मुश्त राशि का भुगतान मृतक पंचाटी के परिवार के सदस्यों (उत्तराधिकारियों) के संयुक्त बैंक खाते में निर्गत किया जायेगा। यदि किसी भी व्यक्ति को मृतक पंचाटी के दावा करने वाले उत्तराधिकारी को "एक मुश्त राशि" निर्गत करने में आपत्ति है, तो सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर लिखित रूप से निम्न पते पर अपना दावा प्रस्तुत कर सकते हैं, अन्यथा यह समझा जायेगा कि किसी अन्य व्यक्ति का कोई आपत्ति नहीं है।

पत्राचार/दावा समर्पित करने का पताः

**ओंकार नाथ, अपर महाप्रबंधक (मा. सं.)**

**एनटीपीसी ली. (एनएसटीपीपी)**

पोस्ट–अदितिनगर, थाना–नरारीकला खूर्द, जिला–औरंगाबाद (बिहार), पिनकोड – 824303

ईमेलः (1) onkarnath@ntpc.co.in (2)deepakkumar50@ntpc.co.in

**Leading the Power Sector**


CMYK

# दस परीक्षा केंद्रों पर 4992 परीक्षार्थी आजमाएंगे अपना भाग्य

## 12 को आयोजित है मद्य निषेध विभाग के अवर निरीक्षक पद की परीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमुई।** बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग द्वारा विज्ञापित मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन विभाग में अवर निरीक्षक मद्य निषेध के पद पर नियुक्ति हेतु आगामी 12 जुलाई को आयोजित होने वाली प्रारंभिक लिखित प्रतियोगिता परीक्षा को लेकर जमुई जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी क्रम में डीएम के निर्देश पर समाहरणालय के सभा कक्ष में संयुक्त ब्रीफिंग का आयोजन किया गया। जिले के सभी प्रतिनियुक्त जोनल मजिस्ट्रेट्, स्टैटिक मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी और सभी दस परीक्षा केंद्रों के केन्द्राधीक्षक बैठक में उपस्थित थे। एडीएम रविकांत सिन्हा ने बैठक को संबोधित करते




हुए कहा कि परीक्षा को अत्यंत पारदर्शी, स्वच्छ, शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि परीक्षा के सफल संचालन के लिए बिहार लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम 2024 और बिहार परीक्षा संचालन अधिनियम 1981 के प्रावधानों को कड़ाई से लागू किया जाए और किसी भी प्रकार की शिथिलता बरतने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाए। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और अभ्यर्थियों की त्रिस्तरीय जाँच सुनिश्चित करने पर बल दिया। इस दौरान महिला अभ्यर्थियों की जाँच के लिए महिला पुलिसकर्मियों को तैनात करने तथा आधुनिक उपकरणों का उपयोग करने की हिदायत दी। कहा कि परीक्षा एकल पाली में पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 01.00 बजे तक आयोजित होगी, जिसके लिए अभ्यर्थियों की रिपोर्टिंग का समय पूर्वाह्न 09.30 बजे तय किया गया है। परीक्षा प्रारंभ होने से ठीक 30 मिनट पहले, यानी पूर्वाह्न 10.30 बजे परीक्षा केंद्रों के मुख्य द्वार निश्चित रूप से बंद कर दिए जाएंगे और इसके बाद किसी भी परिस्थिति में देर से आने वाले परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। सुरक्षा मानकों को रेखांकित करते हुए सख्त हिदायत दी गई कि परीक्षा केंद्र के भीतर मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, डिजिटल डायरी, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर या किसी भी तरह की इलेक्ट्रॉनिक व लिखित सामग्री ले जाना पूरी तरह वर्जित रहेगा और इस नियम का उल्लंघन करने वालों की उम्मीदवारी तुरंत रद्द कर दी जाएगी। पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विडियोग्राफी कराई जाएगी। परीक्षा के दौरान प्रत्येक परीक्षार्थी की बायोमेट्रिक उपस्थिति और फोटोग्राफी भी सुनिश्चित की जाएगी। ज्ञात हो कि इस परीक्षा के लिए जमुई जिले में कुल 10 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां कुल 4992 परीक्षार्थी शामिल होंगे। डीडीसी सुभाष चंद्र मंडल, एसडीएम सौरव कुमार, डीईओ धनंजय कुमार पासवान आदि ओहदेदार बैठक में उपस्थित थे।

# डीएम ने जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निष्पादन के दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमुई।** बिहार सरकार के 'सात निश्चय-3' के तहत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लोक-शिकायतों के त्वरित निवारण हेतु जमुई जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी अनुक्रम में शुक्रवार को डीएम के द्वारा समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में 'जनता दरबार' का आयोजन किया गया, जिसका मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का सीधे श्रवण कर उनका पारदर्शी, त्वरित और विधि सम्मत समाधान सुनिश्चित करना था। इस अवसर पर जिले के सुदूरवर्ती एवं ग्रामीण अंचलों से आए विभिन्न फरियादियों ने उपस्थित होकर अपनी-अपनी समस्याओं से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया, जिन्हें अत्यंत संवेदनशीलता और धैर्यपूर्वक सुनते हुए उनके निराकरण हेतु आश्वस्त किया गया। आयोजित इस जनता दरबार में विभिन्न लोक-कल्याणकारी एवं विकासात्मक



विभागों से संबंधित कुल 23 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों में भूमि विवाद, सीमांकन एवं दाखिल-खारिज की प्रधानता के कारण राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित सर्वाधिक 13 मामले दर्ज किए गए। इसके अतिरिक्त अनुमंडल लोक शिकायत निवारण कार्यालय से 4, ग्रामीण क्षेत्रों की विकास योजनाओं एवं बुनियादी अवसंरचना से जुड़े ग्रामीण विकास विभाग से 2 तथा स्थानीय स्वशासन, सुचारू विद्युत आपूर्ति एवं शहरी नागरिक सुविधाओं से संबंधित पंचायती राज विभाग, विद्युत विभाग व नगर परिषद से क्रमशः 1-1 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त सभी आवेदनों की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए जिला पदाधिकारी द्वारा त्वरित प्रशासनिक कार्रवाई की गई। उन्होंने कई मामलों में ऑन-स्पॉट संबंधित जिलास्तरीय एवं प्रखंडस्तरीय पदाधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से तथा दूरभाष के माध्यम से निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का एक निश्चित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करते हुए कृत कार्रवाई की प्रति जिला मुख्यालय को उपलब्ध कराई जाए। जिला पदाधिकारी ने आधिकारिक रूप से स्पष्ट किया कि जिला प्रशासन का प्राथमिक ध्येय आम जनता को 'सुगम जीवन' की अनुभूति कराना है, अतः जन-समस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर शिथिलता, अनावश्यक विलंब अथवा लापरवाही अक्षम्य होगी। जिला पदाधिकारी के इस त्वरित, नियमसंगत औरलोक-कल्याणकारी दृष्टिकोण के प्रति जनता दरबार में उपस्थित आवेदकों ने पूर्ण संतोष व्यक्त किया।

# भागलपुर स्टेशन पर मालदा मंडल यात्री निवास का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल अंतर्गत भागलपुर रेलवे स्टेशन यात्री निवास (स्लीपिंग पॉडस) सुविधा से युक्त इस मंडल का पहला स्टेशन बन गया है। यह उपलब्धि यात्रियों को आधुनिक एवं उन्नत सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में मालदा मंडल के सतत प्रयासों का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। मंडल की पहली स्लीपिंग पॉड्स सुविधा का आज मालदा के मंडल रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्तिक सिंह के पर्यवेक्षण में सफलतापूर्वक शुभारंभ किया गया। इस नये यात्री निवास की सुविधा यात्रियों को स्टेशन परिसर में ही आधुनिक, सुरक्षित एवं आरामदायक विश्राम की सुविधा प्रदान करेगी। इसका विशेष लाभ ट्रांजिट यात्रियों, पर्यटकों तथा कनेक्टिंग ट्रेन की प्रतीक्षा करने वाले यात्रियों को मिलेगा। यह सुविधा शीघ्र ही यात्रियों के उपयोग हेतु प्रारंभ की जाएगी, जिससे उन्हें किफायती दरों पर आरामदायक एवं सुविधाजनक विश्राम का बेहतर विकल्प उपलब्ध होगा। इस निवास में में 23 डबल-लेवल पॉड यूनिट स्थापित किए गए हैं, जिनमें कुल 46 बिस्तरों की व्यवस्था है। यात्रियों की गोपनीयता एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए दो निजी कक्ष (प्राइवेट रूम) भी उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अतिरिक्त, एक भारतीय शैली एवं एक पश्चिमी शैली के शौचालय सहित स्वच्छ एवं आधुनिक वॉशरूम की व्यवस्था की गई है। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अग्नि सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं, जिनमें फायर डिटेक्शन एवं अग्निशमन उपकरण शामिल हैं। स्लीपिंग पॉडस सुविधा का शुभारंभ मालदा रेल मंडल द्वारा रेलवे स्टेशनों के आधुनिकीकरण एवं विश्वस्तरीय यात्री सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

# 'सर्कुलर एवं हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था' पर विद्वानों ने किया मंथन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**कहलगांव (भागलपुर)।** शहर के प्रतिष्ठित शंकर साह विक्रमशिला महाविद्यालय परिसर में शुक्रवार से दो दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय सेमिनार का भव्य शुभारंभ हुआ। महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा इंडियन केमिकल सोसाइटी (भागलपुर चैप्टर) एवं एग्रो-इकोनॉमिक रिसर्च सेंटर (भागलपुर, भारत सरकार) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस संगोष्ठी का मुख्य विषय सर्कुलर और हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था के माध्यम से स्थिरता को बढ़ावा देना व चुनौतियां और अभिनव समाधान निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय की सामाजिक विज्ञान संकायाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) कुमारी सुदामा यादव व अन्य अतिथियों ने किया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि वर्तमान पर्यावरणीय और वैश्विक चुनौतियों के आलोक में यह




संगोष्ठी अत्यंत प्रासंगिक है। समाज के सतत विकास के लिए आधुनिक अर्थव्यवस्था के नए प्रतिमानों, विशेषकर सर्कुलर और हाइड्रोजन इकोनॉमी को समझना और अपनाना आज के समय की सबसे बड़ी मांग है। टीएमबीयू के कुलपति सह कार्यक्रम के चीफ पेट्रोन प्रो. विमलेन्दु शेखर झा ने अपने शुभकामना संदेश के माध्यम से इस शैक्षणिक प्रयास की सराहना की। उन्होंने इसे वर्तमान वैश्विक परिदृश्य के लिए बेहद जरूरी बताते हुए सेमिनार की सफलता की कामना की। सेमिनार के उद्घाटन सत्र में शैक्षणिक जगत के कई लब्ध-प्रतिष्ठित विद्वान विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए, जिनमें मुख्य रूप से प्रो. अशोक कुमार झा, प्रो. दीपू महतो, प्रो. (डॉ.) निर्मला कुमारी प्रो. अनिरुद्ध कुमार, डॉ. रंजन कुमार सिन्हा, डॉ. बलिराम प्रसाद सिंह, डॉ. प्रभात चन्द्रा लक्ष्मी मिश्रा। इस खास अवसर पर प्रो. देवाशीष सहित देश-विदेश के अनेक जाने-माने शिक्षाविद और शोधार्थी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़े रहे। सेमिनार के दूसरे तकनीकी सत्र में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए शोधार्थियों ने अपने उत्कृष्ट शोध पत्रों का वाचन किया और पर्यावरण स्थिरता के लिए अभिनव समाधान सुझाए। इस महत्वपूर्ण सत्र की अध्यक्षता प्रो. राजकुमार साह तथा प्रो. पवन कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से की। इससे पूर्व, कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए एसएसवी कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य सह संगोष्ठी संयोजक डॉ. राजेश कुमार मिश्र ने सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। और कॉलेज की निरंतर बढ़ती अकादमिक सक्रियता पर प्रकाश डाला। इस भव्य राष्ट्रीय संगोष्ठी को सफल बनाने में आयोजन सचिव डॉ. नमन कुमार, उमा शंकर पासवान तथा संयुक्त आयोजन सचिवों डॉ. निकेश कुमार, डॉ. कीर्ति वर्धन गौतम, डॉ. संतोष कुमार एवं डॉ. दिलीप कुमार चौधरी की भूमिका बेहद सराहनीय रही। मंच का संचालन डा. संतोष कुमार ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन दर्शनशास्त्र विभाग के डॉ. निकेश कुमार द्वारा किया गया। इस भव्य आयोजन में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों, गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों एवं छात्र-शोधार्थियों ने बढ़-चढ़कर अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

## एक नजर

### पांच बालिका खिलाड़ियों का चयन

**जमुई/खैरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शारीरिक शिक्षा कार्यालय जमुई द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय सुब्रतो मुखर्जी कप फुटबॉल प्रतियोगिता 2026-27 के अंडर-14 बालिका वर्ग के लिए जमुई जिला टीम में खैरा फुटबॉल एकेडमी की पांच खिलाड़ियों का चयन किया गया है। चयनित खिलाड़ियों में निशा कुमारी, वैश्णवी कुमारी, खुशी कुमारी, राधिका यादव और दीपिका कुमारी शामिल हैं। वहीं, एकेडमी के हेड कोच कृष्णानंद शर्मा भी टीम के साथ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे। खिलाड़ियों के चयन से खैरा क्षेत्र में खुशी का माहौल है। इस उपलब्धि पर जिला जदयू चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. दयानंद उर्फ द्रोणी तथा टीम मैनेजमेंट कोच राजीव पंडित ने सभी खिलाड़ियों और कोच को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी खिलाड़ी राज्य स्तर पर शानदार प्रदर्शन कर जमुई और खैरा का नाम रोशन करेंगी।

### पुलिस पर हमले के मामले में तीन गिरफ्तार

**जमुई/खैरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गरही थाना क्षेत्र में वाहन जांच के दौरान पुलिस टीम पर हमला कर शराब पीने के आरोप में हिरासत में लिए गए दो लोगों को छुड़ाने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन नामजद आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। यह कार्रवाई कंाड संख्या 96/26 में की गई है।मालूम हो कि सात जुलाई की शाम पुअनि. सर्जना कुमारी के नेतृत्व में गादी विशनपुर मोड़ पर वाहन जांच के दौरान दो बाइक चालकों को रोककर शराब सेवन की जांच की जा रही थी। इसी बीच 50 से 100 लोगों की भीड़ मौके पर पहुंच गई और पुलिस टीम के साथ धक्का-मुक्की, हाथापाई तथा हथियार छीनने का प्रयास करते हुए हिरासत में लिए गए दोनों लोगों को जबरन छुड़ा लिया। घटना में महिला सिपाही चांदनी कुमारी को भी दांत काटकर घायल कर दिया गया था। इस मामले में नौ नामजद समेत 50 से 100 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई थी। लगातार छापेमारी के दौरान पुलिस ने कंाड के नामजद अभियुक्त शंभू यादव (पिता स्व. मोहन यादव), ग्राम कुड़वाताड़, कन्हैया तांती (पिता हीरो उर्फ होरो तांती) एवं कारू तांती (पिता अर्जुन तांती), दोनों निवासी हरनी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गरही थानाध्यक्ष विपिन चंद्र पालटा ने बताया कि मामले के शेष फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### डकैती का वारंटी व मारपीट का आरोपित गिरफ्तार

**जमुई/चकाई (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** चंद्रमंडीह थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। पकड़े गए आरोपियों में एक डकैती कंाड का स्थाई वारंटी भी शामिल है। थानाध्यक्ष गजेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस को क्षेत्र में फरार अपराधियों और वारंटियों की मौजूदगी की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए छापेमारी की। इस दौरान डकैती कंाड के स्थाई वारंटी निरजामुद्दीन अंसारी ग्राम बाघमारा को घेराबंदी कर दबोच लिया गया। वहीं एक अन्य मामले में मारपीट के आरोपी टुनटुन यादव ग्राम सोनेया को भी पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने कहा कि दोनों आरोपी काफी समय से पुलिस की नजरों से बचकर छिपे हुए थे। पुलिस ने कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। अभियान में थानाध्यक्ष के अलावे एसआई नंदन कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### मंदिर के पास अज्ञात अधेड़ का शव मिला

**जमुई/खैरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** खैरा थाना क्षेत्र के अमारी पंचायत के डुमरकोला गांव स्थित बजरंगबली मंदिर के समीप शुक्रवार की शाम एक अज्ञात अधेड़ का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। स्थानीय लोगों ने शाम करीब चार बजे मंदिर के पास शव पड़ा देखा, जिसके बाद इसकी सूचना खैरा थाना पुलिस को दी गई।सूचना मिलते ही पुअनि. ईशा श्री पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, जमुई भेज दिया।फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है।

### जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला उपायुक्त रामनिवास यादव ने शुक्रवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार आयोजित कर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को कई मामलों में मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए तथा कई शिकायतों का ऑन-द-स्पॉट समाधान भी कराया जनता दरबार में बिजली बिल, भूमि विवाद, पेंशन, पारिवारिक कलह, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा, प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड तथा अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं। उपायुक्त ने अधिकारियों को प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया उपायुक्त ने कहा कि जनता दरबार प्रशासन और आम नागरिकों के बीच सीधे संवाद का प्रभावी माध्यम है। इससे लोगों की समस्याओं का शीघ्र समाधान होने के साथ-साथ प्रशासन के प्रति जनता का विश्वास भी मजबूत होता है। उन्होंने कहा कि जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव है, उनका नियमानुसार तुरंत निपटारा किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

# ट्रांसपोर्टर के घर लाखों की चोरी

## बेटी की शादी के जेवरात भी ले उड़े चोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बरही।** न्यू कॉलोनी में गुरुवार देर रात चोरों ने एक ट्रांसपोर्ट व्यवसायी के घर में बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर खिड़की और ग्रिल खोलकर घर में दाखिल हुए तथा लगभग 10 से 15 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। चोरी गए आभूषणों में व्यवसायी की बेटी की शादी के लिए सुरक्षित रखे गए जेवर भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार, पीड़ित ट्रांसपोर्ट व्यवसायी देवेंद्र सिंह घटना के समय अपनी पत्नी और पुत्री के साथ घर में सो रहे थे। चोर जिस कमरे में परिवार के सदस्य सो रहे थे, उसका दरवाजा बाहर से बंद कर दिया और इसके बाद घर में रखे कीमती आभूषण एवं अन्य सामान खंगालते रहे। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी जेवरात लेकर फरार हो गए। शुक्रवार सुबह घटना की जानकारी होने पर परिवार के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर बरही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा आवेदन के आधार पर अज्ञात चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद न्यू कॉलोनी के लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों ने क्षेत्र में रात्रि गश्ती बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने की मांग की है।

# साइबर ठगी करने वाले पांच अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** गिरिडीह पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर ताराटांड़ थाना क्षेत्र के मिडिल स्कूल ताराटांड़ के पीछे जंगल में छापेमारी कर साइबर थाना पुलिस ने पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी जंगल में बैठकर साइबर ठगी की वारदात को अंजाम देने की तैयारी कर रहे थे। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में स्वीकार किया कि वे लोगों को कस्टमर सुप्पोर्ट .ऐपक एवं विफईयरटेल .ऐपक नामक फर्जी ऐपक फाइल भेजकर उनके मोबाइल पर नियंत्रण हासिल करते थे और साइबर ठगी को अंजाम देते थे। इस मामले में गिरिडीह साइबर थाना कंाड संख्या 21/2026 दिनांक 10 जुलाई 2026 दर्ज किया गया है गिरफ्तार आरोपियों में जनार्दन मंडल (26), अशोक कुमार (24), बल्लू कुमार मंडल (26), दीपक कुमार मंडल (20) एवं विष्णु कुमार (23) शामिल हैं। सभी ताराटांड़ थाना क्षेत्र के निवासी हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से 10 मोबाइल फोन, 13 सिम कार्ड, एक लैपटॉप और चार मोटरसाइकिल बरामद की है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी अशोक कुमार साइबर ठगी के एक पुराने मामले में वर्ष 2020 में जेल जा चुका है, जबकि बल्लू कुमार मंडल भी साइबर ठगी और अन्य मामले में पहले जेल जा चुका है। यह कार्रवाई साइबर थाना प्रभारी रामेश्वर भगत के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने की, जिसमें साइबर थाना के अन्य पुलिसकर्मी एवं पुलिस लाइन से प्राप्त सशस्त्र बल शामिल थे। पुलिस मामले की आगे की जांच में जुटी हुई है।

# आजीविका गतिविधियों में तेजी लाने का डीसी ने दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में पलाश-जेएसएलपीएस (झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी) की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रशिक्षु आईएएस ऋत्विक मेहता, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, एवं जेएसएलपीएस के जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन जिला कार्यक्रम प्रबंधक (डीपीएम) ने किया। बैठक में पिछले माह की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की विस्तृत समीक्षा के साथ-साथ वित्तीय वर्ष 2026-27 के विभिन्न लक्ष्यों एवं उपलब्धियों की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कृषि, पशुपालन, किसान उत्पादक




संगठन (एफपीओ), उद्यमिता विकास, फूलो-झानो आशीर्वाद योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना, बैंक लिंकेज, स्वयं सहायता समूहों के सशक्तिकरण, सामाजिक समावेशन एवं अन्य आजीविका गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी प्रखंडों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी दीदियों की आय बढ़ाने के लिए नवाचार अपनाने तथा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया। बैठक में चैनपुर प्रखंड के चेडाबार बाजार में संचालित आजीविका गतिविधियों एवं वहां की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने पूर्व में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही बैंक लिंकेज, उद्यम पंजीकरण एवं एफएसएसएआई पंजीकरण जैसे लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत लाभुकों के चार आश्रितों को दो-दो लाख रुपये के डमी चेक प्रदान किए गए। इनमें आशा कुमारी (पति स्व. हेमंत कुमार रवि), सुनीता देवी (पति स्व. शिबन भूईयां), दिलदार अंसारी (पति स्व. नाबिया बीबी) एवं लक्ष्मण शर्मा (पत्नी स्व. रीना देवी) शामिल हैं। उपायुक्त श्री शेखावत ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक के उपरांत जेएसएलपीएस की ओर से आयोजित रक्तदान अभियान में स्वैच्छिक रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को उपायुक्त ने प्रशस्ति प्रमाण-पत्र एवं डोनर कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया तथा उनके इस मानवीय योगदान की सराहना की।

# जलजमाव से बढ़ी परेशानी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड की महेशवाड़ा पंचायत अंतर्गत वभनगामा गांव में जलजमाव की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है। राम प्रकाश चौधरी के घर से वभनगामा चौक तक सड़क पर लंबे समय से गंदा पानी जमा रहने के कारण ग्रामीणों का आवागमन बाधित हो गया है। यह मार्ग पहसारा-बखरी मुख्य सड़क तक पहुंचने का प्रमुख संपर्क मार्ग है, लेकिन जलनिकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से हल्की बारिश के बाद भी सड़क कई दिनों तक जलमग्न रहती है। ग्रामीणों के अनुसार जलजमाव वाला हिस्सा सड़क के पूरब वार्ड संख्या-15 तथा पश्चिम वार्ड संख्या-11 के बीच स्थित है, जिससे दोनों वार्डों के लोग प्रभावित हैं। सड़क पर गंदा पानी जमा रहने से पूरे इलाके में दुर्गंध फैल रही है, वहीं मच्छरों का प्रकोप भी लगातार बढ़ रहा है। इससे डेंगू, मलेरिया सहित अन्य संक्रामक बीमारियों की आशंका बढ़ गई है। शाम होते ही मच्छरों का आतंक इतना बढ़ जाता है कि लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण राम प्रकाश चौधरी, रामचंद्र ठाकुर, राजेश ठाकुर, मनोज साह और रामविलास साह ने बताया कि जलनिकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण वर्षों से यह समस्या बनी हुई है। सड़क पर जमा पानी और कीचड़ से होकर लोगों को बाजार, खेत, स्कूल तथा मुख्य सड़क तक जाना पड़ता है। कई बार राहगीरों के फिसलकर गिरने की भी आशंका बनी रहती है।ग्रामीणों ने पंचायत प्रतिनिधियों एवं प्रशासन से अविलंब स्थायी जलनिकासी की व्यवस्था कराने, नालों की सफाई कराने तथा सड़क पर जमा पानी की निकासी सुनिश्चित करने की मांग की है।

# वाद्य यंत्र हैं, गुरु नहीं, बंद डिब्बों में कैद हैं बच्चों के सपने

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जमुई/सिकंदरा।** सरकारी विद्यालयों में संगीत शिक्षा को बढ़ावा देने की महत्वाकांक्षी योजना संगीत शिक्षकों के अभाव में दम तोड़ती नजर आ रही है। शिक्षा विभाग ने लाखों रुपये खर्च कर तबला, हारमोनियम, की-बोर्ड, ढोलक, डफली और बांसुरी जैसे वाद्य यंत्र विद्यालयों को उपलब्ध करा दिए, लेकिन इन्हें सिखाने वाला शिक्षक नहीं होने से स्कूलों में ये सामान अब भी बंद डिब्बों में पड़े हैं। इससे बच्चों का संगीत सीखने का सपना अधूरा रह गया है। गौरतलब हो कि प्रखंड के 15 उच्च विद्यालय, 69 मध्य विद्यालय और 67 प्राथमिक विद्यालयों में संगीत सामग्री पहुंच चुकी है। प्राथमिक और मध्य विद्यालयों में संगीत शिक्षक का कोई पद ही स्वीकृत नहीं है, जबकि उच्च विद्यालयों में मात्र दो विद्यालयों को छोड़ अधिकांश जगह संगीत शिक्षक के पद रिक्त हैं। ऐसे में विभाग की यह योजना कागजों तक सीमित होकर रह गई है। विद्यालयों के शिक्षकों का कहना है कि वाद्य यंत्र उपलब्ध हैं, लेकिन प्रशिक्षित शिक्षक नहीं होने से संगीत की नियमित कक्षाएं संचालित नहीं हो पा रही हैं। अभिभावकों का कहना है कि जब तक नियमित संगीत शिक्षकों की नियुक्ति नहीं होती, तब तक सामान्य शिक्षकों को अल्पकालिक संगीत प्रशिक्षण देकर बच्चों को संगीत की प्राथमिक शिक्षा शुरू कराई जा सकती है। इससे सरकारी संसाधनों का भी सदुपयोग होगा और बच्चे भी संगीत में रुचि रखकर शिक्षा ले पाएंगे। बीइओ रूपम कुमारी का कहना है कि विभाग की ओर सभी विद्यालयों को संगीत सामग्री उपलब्ध करा दी गई है। मध्य एवं प्राथमिक विद्यालयों में संगीत शिक्षक का पद नहीं है, अधिकांश हाईस्कूलों में भी शिक्षकों की कमी है।

# सीएम के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा व्यवस्था रहेगी पुख्ता

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर डीएम ने जारी किये निर्देश, दिये गए टास्क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के वैशाली जिलांतर्गत हाजीपुर में प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर डीएम वर्षा सिंह के निर्देश पर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक सुरक्षा, विधि-व्यवस्था, यातायात नियंत्रण तथा आपातकालीन प्रबंधन की समुचित व्यवस्था की गई है। डीएम ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि सुरक्षा, प्रोटोकॉल, विधि-व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, चिकित्सा सुविधा, अग्निशमन व्यवस्था एवं अन्य प्रशासनिक तैयारियों में किसी प्रकार की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण सतर्कता, समन्वय एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित करेंगे। कार्यक्रम के मद्देनजर हेलीपैड, कार्यक्रम स्थल,



कारकेड मार्ग, जिला अवर निबंधन कार्यालय, सेफ हाउस, ग्रीन रूम एवं वैकल्पिक मार्गों पर विशेष सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। कार्यक्रम के पूर्व सभी महत्वपूर्ण स्थलों की एंटी-सबोटेज जांच बम निरोधक दस्ते द्वारा की जाएगी। प्रवेश द्वारों पर डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर, फ्रिस्किंग तथा कड़ी प्रवेश नियंत्रण व्यवस्था लागू रहेगी। हेलीपैड एवं कार्यक्रम स्थल के आसपास पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारी, सशस्त्र बल, लाठी बल तथा सादे लिबास में विशेष शाखा के कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। संवेदनशील स्थानों एवं ऊंची इमारतों पर भी निगरानी की विशेष व्यवस्था की जाएगी। महिलाओं की सुरक्षा जांच के लिए पृथक एनक्लोजर तथा मीडिया प्रतिनिधियों के लिए सुरक्षा मानकों के अनुरूप निर्धारित स्थान की व्यवस्था की गई है। हेलीपैड के आसपास झंडा, बैनर, पोस्टर, प्लास्टिक अथवा अन्य उड़ने योग्य सामग्री नहीं रखने के निर्देश दिए गए हैं। कार्यक्रम स्थल पर चिकित्सकों का दल, पैरामेडिकल स्टाफ, आवश्यक उपकरणों से युक्त एम्बुलेंस तथा अग्निशमन वाहनों की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। सदर अस्पताल, हाजीपुर को भी पूर्ण तैयारी की स्थिति में रखा गया है। यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए गंगाब्रिज, औद्योगिक क्षेत्र, सदर एवं नगर थाना क्षेत्रों सहित प्रमुख चौक-चौराहों, पुल-पुलियों, भीड़भाड़ वाले स्थानों एवं कार्यक्रम मार्गों पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। कारकेड मार्ग पर किसी भी प्रकार के अवैध पार्किंग अथवा बाधा को पूर्व में हटाने का निर्देश दिया गया है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों, वाहन चालकों एवं स्थानीय निवासियों से अपील की है कि वे यातायात पुलिस एवं प्रशासन द्वारा निर्धारित रूट प्लान का अनुपालन करें, प्रतिबंधित मार्गों पर वाहन लेकर न जाएं तथा वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करते हुए प्रशासन को सहयोग प्रदान करें। सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल को कार्यक्रम समाप्ति एवं भीड़ के पूर्ण रूप से तितर-बितर होने तक अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर सतर्कतापूर्वक उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया है।

### विशेष ट्रैफिक प्लान किये गए तैयार

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम के मद्देनजर यातायात व्यवस्था को सुचारु, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से दिनांक 11 जुलाई, 2026 के लिए विशेष ट्रैफिक प्लान जारी किया गया है। जारी यातायात व्यवस्था के अनुसार गांधी चौक से राजेंद्र चौक तक के मार्ग को नो व्हीकल जोन घोषित किया गया है। उक्त मार्ग पर किसी भी प्रकार के वाहन का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा। आमजन से अनुरोध है कि इस मार्ग का उपयोग न करते हुए वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग करें। इसी प्रकार रामाशीष चौक से गांधी चौक तक चार पहिया एवं तीन पहिया वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा। इस मार्ग से आने-जाने वाले वाहन चालक रामाशीष चौक से अंजानपीर होते हुए गांधी चौक-भंवरिया मार्ग का उपयोग कर सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान वैशाली समाहरणालय के मुख्य द्वार एवं अक्षयवट राय स्टेडियम परिसर को नो पार्किंग जोन घोषित किया गया है।

## सशक्त स्थाई समिति की बैठक में श्रावणी मेले और हरित शहर को लेकर चर्चा

**नगर परिषद**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** शुक्रवार को नगर परिषद हाजीपुर की सभापति डॉ. संगीता कुमारी की अध्यक्षता में नगर परिषद कार्यालय में सशक्त स्थायी समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में श्रावणी मेले की तैयारियों, शहर की साफ-सफाई, पर्यावरण संरक्षण तथा नागरिक सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा कर उन्हें स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में आगामी श्रावणी मेले को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रोड लेवलिंग, बैरिकेडिंग, लाइटिंग, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, सोखता निर्माण तथा आवश्यकता अनुसार अन्य आवश्यक कार्य कराने का निर्णय लिया गया। साथ ही शहर के प्रसिद्ध नगर महादेव बाबा पातालेश्वर नाथ मंदिर परिसर में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था, लाइटिंग, रोड लेवलिंग, सोखता निर्माण सहित अन्य जरूरी कार्यों को भी मंजूरी दी गई।

शहर में बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए सशक्त स्थायी समिति ने सड़कों के किनारे उपलब्ध भूमि पर व्यापक पौधारोपण कराने का निर्णय लिया। इसके लिए पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग से समन्वय स्थापित करने हेतु नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सुशील कुमार को अधिकृत किया गया।

बैठक में सशक्त स्थायी समिति के सदस्य अमित कुमार सिंह, सुधा देवी, प्रियंका पटेल, अजय सिंह, रंजीत कुमार, नगर प्रबंधक दीपक कुमार तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मत्स्य क्षेत्र में स्वरोजगार और आय वृद्धि की संभावनाओं को लेकर कार्यक्रम

### जिला मत्स्य कार्यालय परिसर में मछुआरा दिवस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**


**बेगूसराय।** जिला मत्स्य कार्यालय परिसर में शुक्रवार को विशेष मछुआरा दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य मत्स्य पालन एवं मत्स्यजीवियों के कल्याण से संबंधित सरकारी योजनाओं की जानकारी आमजन, मत्स्यजीवियों एवं प्रगतिशील किसानों तक पहुंचाना, मत्स्य उत्पादन को बढ़ावा देना तथा मत्स्य क्षेत्र में स्वरोजगार और आयवृद्धि की संभावनाओं को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम में मत्स्य पालन को ग्रामीण अर्थव्यवस्था, पोषण सुरक्षा तथा आत्मनिर्भर आजीविका के एक महत्वपूर्ण माध्यम के रूप में रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी सहित मत्स्य विभाग के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। इसके साथ ही मत्स्यजीवी सहयोग समिति के अध्यक्ष, मंत्री तथा जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रगतिशील किसानों ने भी सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान मत्स्य पालन से जुड़े वर्तमान परिदृश्य, विभागीय योजनाओं की उपयोगिता, मत्स्य संसाधनों के बेहतर प्रबंधन तथा मत्स्यजीवियों की सामाजिक-आर्थिक उन्नति से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला मत्स्य पदाधिकारी ने कहा कि मत्स्य पालन आज केवल पारंपरिक व्यवसाय तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन, आयवृद्धि और आर्थिक सशक्तिकरण का एक प्रभावी माध्यम बन चुका है। वैज्ञानिक पद्धति, आधुनिक तकनीक, गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीज, संतुलित आहार, तालाब प्रबंधन तथा विभागीय मार्गदर्शन के माध्यम से मत्स्य उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि की जा सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा मत्स्य क्षेत्र के विकास, मत्स्यजीवियों के हित संरक्षण तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिनका लाभ लेकर किसान एवं मत्स्यजीवी अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान मत्स्यजीवी सहयोग समिति के प्रतिनिधियों एवं प्रगतिशील किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए तथा मत्स्य पालन के क्षेत्र में आ रही चुनौतियों, संभावनाओं और विभागीय सहयोग की आवश्यकता पर अपने विचार रखे। इस अवसर पर मत्स्य पालन से जुड़े हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं, प्रशिक्षण, तकनीकी सहायता तथा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि मत्स्य पालन को संगठित, वैज्ञानिक एवं व्यावसायिक रूप देकर इसे जिले में रोजगार और विकास के मजबूत आधार के रूप में स्थापित किया जा सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने मत्स्यजीवियों एवं किसानों से अपील की कि वे सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाएं तथा आधुनिक मत्स्य पालन तकनीकों को अपनाकर उत्पादन एवं आय दोनों में वृद्धि करें। उन्होंने कहा कि मत्स्य क्षेत्र के समुचित विकास से न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे और पोषण सुरक्षा को भी बल मिलेगा।

## झमाझम बारिश से खिले किसानों के चेहरे

### एक महीने बाद हुई बारिश, अब शुरू होगी खरीफ की बुआई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह से रुक-रुक कर हो रही झमाझम बारिश ने किसानों के चेहरे पर खुशी लौटा दी है। लगभग एक महीने से बारिश के इंतजार में बैठे किसानों को अब खरीफ की बुआई के लिए अनुकूल मौसम मिल गया है। खरीफ फसल की बुआई का मध्य समय बीत जाने के बाद भी क्षेत्र में बारिश नहीं हो रही थी। खेतों में धूल उड़ रही थी। मजबूरी में कुछ किसान बिजली और डीजल संचालित पंपों से सिंचाई कर बुआई करने में जुटे थे। प्रखंड के अतरुआ, बसही, चुरामनचक,



पाली, मल्हीपुर, भगवानपुर सहित अन्य बहियार पूरी तरह सूखे थे। अनुमान के अनुसार अब तक सिर्फ 5 से 7 प्रतिशत किसान ही बुआई कर पाए थे। बाकी सभी किसान आसमान की तरफ टकटकी लगाए बारिश का इंतजार कर रहे थे। शुक्रवार की बारिश के बाद अब किसानों ने बीज भंडारन शुरू कर दिया है और खेतों में अनुकूल नमी आने का इंतजार है। किसानों का कहना है कि अब समय रहते मकई, धान और अन्य खरीफ फसलों की बुआई हो सकेगी। बारिश के साथ ही किसानों के लिए एक और अच्छी खबर आई है। दहिया और अतरुआ बहियार में फसल को नुकसान पहुंचाने वाले घोड़परास पर प्रशासनिक कार्रवाई से काबू पा लिया गया है। दहिया बहियार में दो दिनों में शूटरों द्वारा 114 घोड़परास मारे गए, वहीं अतरुआ-दादपुर बहियार में एक दिन में 31 घोड़परास का शिकार किया गया। इससे किसानों को उम्मीद है कि अब खरीफ फसल को घोड़परास से होने वाले नुकसान से बचाया जा सकेगा। उपरोक्त बहियारों में खरीफ सीजन में मकई की खेती सबसे अधिक होती है। बारिश होने से अब किसान महंगे बीज खरीद कर बुआई की तैयारी में जुट गए हैं। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि समय पर हुई यह बारिश मकई की उपज बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगी।किसान अनिल प्रसाद, पवन राय आदि ने संयुक्त रूप से कहा, एक महीने से धूप और गर्मी से फसल चौपट होने का डर था। आज की बारिश ने जान में जान डाल दी है। अब दिल खोलकर बुआई करेंगे।

## सिमरिया घाट पंडा टोला में मारपीट का आरोपित गिरफ्तार

**कार्रवाई**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बीहट।** चकिया थाना क्षेत्र के सिमरिया घाट पंडा टोला में बीते दिनों हुई मारपीट और गाली-गलौज के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। सोमवार को सिमरिया घाट पंडा टोला के निवासी सूरज कुमार झा ने चकिया थाने में एक लिखित आवेदन दिया था। आवेदन में उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके साथ बेरहमी से मारपीट की गई और भद्दी-भद्दी गालियां दी गई। पुलिस की कार्रवाई और गिरफ्तारी सूरज कुमार झा के लिखित आवेदन के आधार पर की गई। चकिया थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तुरंत प्राथमिकी दर्ज की। इस घटना को लेकर कांड संख्या 69/26 दर्ज की गई थी। चकिया थाना अध्यक्ष गौतम कुमार दास ने बताया कि आवेदन के आलोक में मामला दर्ज कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापामारी की जा रही थी। पुलिस की लगातार दबिश के कारण बृहस्पतिवार को चकिया पुलिस ने सिमरिया पंडा टोला शत्रुघ्न झा के पुत्र से मुख्य अभियुक्त विनय कुमार झा उम्र 45 वर्ष सिमरिया पांडा टोला से धर दबोचा।

## डाकघर समसा में विशेष शिविर का आयोजन

### 270 से अधिक खाते खुले, 10 आधार कार्ड बनाए गए

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड के समसा डाकघर परिसर में शुक्रवार को विशेष जनसुविधा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता शाखा डाकपाल कंचन कुमारी ने की। शिविर में ग्रामीणों को डाकघर की विभिन्न बचत योजनाओं, डिजिटल बैंकिंग सेवाओं, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक तथा आधार नामांकन एवं अपडेट की सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

मुख्य अतिथि एसबीआई के पंकज कुमार सिन्हा ने कहा कि वर्तमान समय में लेनदेन पूरी तरह डिजिटल होता जा रहा है। इसी बदलाव के अनुरूप डाक विभाग ने भी अपनी सेवाओं का आधुनिकीकरण किया है। अब डाकघरों में डिजिटल भुगतान की सुविधा उपलब्ध है, जिससे ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं के लिए इधर-उधर भटकने की आवश्यकता नहीं पड़ती। उन्होंने बताया कि जिन लोगों का अब तक आधार कार्ड नहीं बना है, उनके लिए भी डाकघर में आधार नामांकन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने ग्रामीणों से अपनी बचत को सुरक्षित रखने के लिए डाकघर की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कहा कि डाकघर में जमा राशि पूरी तरह सुरक्षित रहती है तथा सरकार द्वारा निर्धारित ब्याज भी मिलता है। इसके अलावा जीवन बीमा, आवर्ती जमा (आरडी), सावधि जमा (टीडी), बचत खाता और सुकन्या समृद्धि योजना जैसी योजनाएं ग्रामीणों के लिए लाभकारी हैं। सुकन्या योजना के माध्यम से बालिकाओं के भविष्य और उच्च शिक्षा व विवाह के लिए आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है। शिविर के दौरान आरडी एवं टीडी के करीब 200 खाते, बचत एवं सुकन्या समृद्धि योजना के 50 खाते, इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक के 10 खाते खोले गए। साथ ही 10 लोगों का आधार कार्ड भी बनाया गया।इस अवसर पर डॉ. राजकिशोर प्रसाद, डॉ. सत्यनारायण, संजय गोस्वामी, रामानंद चौधरी, अमरनाथ गोस्वामी, रंजीत पाठक, दीपक साह, अंजू देवी, मीरा देवी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पीएम उज्ज्वला योजना के तहत एलपीजी कनेक्शनों का इंस्टॉलेशन कार्य प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** जिला पदाधिकारी वैशाली, वर्षा सिंह के निर्देश में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत पूर्व से स्वीकृत एलपीजी कनेक्शनों का इंस्टॉलेशन कार्य जिले में पुनः प्रारंभ कर दिया गया है। मार्च माह से तत्कालीन भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण यह कार्य अस्थायी रूप से स्थगित था। वर्तमान में परिस्थितियां सामान्य होने के बाद संबंधित तेल विपणन कंपनियों एवं एलपीजी वितरक एजेंसियों के माध्यम से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में लाभार्थियों के घरों पर चरणबद्ध तरीके से एलपीजी कनेक्शन स्थापित किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने योजना के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला आपूर्ति कार्यालय, सभी संबंधित पदाधिकारियों तथा एलपीजी वितरक एजेंसियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि पूर्व से स्वीकृत प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक बिना किसी अनावश्यक विलंब के एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराया जाए तथा पूरी प्रक्रिया निर्धारित मानकों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप संपन्न हो। जिला प्रशासन के सतत अनुश्रवण में जिले के सभी संबंधित एलपीजी वितरक लाभार्थियों से संपर्क स्थापित कर उनके आवास पर एलपीजी कनेक्शन का इंस्टॉलेशन कर रहे हैं। कार्य की प्रगति की नियमित समीक्षा जिला स्तर पर की जा रही है, ताकि किसी भी स्तर पर उत्पन्न होने वाली समस्या का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा सके और सभी स्वीकृत लाभार्थियों को शीघ्र योजना का लाभ प्राप्त हो। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि इंस्टॉलेशन के दौरान सुरक्षा मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक लाभार्थी को एलपीजी सिलेंडर एवं गैस चूल्हे के सुरक्षित उपयोग, गैस रिसाव की स्थिति में बरती जाने वाली सावधानियों, अग्नि सुरक्षा उपायों तथा उपभोक्ता सुरक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाए, जिससे योजना का लाभ सुरक्षित एवं प्रभावी ढंग से प्राप्त हो सके। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की शिथिलता या अनावश्यक विलंब स्वीकार्य नहीं होगा। जिला प्रशासन द्वारा संपूर्ण प्रक्रिया की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है तथा आवश्यकता पड़ने पर संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा।

## भाकपा चलाएगी जनसंपर्क व जनकोष संग्रह अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** भाकपा की अंचल परिषद की बैठक शुक्रवार को नावकोठी में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व अंचल मंत्री गणेश महतो ने की। बैठक में संगठन विस्तार, जनसंपर्क अभियान और जनआंदोलनों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सूर्यकांत पासवान ने कहा कि वर्तमान समय में किसान, खेत मजदूर, नौजवान, महिलाएं, व्यवसायी तथा मध्यमवर्गीय परिवार अनेक आर्थिक एवं सामाजिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मजदूरों को पर्याप्त रोजगार नहीं मिल रहा है, किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं से युवाओं का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस एवं दैनिक उपयोग की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे आम लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र एवं राज्य सरकारें जनहित के मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भाकपा जनता के सहयोग से चलने वाली पार्टी है और जनता के अधिकारों की लड़ाई लगातार लड़ती रहेगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि 6 अगस्त से 15 अगस्त तक प्रखंड के सभी गांवों में जनसंपर्क एवं जनकोष संग्रह अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों की समस्याओं को सुनेंगे, उन्हें संकलित करेंगे तथा उनके समाधान के लिए जनआंदोलन की रणनीति तैयार करेंगे। साथ ही 20 सितंबर को प्रस्तावित दिल्ली मार्च में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया।

## एक नजर

### मजदूर हत्याकांड का खुलासा

**हाजीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुरुवार की देर रात गोरौल थाना क्षेत्र के कटरमाला में मजदूर की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले का वैशाली पुलिस ने 12 घण्टे के अंदर सफल उद्भेदन करते हुए मुख्य आरोपी ठेकेदार आशुतोष को गिरफ्तार कर लिया है साथ ही पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किये गये देशी कट्टा भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। इस बाबत एसपी शुभांक मिश्रा ने बताया कि गिरफ्तार आशुतोष की पत्नी का मृत अमित के साथ अवैध सम्बंध था जिससे सम्बंधित कुछ फोटो वीडियो मृतकके मोबाइल में था जिसे आरोपी आशुतोष ने देख लिया था इसी को लेकर आशुतोष ने अमित को मिलने के लिए बुलाया और नजदीक से सर में गोली मार दी। जिसमे मौके पर ही अमित की मौत हो गई थी। हालांकि परिजनों ने आशुतोष को ही मुख्य आरोपी बताया था और कहा था कि 5 साल मजदूरी कराने के बाद आशुतोष पैसा नहीं दे रहा था इसलिए अमित की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। एसपी ने बताया कि इस मामले एक सप्ताह के अंदर आरोप पत्र समर्पित किया जाएगा ताकि फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई हो और दो माह के अंदर आरोपी को सजा दिलाई जा सके।

### कुएं में गिरने से युवक की मौत

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** काजीसलपुर पंचायत के फतेहपुर गांव में गुरुवार देर शाम एक दर्दनाक हादसे में 31 वर्षीय युवक की कुएं में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है। मृतक की पहचान तेयाय ओपी क्षेत्र के काजीसलपुर पंचायत वार्ड संख्या 5 निवासी रामचंद्र महतो के नाती मृत्युंजय कुमार उर्फ छोटे के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, गुरुवार को लगभग रात 8 बजे मृत्युंजय घर के पास स्थित कुएं के लहरा पर बैठा था। इसी दौरान धोखे से वह अचानक लगभग 15-20 फीट गहरे पानी से भरे कुएं में जा गिरा। कुएं में अधिक पानी होने के कारण वह डूब गया।ग्रामीणों की मदद से रस्सी और झग्गर के सहारे शव को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।घटना की सूचना मिलते ही तेयाय ओपी प्रभारी कुमारी निकिता भारती पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचीं। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेजा गया। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को शव परिजनों को सौंप दिया गया, जिसके बाद अंतिम संस्कार कर दिया गया।घटना की खबर मिलते ही भाजपा मंडल उपाध्यक्ष गौतम कुमार स्थानीय मुखिया सह महंत प्रणव भारती और सरपंच अरविंद सिन्हा मृतक के घर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया और मृतक के आश्रितों को सरकारी सहायता दिलाने की मांग की। इस हृदयविदारक घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

### शराबी सहित दो गिरफ्तार

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव से छापेमारी कर दो लोगों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष राजू रंजन ने बताया कि थाना क्षेत्र के बभनगामा गांव से एक नशेड़ी को गिरफ्तार किया जिसकी पहचान जगदीश पासवान के पुत्र पप्पू पासवान और वीरपुर गांव निवासी राम सागर सिंह उर्फ राम सागर झा के पुत्र नवल किशोर सिंह उर्फ नवल किशोर झा को गिरफ्तार किया जिसके खिलाफ बलिया थाना कांड संख्या 223/04 के तहत न्यायालय से कुर्की वारंट जारी किया गया था।

### दरवाजे पर खड़ी बाइक चोरी

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी थाना क्षेत्र के पहसारा पंचायत के वार्ड संख्या 06 में घर के सामने खड़ी एक बाइक की चोरी का मामला सामने आया है। घटना को लेकर पीड़िता कोमल, पिता अशोक ठाकुर, ने नावकोठी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की है।

### बीपीआरओ ने संभाला बीइओ का प्रभार

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड शिक्षा कार्यालय भगवानपुर में शुक्रवार को प्रभार हस्तांतरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। बीआरसी भगवानपुर में प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के रूप में बीपीआरओ अमित अक्षय मिश्रा ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के बाद बीईओ अमित अक्षय मिश्रा ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को वे पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ निभाएंगे। उन्होंने अपनी प्राथमिकताएं गिनाते हुए कहा कि शिक्षकों की समस्याओं का त्वरित समाधान, सभी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना और सरकार की योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। हम मिलकर प्रखंड में शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाएंगे। पदभार ग्रहण समारोह में प्रखंड के शिक्षक नेता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने नए प्रभारी बीईओ का फूल-माला और बुके देकर स्वागत किया। मौके पर लेखापाल अरविंद कुमार शर्मा, एमडीएम बीआरपी, मो. दाउद आलम, ब्लॉक एमआईएस मिथलेश कुमार, संदीप कुमार, कमल कुमार मौर्य, और प्रधानाध्यापक अशोक कुमार सिंह सहित कई शिक्षक मौजूद थे।शिक्षकों ने उम्मीद जताई कि नए प्रभारी बीईओ के कार्यकाल में विद्यालयों की समस्याओं का समाधान होगा और शैक्षणिक माहौल और बेहतर होगा।

### ट्रांसफार्मर एवं पोल क्षतिग्रस्त

**हाजीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** महुआ के कढ़निया में एक अनियंत्रित वाहन के ठोकर से गुरुवार की देर रात्रि ट्रांसफार्मर एवं बिजली का पोल क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद आसपास के इलाके में विद्युत आपूर्ति ठप हो गई जिसके कारण उपभोक्ताओं में रोष व्याप्त है। हालांकि विभाग द्वारा क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर एवं बिजली के पोल को बदलकर विद्युत आपूर्ति बहाल करने की प्रक्रिया जारी है लेकिन स्थानीय लोगों ने बताया कि इसके पूर्व भी स्थानीय विधायक सह मंत्री को यहां बिजली की समस्या को लेकर लिखित आवेदन दिया गया था लेकिन आज तक उसे पर कोई विचार नहीं हो पाया। स्थानीय निवासी अमित कुमार सहित अन्य दर्जनों उपभोक्ताओं ने इस भीषण गर्मी के समय में विद्युत आपूर्ति ठप होने पर रोष व्यक्त किया है। स्थानीय लोगों का आरोप है की महुआ में बिजली की लचर व्यवस्था के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. : 175_2026-27, दिनांक: 09.07.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा -711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा के अधीन, कार्य का विवरण** : हावड़ा मंडल के एचबीसी में स्टेशन मधुसूदनपुर-चंदनपुर के बीच पीएससी स्लैब द्वारा अप-1/एचबीसी और डाउन1/एचबीसी के ब्रिज नंबर 62 (3X12.2 मीटर, वेल्डेड प्लेट गर्डर) के मौजूदा स्टील गर्डर को बदलना। **अनुमानित मूल्य** : रु. 1,96,07,176.10, **बयाना राशि** : रु. 3,92,200/-, **समापन अवधि** : स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक **30.07.2026 को 14.00 बजे।** निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-206/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# औरंगाबाद में 2.41 लाख पेंशनधारियों के खातों में पहुंचे 33 करोड़ रुपये

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत राज्य के पेंशनधारियों को जून माह की पेंशन राशि का प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से उनके बैंक खातों में अंतरण किया गया। इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण जिला औरंगाबाद में योजना भवन में किया गया जिसमें जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा सहित जिले के अन्य वरीय एवं जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के महत्व एवं पेंशनधारियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पेंशन राशि उपलब्ध कराने हेतु सरकार की प्रतिबद्धता को




रेखांकित किया गया। डीबीटी के माध्यम से राशि अंतरण से लाभुकों को सीधे उनके बैंक खातों में पेंशन राशि प्राप्त हो रही है, जिससे योजना में पारदर्शिता एवं सुगमता सुनिश्चित हुई है। औरंगाबाद जिले में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अंतर्गत कुल 2,41,163 लाभुकों के बैंक खातों में कुल 33,29,45,200/- (रुपये तैंतीस करोड़ उनतीस लाख पैंतालीस हजार दो सौ मात्र) की राशि का अंतरण किया गया। डीबीटी प्रणाली के कारण लाभार्थियों को समय पर राशि प्राप्त हो रही है जिससे बिचौलियों की भूमिका पूरी तरह समाप्त हो गई है। यह व्यवस्था वृद्धजनों को अपनी दैनिक जरूरतें बेहतर ढंग से पूरी करने में मदद कर रही है जबकि विधवा एवं दिव्यांग लाभार्थियों के लिए यह नियमित आय का एक प्रमुख स्त्रोत बन गया है। ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब परिवारों में यह अतिरिक्त राशि घरेलू आय बढ़ाने और जीवन स्तर सुधारने में सहायक सिद्ध हो रही है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के इस निर्णय को जिले के लाभार्थियों ने सराहा है। इसे कमजोर वर्गों के उत्थान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया है। जिला प्रशासन ने पेंशन वितरण प्रक्रिया को और अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने का संकल्प लिया है।

## साइबर पुलिस ने ठगी के 80 हजार रुपये कराया वापस

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** साइबर पुलिस ने ठगी के शिकार हुए एक युवक को 80 हजार रुपये बरामद कर वापस कराए हैं। साइबर हेल्पडेस्क टीम की त्वरित कार्रवाई से युवक को बड़ी राहत मिली है। जानकारी के अनुसार, बीते दिनों देवकुंड थाना क्षेत्र में ओरानी गांव निवासी चंद्रबिलाश चौधरी के पुत्र प्रमोद चौधरी का अज्ञात साइबर ठगों ने यूपीआई के माध्यम से धोखे से 80 हजार रुपये फ्रॉड कर लिया। ठगी का अहसास होने पर प्रमोद ने तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद साइबर पुलिस ने शिकायत की गंभीरता पर छानबीन की शुरू की। मामले में साइबर पुलिस उपाधीक्षक मंगलेश कुमार सिंह की टीम ने संबंधित न्यायालय से आदेश प्राप्त कर बैंक से समन्वय स्थापित करते हुए संदिग्ध खाते को फ्रीज कराया। पुलिस की प्रभावी कार्रवाई के चलते पूरे 80 हजार रुपये की धनराशि प्रमोद को वापस करा दिए।

# लूटकांड में फरार 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बारून पुलिस ने 50 हजार रूपये के इनामी अंतर जिला कुख्यात अपराधी उपेन्द्र पासवान को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी गया जिले के गुरूआ थाना क्षेत्र के काज गांव का रहने वाला है। इसके खिलाफ औरंगाबाद और गया जिले के विभिन्न थानों में अपराधिक मामले दर्ज है जिसमें यह बीते काफी दिनों से फरार चल रहा था। जानकारी के अनुसार बारून थाना क्षेत्र के कोचाढ़ गांव में 11 जून 2026 को एक घर में अज्ञात अपराधियों ने डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। घटना को लेकर उस गांव निवासी सुनिल कुमार की पत्नी स्मृति कुमारी ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि 8 से 9 की संख्या में अज्ञात अपराधियों द्वारा सोने-चाँदी के बने आभूषणों एवं नकद राशि की डकैती कर ली है। कांड की गंभीरता पर पुलिस अधीक्षक के द्वारा सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन किया गया। गठित एसआईटी के द्वारा सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन, तकनीकी विश्लेषण एवं आसूचना संकलन के आधार पर गया जिले के आमस थानान्तर्गत महापुर वृंदावन मोड़ के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया जिसकी पहचान औरंगाबाद जिले के 50 हजार के इनामी कुख्यात अपराधी उपेन्द्र पासवान के रूप में की गई। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ ने बताया कि पूछताछ के क्रम में उपेन्द्र पासवान ने बारून थाना क्षेत्र के कोचाढ़ में डकैती की वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उसने बताया कि मैं अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर कंचनपुर (देव) थानान्तर्गत विश्रामपुर में डकैती की घटना को अंजाम दिया था। कांड में डकैती किए गये अल्पमूल्य वाले समानों को मिल्का नदी के किनारे फ़ेक दिया गया हैं। तत्पश्चात गठित एसआईटी द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए उसके निशानदेही पर उक्त समानों को बरामद किया गया। इसके पूर्व उस कांड में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका हैं। उन्होंने बताया कि कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापामारी की जा रही है जल्द ही गिरफ्तारी सुनिश्चित कर ली जाएगी। बताया कि पकड़े गए उपेंद्र पासवान के पास से एक आयरन, एक चार्जर आदि बरामद किया गया है। इसका अपराधिक इतिहास रहा है। इसके खिलाफ़ औरंगाबाद जिले के कंचनपुर (देव), अंबा, देव, औरंगाबाद मुफस्सिल, के अलावा गया जिले के गुरुआ एवं बाराचट्टी में एक-एक, कुटुंबा, सलैया म एवं आमस में दो-दो अपराधिक मामला दर्ज है। आवश्यक कार्रवाई के बाद उपेंद्र को जेल भेज दिया गया।

# कार की ठोकर से किशोर की मौत, दो जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओबरा थाना क्षेत्र के देवकली मोड़ के पास तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे पैदल जा रहे तीन लोगों को रौंद दिया जिसमें एक किशोर की मौत हो गई जबकि दो गंभीर रूप से जख्मी हो गए। मृतक की पहचान मनीष कुमार (8)के रूप में हुई है जबकि घायलों में रोहित कुमार (10) और रामेश्वर साव शामिल हैं। जानकारी के अनुसार देवकली बिगहा निवासी रामेश्वर साव सब्जी बेचकर घर लौट रहे थे। रोहित और मनीष बाजार से किताब खरीदकर अपने गांव वापस जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने तीनों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों सड़क पर गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तत्काल सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद मनीष कुमार को सदर अस्पताल से मगध मेडिकल कॉलेज गयाजी रेफर किया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। किशोर की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। शुक्रवार की सुबह मनीष कुमार की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित लोगों ने देवकली मोड़ पर औरंगाबाद-पटना मुख्य पथ को जाम कर दिया जिसमें यातायात प्रभावित हो गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी की तत्काल गिरफ्तारी, मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया है जबकि फरार चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि आरोपी चालक की पहचान की जा रही है। किशोर के शव का पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है।

# कचरा प्रोसेसिंग को लगेगा एमआरएफ प्लांट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** समाहरणालय सभाकक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में ज़िले के शहरी स्थानीय निकायों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर परिषद औरंगाबाद, नगर परिषद दाउदनगर, नगर पंचायत रफीगंज, नवीनगर, देव एवं नगर पंचायत बारून, मदनपुर एवं जम्होर में मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ), कम्पोस्ट प्लांट तथा सैनिटरी लैंडफिल की स्थापना हेतु भूमि की उपलब्धता एवं प्रस्तावित स्थलों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक शहरी स्थानीय निकाय में इन परियोजनाओं के लिए उपयुक्त भूमि का शीघ्र चयन एवं उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, ताकि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन से जुड़ी योजनाओं का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन हो सके। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण-अनुकूल शहरों के निर्माण के लिए वैज्ञानिक पद्धति से ठोस अपशिष्ट का प्रबंधन अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए भूमि उपलब्धता से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण किया जाए। बैठक के दौरान विभिन्न शहरी निकायों में उपलब्ध भूमि, प्रस्तावित स्थलों तथा लंबित मामलों की बिंदुवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि हस्तांतरण एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करते हुए नियमित रूप से प्रगति प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए, जिससे एमआरएफ, कम्पोस्ट प्लांट एवं सैनिटरी लैंडफिल की स्थापना में किसी प्रकार की विलंब की स्थिति उत्पन्न न हो। बैठक में अपर समाहर्ता, वरीय उप समाहर्ता श्वेता प्रियदर्शी, वरीय उप समाहर्ता रितेश यादव, सभी संबंधित शहरी स्थानीय निकायों के कार्यपालक पदाधिकारी तथा अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

## किशोर की हत्या में अभियुक्त दोषी करार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला जज राजीव रंजन कुमार ने रिसियप थाना में दर्ज एक कांड में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एकमात्र अभियुक्त को एक बच्चे की हत्या कर शव को छिपाने में दोषी करार दिया है। लोक अभियोजक अजय कुमार ने बताया कि प्राथमिक अभियुक्त थाना क्षेत्र के गडरा गांव निवासी सुरेन्द्र मेहता को किशोर के अपहरण के बाद हत्या में दोषी पाते हुए बंधपत्र विखंडित कर जेल भेज दिया है। सज़ा की बिंदु पर सुनवाई की तिथि 20 जुलाई निर्धारित की गया है। अभियोजन की ओर से 12 गवाही हुई थी। प्राथमिक सूचक गडरा गांव के महेंद्र मेहता ने अभियुक्त पर नाबालिग लड़का विवेक कुमार का अपहरण का आरोप लगाया था जिसकी तीन माह बाद नहर से शव बरामद हुई थी। परिजनों ने शर्ट, बेल्ट और दांत से मृत बच्चे की पहचान की। सूचक का अभियुक्त से पूर्व ज़मीनी विवाद था।

# आर्म्स एक्ट में दोषी को तीन वर्ष की सजा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** अनुमंडलीय न्यायिक दंडाधिकारी विकास कुमार की अदालत ने शुक्रवार को खुदवां थाना कांड संख्या 08/2024 में आरोपी अंटू पांडे उर्फ बॉस पांडे को आर्म्स एक्ट की धारा 25(1बी)(ए) एवं 26 के तहत दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। आरोपी को धारा 25(1बी)(ए) के तहत 3 वर्ष का साधारण कारावास एवं 10 हजार जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना नहीं भरने पर 03 माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना पड़ेगा। तथा धारा 26 के तहत एज वर्ष का साधारण कारावास एवं पांच हजार जुर्माना दिया गया है। जुर्माना नहीं भरने पर एक माह का अतिरिक्त कारावास साधारण रूप से भुगतना पड़ेगा। दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी तथा कानून के अनुसार सेट-ऑफ का लाभ प्रदान किया गया है। न्यायालय ने अपने निर्णय में यह स्पष्ट संकेत दिया कि अवैध हथियारों से जुड़े मामलों में किसी प्रकार की उदारता नहीं बरती जाएगी। न्यायालय का मानना है कि बिना लाइसेंस या अवैध हथियार रखने के मामलों में सजा का उद्देश्य केवल दंड नहीं बल्कि समाज में भय एवं रोकथाम स्थापित करना भी है ताकि ऐसे अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। पिछले छह माह के दौरान इस न्यायालय द्वारा आर्म्स एक्ट से संबंधित कई मामलों में दोषसिद्ध अभियुक्तों को सजा सुनाई गई है जिससे यह स्पष्ट संदेश गया है कि अवैध हथियार रखने वालों के विरुद्ध कठोर रुख अपनाया जा रहा है। न्यायालय की यह कार्यप्रणाली कानून के शासन को मजबूत करनेकी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# ईंट लदा ट्रैक्टर पलटने से मजदूर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** देव प्रखंड अंतर्गत कंचनपुर थाना क्षेत्र के पचोखर-सुंदर बिगहा गांव के बीच पानी टंकी के समीप ईंट लदे ट्रैक्टर के पलटने से एक मजदूर की दबकर मौत हो गई। मृतक की पहचान देव थाना क्षेत्र के रघुनी बिगहा निवासी 28 वर्षीय धनंजय रिकियासन के रूप में हुई है। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी। धनंजय मजदूरी करता था और घोड़ाडीह स्थित एक ईंट-भट्ठे से ट्रैक्टर पर ईंट लादकर किसी स्थान पर पहुंचाने जा रहा था। ईंट लेकर जा रहे चालक ने पचोखर-सुंदर बिगहा गांव के बीच पानी टंकी के पास ट्रैक्टर से नियंत्रण खो दिया जिसके बाद ट्रैक्टर इंजन और ट्रॉली समेत सड़क किनारे करीब 20 फीट गड्ढे में पलट गया। इस दौरान ट्रैक्टर पर बैठा धनंजय ट्रैक्टर पर लदे ईंट के नीचे दब गया और सिर पर चोट लगने से उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और धनंजय को गंभीर रूप से घायल समझकर इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण भी घटनास्थल पर जुट गए। सूचना मिलने पर कंचनपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। प्रभारी थानाध्यक्ष सुभाष कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण चालक का गाड़ी से नियंत्रण खोना बताया जा रहा है। दुर्घटनाग्रस्त ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। हादसे के बाद फरार चालक की तलाश की जा रही है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## इवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का डीएम ने किया निरीक्षण

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** सदर प्रखंड परिसर अंतर्गत अवस्थित इवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा मासिक निरीक्षण किया गया। विदित हो कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार ईवीएम एवं वीवीपैट वेयरहाउस का नियमित निरीक्षण किया जाना अपेक्षित है ताकि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता, विश्वसनीयता एवं सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस में सुरक्षित रखे गए ईवीएम एवं वीवी पैट के रख-रखाव, सुरक्षा व्यवस्था तथा संधारित अभिलेखों की गहन जांच की गई। जिला निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित सभी मानकों एवं दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाए रखा जाए। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मो. गजाली उपस्थित थे।

# विभिन्न मामलों में 48 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में गुरुवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 48 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 16 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार डकैती में एक, पुलिस पर हमला मामले में एक, मद्य निषेध अधिनियम के तहत पांच तथा अन्य मामलों में 41 लोगों की गिरफ्तारी की गई। इस क्रम में एक बाइक, दो मोबाईल, दो सोने का झुमका, एक मंगलसूत्र, 6 मोती एवं 6 मूंगा बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1186 वाहनों की जांच की गई जिसमें 22500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। साइबर थाना की पुलिस द्वारा 30 हजार रूपये रिकवरी किया गया है। इसके अलावा 41 वारंट एवं 27 कुर्की का निष्पादन किया गया है। पुलिस पदाधिकारी के अनुसार जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के बीच कानून के प्रति जागरूकता का संदेश भी गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

## ठगी करने वाले दो शातिर अंतर जिला अपराधी गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** आभूषण साफ करने के नाम पर ठगी करने वाले दो शातिर अंतर जिला अपराधियों को रिसियप पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अपराधियों की पहचान बेगूसराय जिले के नावकोठी थाना क्षेत्र के सिकंदर कुमार एवं समस्तीपुर जिले के हसनपुर थाना क्षेत्र के मन्टून साह के रूप में की गई है। इनके पास से सोने का आभूषण के साथ अन्य सामग्री बरामद की गयी है। पुलिस इनके आपराधिक इतिहास का पता लगा रही है। दरअसल 19 नवंबर 2025 को वादी के द्वारा लिखित आवेदन के माध्यम से रिसियप थानाध्यक्ष को सूचना मिली थी कि 18 नवंबर को धनुबिगहा स्थित उनके घर में दो अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा साफ-सफाई करने के नाम पर आभूषणों की ठगी कर ली गई हैं। इस संदर्भ में लिखित आवेदन के आधार पर रिसियप थाना में अज्ञात अपराधकर्मियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई। इसके बाद पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन, तकनीकी विश्लेषण एवं आसूचना संकलन के आधार पर रिसियप थाना मोड़ के पास से दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। तलाशी के क्रम में उनके बाइक के सीट के नीचे से सोने का आभूषण एवं अन्य समानों बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ ने बताया कि पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपना अपराध स्वीकार किया है।

## स्थायी लोक अदालत में समझौता योग्य यातायात चालान की होगी सुनवाई

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** समझौता योग्य यातायात चालान मामलों का निस्तारण अब स्थायी लोक अदालत में संभव है। स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष एवं सेवानिवृत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक राज ने बताया कि स्थायी लोक अदालत द्वारा सार्वजनिक उपयोगिता सेवाओं से संबंधित मामलों का निस्तारण पूर्व से किया जाता रहा है। इन सेवाओं में वायु, सड़क एवं जल परिवहन सेवा, डाक, टेलीग्राफ एवं टेलीफोन सेवा, विद्युत, जलापूर्ति, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवा, अस्पताल एवं डिस्पेंसरी सेवा, बीमा सेवा, शैक्षणिक संस्थान, आवास एवं भू-संपदा सेवा आदि से संबंधित विवाद शामिल हैं।

बिहार सरकार

## पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

**कृषि वानिकी (अन्य प्रजाति) योजना में शामिल होने का सुनहरा अवसर**

**कृषकों के लिए खुशखबरी**

पौधे लगाएं, पर्यावरण बचाएं। आमदनी और हरियाली बढ़ायें।

वृक्षों से लाभ: अतिरिक्त आय | तापमान में संतुलन | जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव से बचाव | स्वच्छ वायु | हरित आवरण में वृद्धि

मात्र ₹10 प्रति पौधे की सुरक्षित राशि देकर पौधे प्राप्त करें। 3 वर्ष पश्चात् 50 प्रतिशत या उससे अधिक पौधे जीवित रहने की स्थिति में ₹60 प्रति पौधा प्रोत्साहन राशि के साथ–साथ सुरक्षित जमा राशि ₹10 भी वापस कर दिया जायेगा।

कृषकों से अनुरोध है कि,
योजना अन्तर्गत सुरक्षित राशि ₹10/– प्रति पौधा भुगतान करने हेतु संबंधित वन प्रमण्डल पदाधिकारी के कार्यालय में संपर्क कर निम्न माध्यमों से राशि का भुगतान करें।
1. सुरक्षित राशि Fixed Deposit या NSC जिसकी वैधता 15 जून 2029 तक हो के माध्यम से संबंधित वन प्रमण्डल पदाधिकारी के पदनाम से उपलब्ध करायी जा सकती है।
या
2. नगद राशि भी जमा किया जा सकता है।

**आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि : 31.07.2026**

⇒ अधिक जानकारी के लिए कार्यालय अवधि में हमें कॉल करें : 0612–2226911
⇒ संलग्न आवेदन पत्र भरकर, स्थानीय वन प्रमण्डल या वन प्रक्षेत्र कार्यालय में सुरक्षित राशि ₹10/– प्रति पौधा के साथ समर्पित करें।

विस्तृत जानकारी एवं शर्तों के लिए https://state.bihar.gov.in/cache/36/Media%20Gallery/Scheme%20Info/krishivaniki%20_os.pdf लिंक पर क्लिक करें या hariyalimission@gmail.com पर ई. मेल करें।

DEFCCofficial

जल जीवन हरियाली

### कृषि वानिकी–अन्य प्रजाति योजना में शामिल होने के लिए आवेदन प्रपत्र

1. वन प्रमंडल का नाम :– ............ 2. जिला का नाम :–............
3. वन प्रक्षेत्र इकाई का नाम :– ............ 4. प्रखंड का नाम :–............
5. आवेदक का नाम :–............ 6. पिता/पति का नाम :–............
7. पेशा :–............ 8. जन्म तिथि :–............
9. स्थायी पता :– ............
10.वर्तमान पत्राचार का पता :– ............
(दूरभाष/मोबाईल नं0) ............ 11. ई–मेल (यदि हो) :– ............
12. भूमि का विवरण :–

| क्र0 | खाता नं0 | खेसरा नं0 | रकबा (एकड़ में) | रसीद सं0/वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

13. समूह में आवेदन करने पर भूमि की विवरणी (जगह कम पड़ने पर अलग पृष्ठ में विवरणी संलग्न करें।)

| क्र0 | खाता नं0 | खेसरा नं0 | रकबा (एकड़ में) | रसीद सं0/वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |

14. प्रस्तावित वृक्षारोपण (कृपया ✓ करें)
(क) फार्म वानिकी (पूरी भूमि पर)
(ख) कृषि वानिकी (कृषि फसलों के साथ या मेड़ पर)
15. इच्छित प्रजाति का नाम लिखें।

| क्र0 सं0 | प्रजाति का नाम | पौधों की संख्या |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

16. बैंक खाता विवरणी :–

| बैंक खाता नं0 | बैंक का नाम एंव शाखा | I.F.S.C कोड |
|---|---|---|
| | | |

17. घोषणा :– मैं स्वेच्छा से अपनी भूमि पर वृक्षारोपण करना चाहता/चाहती हूँ तथा रोपित पौधों की सुरक्षा एवं संपोषण की जिम्मेदारी लेता/लेती हूँ। वृक्षों के परिपक्व होने अथवा आँधी तूफान में गिरने/सूखने की स्थिति में ही इन पौधों की कटाई आवश्यकतानुसार करूँगा/करूँगी। पौधों का सुरक्षित मूल्य देने के लिए मैं सहमत हूँ।
संलग्न अभिलेख की विवरणी
1.
2.
3.

आवेदक का हस्ताक्षर एवं पूरा नाम
(तिथि के साथ)

PR No.- 007556 (Forest)D. 2026-27